# खंड शिक्षा अधिकारी पर लगा अभद्रता करने का आरोप

## आक्रोशित अध्यापकों में देखने को मिला खंड शिक्षा अधिकारी के विरुद्ध भारी आक्रोश,की गई नारे बाजी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। गोसाईगंज खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर शिक्षकों ने गुरुवार को जम कर नारेबाजी की,सभी में भारी आक्रोश देखने को मिला। खंड शिक्षा अधिकारी पर शिक्षक नेताओं से अभद्रता करने के साथ ही शिक्षकों का काम न करने का आरोप लगाते हुए उन पर कार्रवाई करने की मांग की गई।गोसाईगंज ब्लाक के खंड शिक्षा अधिकारी रामराज पर अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए शिक्षकों ने स्कूल छूटने के बाद बीआरसी पहुंच कर नारेबाजी की। शिक्षकों का कहना था कि विभिन्न कार्यों के लिए वह लोग शिक्षक संघ के नेताओं से कहते हैं। हमारे नेता खंड शिक्षा अधिकारी से वार्ता करते हैं क्योंकि बिना कहे फाइलें लंबित रहती हैं।शिक्षकों ने कहा कि खंड शिक्षा अधिकारी रामराज ने बुधवार को शिक्षक संघ के अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह से अभद्र व्यवहार किया। वह शिक्षकों के चयन वेतन मान और अन्य कार्यों के लिए बात करने गए थे। शिक्षकों का कहना था कि खंड शिक्षा अधिकारी रामराज ने शिक्षक संघ अध्यक्ष से कुछ शिक्षिकाओं के सामने अभद्रता करते हुए कहा कि तुम्हारे कहने से कोई कम नहीं होगा। उन्होंने कार्यालय के बाबुओं को बुला कर कहा कि किसी पदाधिकारी का काम न करना जब तक शिक्षक शिक्षिका आकर न मिलें। संगठन का आरोप है कि ऐसा वसूली के लिए कहा गया है लेकिन वसूली नहीं होने दी जाएगी। शिक्षक यह मुद्दा जिला और प्रदेश तक के जाने का इरादा बना चुके हैं।खंड शिक्षा अधिकारी रामराज के व्यवहार से व्यथित शिक्षक संघ अध्यक्ष रात भर सोये नहीं और रात में ही शिक्षक साथियों को इस दुर्व्यवहार से अवगत कराया। खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा अध्यक्ष के साथ किए गए गलत व्यवहार से आक्रोशित शिक्षक गुरुवार को स्कूल बंद करने के बाद खंड शिक्षा अधिकारी के कार्यालय पर पहुंच गए और नारेबाजी की।कार्यालय पर शिक्षक संघ अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, मंत्री अतीश कुमार कोषाध्यक्ष हसीन अहमद सहित करीब ढाई सौ शिक्षक मौजूद रहे।शिक्षकों ने कहा है कि निजी अमान्य स्कूलों को लाभ पहुंचाने का काम किया जा रहा है जिसकी जांच होनी चाहिए और यह भी जांच होनी चाहिए कि बिना मान्यता के कितने स्कूल चल रहे हैं।

## पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह का हुआ भव्य स्वागत



मोहनलालगंज, लखनऊ। भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह का गुरुवार को लखनऊ से शिवगढ़ जाते समय मोहनलालगंज मे भव्य स्वागत किया गया। इस स्वागत समारोह में लोगों ने फूल-मालाओं से उनका ज़ोरदार अभिनंदन किया। स्वागत कार्यक्रम की अगुवाई ठाकुर प्रदीप सिंह एडवोकेट ने की। उन्होंने अतिथि के प्रति आभार जताते हुए कहा कि बृजभूषण शरण सिंह ने सदैव क्षेत्रीय विकास और कुश्ती जैसे पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने में अग्रणी भूमिका निभाई है। उनके नेतृत्व में कुश्ती को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिली। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से एडवोकेट सोनू त्रिपाठी, एडवोकेट हर्ष सिंह, शीतला प्रसाद शर्मा, नवीन शुक्ल, देवेंद्र सिंह प्रधान समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## मोबाइल झपटमारी में लिप्त दो नाबालिग गिरफ्तार, चोरी की चार बाइकें भी बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । जिले के पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र में पुलिस ने मोबाइल झपटमारी के एक मामले में दो नाबालिग अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से छीना गया मोबाइल फोन और चोरी की चार मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। यह कार्रवाई 14 जुलाई को पूजा सिंह की शिकायत पर की गई। पूजा सिंह ने पूरामुफ्ती थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह को बताया था कि ऑटो में यात्रा के दौरान बाइक सवार दो बदमाश उनका मोबाइल छीनकर फरार हो गए थे।शिकायत मिलते ही सक्रिय हुई पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मंदर चौराहे से पावन गांव की ओर जाने वाले रेलवे अंडरपास के पास घेराबंदी कर दोनों नाबालिगों को दबोच लिया। तलाशी में छिना गया मोबाइल बरामद हो गया।पूछताछ में अभियुक्तों ने चार चोरी की मोटरसाइकिलों के बारे में भी खुलासा किया, जिन्हें बाद में बरामद कर लिया गया।थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह के मुताबिक, एक नाबालिग पर पहले से 10 और दूसरे पर 8 मुकदमे दर्ज हैं। यह कार्रवाई प्रयागराज में बढ़ रही झपटमारी और वाहन चोरी की घटनाओं पर लगाम लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण सफलता मानी जा रही है।

## तहसील जिला से लेकर डिप्टी सीएम तक की शिकायत फिर भी नहीं हो सका समाधान



कोरांव, प्रयागराज । में नाली और चकमार्ग के अतिक्रमण का मामला सामने आया है। दबंगों द्वारा नाली और चकमार्ग को अपने चक में मिलाकर कृषि कार्य के लिए उपयोग किया जा रहा है, जिससे लगभग 300 बीघे जमीन असिंचित होने की स्थिति में है।शिकायतकर्ता नीरज पांडे एडवोकेट ने तहसील, जिला और प्रदेश की राजधानी लखनऊ में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के यहां शिकायती प्रार्थना पत्र दिया है। निस्तारण हेतु निर्देश भी दिया गया है, लेकिन तहसील स्तर के अधिकारी निस्तारण करने की जगह चुप बैठे हैं। ऐसा आरोप शिकायतकर्ता द्वारा लगाया जा रहा शिकायतकर्ता बार–बार अधिकारियों के दफ्तर में चक्कर लगा रहा है, लेकिन केवल निराशा हाथ लग रही है। समस्या का निस्तारण नहीं किया गया, तो पीड़ित काश्तकारों को लेकर आमरण अनशन पर बैठेगा।

## तेज बारिश और आंधी से नैनी क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति ठप, उपभोक्ता बेहाल

प्रयागराज । जिले में बीती रात आई तेज बारिश और तूफ़ानी हवाओं ने नैनी के परेरहाट स्थित कॉटन मिल विद्युत उपकेंद्र से जुड़ी विद्युत आपूर्ति को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया।रात आधी रात के बाद अचानक बिजली आपूर्ति बंद हो गई, जिससे हजारों उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बरसात के मौसम में अंधेरे और पानी की समस्या ने लोगों की मुसीबतें बढ़ा दीं।उपकेंद्र के संचालक ने जानकारी दी कि संडवा कॉम्प्लेक्स से आने वाली 33 केवीए लाइन में फॉल्ट आने से आपूर्ति बाधित हो गई। वैकल्पिक व्यवस्था के तहत जेल रोड उपकेंद्र से लिंक कर आपूर्ति बहाल की गई, जो भोर में लगभग 5 बजे चालू हो सकी।हालांकि, यह राहत अधिक समय तक टिक नहीं सकी और सुबह 7 बजे फिर से बिजली गुल हो गई। जानकारी के अनुसार, अरीवा और सब्ज़ी मंडी क्षेत्र में पेड़ गिरने से लाइन बाधित हो गई है। विभाग के मुताबिक 6 घंटे तक आपूर्ति बहाल नहीं हो सकेगी।इस लंबे बिजली संकट से उपभोक्ताओं को पेयजल, रसोई और अन्य दैनिक कार्यों में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अब तक कई घंटे से ज्यादा का समय बीत चुका है, लेकिन आपूर्ति बहाल नहीं हो पाई है।स्थानीय लोगों ने विद्युत विभाग की धीमी कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई है और त्वरित सुधार कार्य की मांग की है।

## गंगा–यमुना उफान पर, खतरे के निशान से 4 मीटर नीचे

प्रयागराज । शहर में गंगा और यमुना नदियों का जलस्तर लगातार चर्चा में है। बीते दिनों हुई भारी बारिश के कारण दोनों नदियां उफान पर हैं, लेकिन राहत की बात यह है कि फिलहाल ये दोनों नदियां खतरे के निशान से करीब 4 मीटर नीचे बह रही हैं।पिछले 24 घंटे में जलस्तर में मामूली गिरावट दर्ज की गई है।गंगा नदी का जलस्तर फाफामऊ में 31 सेंटीमीटर घटकर 81.54 मीटर,और छतनाग में 45 सेंटीमीटर घटकर 80.46 मीटर रहा।यमुना नदी का जलस्तर नैनी में 57 सेंटीमीटर घटकर 81.00 मीटर दर्ज किया गया।प्रशासन के अनुसार, प्रयागराज के संगम क्षेत्र में खतरे का निशान 84.734 मीटर तय है। वर्तमान स्थिति के अनुसार कोई तत्काल बाढ़ खतरा नहीं है, लेकिन सतर्कता बरती जा रही है। जल निगम और प्रशासन की टीमें लगातार निगरानी कर रही हैं, ताकि जलस्तर में किसी भी अचानक वृद्धि की स्थिति में राहत कार्य तेजी से शुरू किया जा सके। स्थानीय निवासियों से भी सावधानी बरतने की अपील की गई है।

## नैनी चक रघुनाथ के जमुना नगर में जल संस्थान की लापरवाही से सीवर समस्या गंभीर, लोग परेशान

प्रयागराज । जिले के नैनी क्षेत्र स्थित चक रघुनाथ के जमुना नगर मोहल्ले में जल संस्थान की घोर लापरवाही के चलते सीवर ओवरफ्लो की समस्या विकराल रूप धारण कर चुकी है। गली में सीवर का गंदा पानी घरों तक घुस चुका है, जिससे स्थानीय निवासी बेहद परेशान हैं।मोहल्लेवासियों ने बताया कि सीवर लाइन वर्षों से खराब पड़ी है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया।स्थानीय पार्षद राकेश जायसवाल ने दावा किया है कि जल्द ही नई सीवर लाइन बिछाई जाएगी, जिससे लोगों की परेशानी दूर होगी।हालांकि, लोग इससे संतुष्ट नहीं हैं। उनका आरोप है कि नगर निगम और जल संस्थान की निष्क्रियता के कारण क्षेत्र में हालात बद से बदतर हो चुके हैं।जानकारी के अनुसार, नगर निगम द्वारा गली में मोटर लगाकर पानी निकालने की व्यवस्था की गई थी, लेकिन मोटर तो रख दी गई, ऑपरेटर हफ्तों से नदारद हैं, जिससे कोई राहत नहीं मिल पा रही है।मोहल्लेवासियों ने जल्द सुधार कार्य की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि अगर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

## निर्माण कार्यों का मंडलायुक्त ने की समीक्षा

गोरखपुर। मंडलायुक्त सभागार में 10 करोड़ से अधिक के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक मंडलायुक्त अनिल ढींगरा की अध्यक्षता में आयोजित की गई बैठक में प्रमुख रूप से जीडीए उपाध्यक्ष आनंद वर्धन सीडीओ शाश्वत त्रिपुरारी डीएफओ विकास यादव एडीएम प्रशासन सहदेव मिश्र मुख्य राजस्व अधिकारी हिमांशु वर्मा एसडीएम सदर दीपक कुमार गुप्ता डिप्टी कलेक्टर/ तहसीलदार सदर ज्ञान प्रताप सिंह सहित संबंधित विभागों के संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## दो असलहा तस्करों को किया गिरफ्तार




वाराणसी। अवैध असलहो की तस्करी करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह के पूर्वाचल में सक्रिय होने की सूचनायें प्राप्त हो रही थी। इस सम्बन्ध में एस0टी0एफ0 की विभिन्न इकाईयो/टीमों को अभिसूचना संकलन एवं कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था जिसके अनुपालन में एसटीएफ फील्ड इकाई, वाराणसी द्वारा अभिसूचना संकलन की कायवाही प्रारम्भ की गयी एवं अभिसूचना तंत्र को सक्रिय किया गया। निरीक्षक अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में अभिसूचना संकलन की कार्यवाही के दौरान मिलिट्री इण्टलीजेन्स द्वारा भी एस0टी0एफ0 वाराणसी में सम्पर्क कर वाराणसी एवं इसके आस–पास के जनपदों में असलहा तस्करों के सक्रिय होने की अभिसूचना को साझा किया गया। विश्वस्त सूत्र द्वारा ज्ञात हुआ कि मुंगेर (बिहार) के सक्रिय असलहा तस्कर गोविन्द साव का आदमी भोला साव भारी मात्रा में अवैध असलहा लेकर स्थानीय असलहा तस्कर समर बहादुर सिंह उर्फ मोनू को देने के लिये वाराणसी आने वाला है। इस सूचना पर एस0टी0एफ0 टीम द्वारा बावन बीघा रिंग रोड अण्डर पास थाना लालपुर पाण्डेयपुर जनपद वाराणसी से 02 असलहा तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया, जिनके पास से उपरोक्त बरामदगी हुई।

## प्रयाग पेटल्स प्ले स्कूल में शुरू हुआ संवेदनशील शिक्षा का नया अध्याय

### 2 से 4 वर्ष के बच्चों के लिए प्रवेश प्रारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन, मुख्यालय द्वारा प्रयागराज के रेलगांव कॉलोनी, सूबेदारगंज में स्थापित 'प्रयाग पेटल्स प्ले स्कूल' एक अभिनव पहल के रूप में सामने आया है। यह स्कूल न केवल रेलवे कर्मियों बल्कि आम नागरिकों के बच्चों के लिए भी सुरक्षित, सजीव और संवेदनशील प्रारंभिक शिक्षा का अवसर प्रदान करता है।श्रीमती चेतना जोशी, अध्यक्षा, महिला कल्याण संगठन के मार्गदर्शन में शुरू हुए इस विद्यालय में 'कहानी-कथन आधारित शिक्षण पद्धति' को अपनाया गया है, जिससे बच्चों की जिज्ञासा, कल्पनाशक्ति और आत्मविश्वास को बढ़ावा मिलता है।सचिव श्रीमती रिचा वर्मा ने बताया कि 2 से 4 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए यह स्कूल विशेष रूप से वातानुकूलित कक्षों, सीसीटीवी निगरानी, ऑडियो-विजुअल शिक्षण और रचनात्मक गतिविधियों से सुसज्जित है।प्रयाग पेटल्स शिक्षा को केवल किताबों तक सीमित न रखकर बच्चों के समग्र विकास, सामाजिक जिम्मेदारी और संवेदनशीलता को केंद्र में रखकर आगे बढ़ रहा है। वर्तमान में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है।

## डीआईजी ने किया कुशीनगर का वार्षिक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर । गोरखपुर रेंज के डीआईजी सिवासिंपी चिनप्पा द्वारा बुधवार को कुशीनगर में वार्षिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस कार्यालय के सभी शाखाओं का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण को अभिलेखों के उचित रखरखाव व अद्यावधिक किये जाने तथा साफ-सफाई हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। साथ ही थाना पडरौना में वार्षिक निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय के प्रचलित अभिलेखों,महिला / साइबर हेल्प डेस्क,जनसुनवाई कक्ष,भोजनालय व मालखाना का निरीक्षण कर अभिलेखों के उचित रखरखाव व अद्यावधिक किये जाने तथा साफ-सफाई हेतु संबधित को निर्देश दिये गये। तथा पडरौना थाने में वार्षिक निरीक्षण के दौरान थाना क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों व चौकीदारों की संगोष्ठी आयोजित कर चौकीदारों को टार्च आदि वितरित किया गया एवं उनके दायित्व/ग्राम सुरक्षा के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए । इसी के साथ थाना पडरौना का वार्षिक निरीक्षण किया गया जिसके उपरांत थाने पर बीपीओ व उपनिरीक्षकगण की संगोष्ठी आयोजित कर उन्हे ड्यूटी के दौरान,संयम,धैर्य,निष्ठा के साथ कर्तव्य पालन करने एवं उनके दायित्व के संबंध में बताया गया व आवश्यक निर्देश दिए गए।

## तख्त पर बैठे अधेड़ पर बिजली का तार टूटकर गिरा,मौके पर मौत

उन्नाव। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र अंतर्गत गाजियापुरवा गांव में आज बुधवार शाम घर के बाहर तख्त पर अधेड़ बैठा हुआ था.इसी दौरान केबल टूटकर अधेड़ के ऊपर गिर गई.जिससे वह बुरी तरह से झुलस गया.और मौके पर दम तोड़ दी.परिजन आनन फानन में अधेड़ को सीएचसी बांगरमऊ लेकर आए जहां पर मौजूद चिकित्सक ने मृत्यु घोषित कर दिया.मृत्यु की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई.मिली जानकारी के अनुसार फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र अंतर्गत गाजियापुरवा निवासी रामपाल पुत्र रघु उम्र 58 वर्ष शाम को घर के बाहर तख्त पर बैठा हुआ था.इसी दौरान यह हादसा हुआ और उसकी मौत हो गई.परिजन बिना पुलिस को सूचना दिए शव घर ले जाने की बात पर अड़े रह।

## भटहट में विद्यालयों का मर्जर गैरकानूनी : नरेन्द्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर । उत्तर प्रदेश शासन के आदेशानुसार इनदिनों 50 से कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों का मर्जर नजदीकी विद्यालय पर किया जा रहा है । परन्तु खण्ड शिक्षा अधिकारी भटहट द्वारा नियमविरुद्ध तरीके से एक संकुल से दूसरे संकुल पर विद्यालय का मर्जर कर दिया गया है जिसकी दूरी 3 किलोमीटर है जबकि मात्र 300 मीटर की भी दूरी पर विद्यालय है स्थित है जिसपर मर्जर किया जा सकता था । उक्त बातें उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद गोरखपुर के ब्लाक इकाई भटहट अध्यक्ष नरेन्द्र प्रताप सिंह ने प्राथमिक विद्यालय चिउटहा पर शिक्षक-अभिभावक बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा । ब्लाक मंत्री जितेन्द्र कुमार मिश्र ने कहा कि विद्यालय रिकार्ड के अनुसार प्रेरणा एप पर गत वर्ष छात्र संख्या 51 अंकित है , सभी बच्चों का आधार नही होने के कारण उ डायस पर छात्र संख्या 35 दर्ज है जिसे आधार बना कर शिक्षा विभाग द्वारा प्राथमिक विद्यालय चिउटहा का मर्जर तीन किलोमीटर दूर प्राथमिक विद्यालय भलुही पर कर दिया गया है । जबकि वर्तमान सत्र में छात्र संख्या 58 हो गया है जबकि मर्जर का आंकड़ा 50 से कम छात्र संख्या है । इतना ही नही इसी विकास खण्ड के प्राथमिक विद्यालय आबादी सखनी भैरवा का मर्जर कम्पोजिट विद्यालय पिपरी कर दिया गया है जबकि गत वर्ष उ डायस पर नामांकन 59 था और वर्तमान सत्र में भी नामांकन 55 है फिर भी नियमविरुद्ध मर्जर कर दिया गया । बैठक को वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामकिशुन गुप्ता,उपाध्यक्षगण मदन तिवारी, अनिल कुमार पांडेय द्वितीय मनोज कुमार,मीडिया प्रभारी रमेश मणि त्रिपाठी, संयुक्तगण मंत्री सुरेंद्र सिंह,पुण्डरीक्ष पाण्डेय,मुकेश कुमार,सत्येंद्र सिंह,कौशल कुशवाहा,गाजी सैय्यद आला,अनीता चौधरी ने भी सम्बोधित किया तथा इस अवसर पर मुख्यरूप से श्रीमती सुमन,पूजा अग्रहरी, प्रीति सिंह,जयराम प्रसाद,इफ्तिखार अहमद,कृतिका मिश्रा,ओम प्रकाश गिरी,गार्गी मिश्रा सहित अनेकों सम्भ्रांत व्यक्ति व अभिभावक उपस्थित थे।

## राजेन्द्र नगर से नई दिल्ली के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस शुरू, 18 जुलाई को उद्घाटन स्पेशल ट्रेन

प्रयागराज। भारतीय रेल द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए राजेन्द्र नगर नई दिल्ली के बीच नई अमृत भारत एक्सप्रेस के संचालन का निर्णय लिया गया है। इसका शुभारंभ 18 जुलाई 2025 को उद्घाटन विशेष गाड़ियों के रूप में किया जाएगा।18 जुलाई को गाड़ी संख्या 03261 राजेन्द्र नगर से नई दिल्ली और 19 जुलाई को गाड़ी संख्या 03262 नई दिल्ली से राजेन्द्र नगर के लिए चलेगी। इन उद्घाटन गाड़ियों में कुल 22 कोच होंगे, जिनमें सामान्य, स्लीपर और भोजनयान कोच शामिल हैं।इस सेवा का नियमित संचालन गाड़ी संख्या 22361 के रूप में 31 जुलाई से राजेन्द्र नगर से और गाड़ी संख्या 22362 के रूप में 1 अगस्त से नई दिल्ली से प्रारंभ होगा। यह ट्रेन प्रतिदिन चलेगी।यात्रा के दौरान यह गाड़ी पटना, दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., सूबेदारगंज, गोविन्दपुरी और गाज़ियाबाद जैसे प्रमुख स्टेशनों पर रुकेगी।रेल प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि समय-सारणी व अन्य जानकारी के लिए हेल्पलाइन 139, टथद्घ्य ख्रथदथद ऐप या वेबसाइट www.railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी ने बताया कि यह सेवा यात्रियों को बेहतर सुविधा और तेज यात्रा अनुभव प्रदान करेगी।

## मुख्य राजस्व अधिकारी ने कराई 48 रजिस्ट्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोरखपुर। महानगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में सडक चौडीकरण में जिनकी भूमि अधिग्रहित सरकार द्वारा की जा रही है उसमें सरकार द्वारा भूमि मालिको को अधिग्रहीत भूमि का मुआवजा देने के बाद रजिस्ट्री आफिस में प्रति दिन रजिस्ट्री कराया जा रहाफिल हाल शासन के निर्देश पर दिये जा रहे मुआवजे की धनराशि के पश्चात उन भू-स्वामियों से रजिस्ट्री कराने की प्रक्रिया को पूर्ण कराने में मुख्य राजस्व अधिकारी लीन है जिससे जिले के विकास कार्यों को अमली जामा पहनाया जा सके।फिलहाल मुआवजे की धनराशि भुगतान के पश्चात जिलाधिकारी द्वारा दी गयी रजिस्ट्री कराने की जिम्मेदारी को मुख्य राजस्व अधिकारी बेहतर तरीके से निर्वहन कर रहे हैं।बता दे कि आज रजिस्ट्री के बावत तिनकोनिया नंबर एक व दो में 15 रजिस्ट्री जंगल धुषण में दस व महताब राय में तीन तो रामपुर नयन में तीन व विरासत गलियारा में 17 रजिस्ट्री आज मुख्य राजस्व अधिकारी द्वारा रिजस्ट्री ऑफिस पहुंच कर कराया गया है।

## मुख्यालय पर बने रेलवे स्टेशन पर अब रुकेगी स्वर्ण शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

उन्नाव। सांसद डाक्टर साक्षी महराज ने जनपद में विकास और गौरव में एक नया अध्याय जोड़ दिया। राजधानी लखनऊ और देश की राजधानी नई दिल्ली के बीच चलने वाली सुपरफास्ट ट्रेन स्वर्ण शताब्दी एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 12003/12004) का ठहराव उन्नाव जंक्शन पर स्वीकृत कर दिया गया है। यह ऐतिहासिक निर्णय केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उन्नाव के सांसद डॉ. साक्षी महाराज के अनुरोध पर लिया है। सांसद द्वारा 20 दिसंबर 2023 को भेजे गए पत्र पर संज्ञान लेते हुए, मंत्री ने 16 जुलाई 2025 को स्वीकृति पत्र जारी किया। ठहराव का समयः उन्नाव से दिल्ली जाने वाली ट्रेन (12003) 04:29 बजे एक मिनट का ठहराव। शाम दिल्ली से लखनऊ आने वाली ट्रेन (12004) पूर्वाह्न 11:50 बजे एक मिनट का ठहराव। क्या होगा



असरः यह ठहराव उन्नाव की जनता की वर्षों पुरानी मांग की पूर्ति है।यात्रियों को अब सीधे दिल्ली और लखनऊ जैसे बड़े शहरों तक तेज, सुगम यात्रा की सुविधा मिलेगी। अर्थव्यवस्था, व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच में आसानी होगी। इससे जिले की औद्योगिक और सामाजिक गतिविधियों को भी नया बल मिलेगा। डॉ. साक्षी महाराज ने इस विषय को बार-बार केंद्र सरकार के समक्ष मजबूती से उठाया और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। यह उपलब्धि उनकी जनप्रतिबद्धता और निरंतर प्रयासों का परिणाम है।

## नहर तैरता मिला अज्ञात शव पहचान करने प्रयास

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के ललऊ खेड़ा चौकी के पास नहर में एक अज्ञात युवक का शव मिला। स्थानीय लोगों ने नहर में तैरते शव को देखकर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही ललऊ खेड़ा पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने बंबा की मदद से शव को नहर से बाहर निकलवाया। शव की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल की मोर्चरी में भेज दिया है। सदर कोतवाली प्रभारी अवनीश सिंह के अनुसार मामले की गहन जांच की जा रही है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में लापता व्यक्तियों की जानकारी जुटा रही है। मृतक की पहचान होने के बाद ही मौत के कारणों का पता लग सकेगा।

उत्तर रेलवे

ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक/फ्रेट, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य/उ.रे. |
|---|---|
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ATM-LKO-LKO-Gen-36-25-1 (ATM General) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.07.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 31.07.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 31.07.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ATM-LKO-BSB-Gen-39-25-1 (ATM General) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.07.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 31.07.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 31.07.2025 समय 10:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ATM-LKO-AMG-Gen-22-24-2 (ATM General) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.07.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 31.07.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 31.07.2025 समय 10:50 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ATM-LKO-LKO-Gen-35-25-1 (ATM General) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.07.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 31.07.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 31.07.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ATM-LKO-LKO-Gen-43-25-1 (ATM General) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.07.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 31.07.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 31.07.2025 समय 11:10 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ATM-LKO-LKO-Gen-42-25-1 (ATM General) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.07.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 31.07.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 31.07.2025 समय 11:20 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

2164/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# धर्मयोद्धा सम्मान से सम्मानित हुए डॉ. दिनेश शर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू महासंघ भारत के पांचवे स्थापना दिवस के मौके पर धर्मयोद्धा सम्मान समारोह का आयोजन राजाजीपुरम में किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि राज्य सभा सदस्य डा दिनेश शर्मा व अध्यक्षता सुनील शुक्ला ने की। कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ दीप प्रज्जवलित कर भगवान श्रीराम व भगवान शिव के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। इस मौके पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील शुक्ला ने मुख्य अतिथि राज्य सभा सदस्य डा दिनेश शर्मा को फरसा व अंगवस्त्र प्रतीक चिन्ह देकर धर्मयोद्धा सम्मान से सम्मानित किया। तो वहीं विभिन्न क्षेत्र में समाज के हित काम कर रहे सुमित कटियार, अनिल शुक्ला, सुधाकर त्रिपाठी, महादेव बाबा, कोतवालेश्वर महादेव मंदिर महंत विशाल गौढ़, नीरज अवस्थी, यूएन पाण्डेय, राजीव मिश्रा सहित कई लोगों को अंगवस्त्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। वहीं डा दिनेश शर्मा ने कहा कि हिन्दू धर्म नहीं संस्कृति है। क्योंकि भारत देश भिन्न भिन्न धर्म जाति के लोग आपसी भाई चारे के साथ रहते है। वहीं संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील शुक्ला से स्थापना दिवस के मौके पर कार्यकर्ताओं भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने की मांग को लेकर नवम्बर माह में प्रदेश कार्यालय से अयोध्याधाम तक विशाल यात्रा निकालने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मंगल पाण्डेय, लोकेश द्विवेदी, मयंक त्रिपाठी, अंकित निगम, सूरज पाण्डेय, ज्ञान प्रकाश अवस्थी, अर्पित शुक्ला, प्रेमस्वरूप मिश्रा, आनन्द शंकर पाठक, महंत अर्जुन गिर्ज, दीपक आर्य, सुनील सिंह चौहान, कृष्ण कुमार पाण्डेय, दीपक भाटिया, अमन वर्मा, नितिन गोस्वामी, डीसी शुक्ला, पिंकू कुमार, प्रख्यात मिश्रा, चंद्र प्रकाश गुप्ता, महेश कुमार, राजू ठाकुर, ठाकुर श्रवण सिंह, पूनम तिवारी, नागेन्द्र सिंह, अजय दीक्षित, पुष्कर सिंह, आकाश वर्मा, शिवम सैनी, हरिसिंह चौहान, प्रिंस ठाकुर, सुनील त्रिपाठी, सौरभ दुबे, हर्ष कटियार, प्रमोद दीक्षित, सनी बाल्मिकी, देवेन्द्र मिश्रा, संतोष गौपालक सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद थे।

# भाजपा विधायक पहुंचे मृतक के घर हर संभव मदद का दिया आश्वासन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### डिलीवरी ब्वॉय कि हादसे में मौत का मामला



मोहनलालगंज लखनऊ । नगर निगम की लापरवाही से हुई युवक की मौत की सूचना पाकर गुरुवार को मोहनलालगंज भाजपा विधायक अमरेश रावत पूर्व मंडल अध्यक्ष सुधांशु सिंह के साथ मृतक अनुज के घर गोपाल खेड़ा पहुंच कर परिजनों को ढांढस बंधाया और शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परिवार को हर संभव मदद करने की बात कहते हुए सरकारी मदद दिलाने का आश्वासन दिया।

वहीं भाजपा विधायक अमरेश रावत ने नगर निगम के अधिकारियों एवं उप जिलाधिकारी मोहनलालगंज से बात कर मृतक युवक के परिजनों की अत्यंत दयनीय स्थिति से अवगत कराते हुए अधिकारियों से अतिशीघ्र प्रदेश सरकार से मिलने वाली सरकारी मदद मुहैया कराने की बात कही। विधायक ने बताया कि अधिकारियों ने कहा है कि वह शीघ्र ही अपने मातहत कर्मचारियों को भेज कर कागजी कार्रवाई पूर्ण कर परिवार को जल्द से जल्द सरकार से मिलने वाली सुविधाओं को दिलाने का काम करेंगे। भाजपा विधायक के साथ पूर्व मंडल अध्यक्ष सुधांशु सिंह किसान मोर्चा अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह संदीप सिंह सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्रॉपर्टी डीलरों ने अवैध रूप से बनाई गई दर्जनो पुलियां ध्वस्त की गई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



काकोरी लखनऊ। दुबग्गा में काकोरी रजबहे पर प्रॉपर्टी डीलरों ने अवैध रूप से बनाई गई दर्जनो पुलियों पर बृहस्पतिवार को सिंचाई विभाग ने कार्यवाई करते हुए ध्वस्त कर दिया। ध्वस्तीकरण के दौरान सिचाई विभाग के एसडीओ स्पर्श अग्रवाल,अवर अभियंता विवेक गुप्ता समेत अन्य अधिकारी एवं भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहे।

दुबग्गा के शारदा नहर से निकले काकोरी रजबहे में सराय प्रेमराज,महिपतमऊ और लालनगर में प्रॉपर्टी डीलरों ने अवैध रूप से रजबहे में सीमेंट पाइप डालकर पुलियों का निर्माण कर लिया था। लालनगर से महिपतमऊ के बीच एक किमी की दूरी में 14 पुलिया बनी हुई पाई गई थी। जिसमे प्रॉपर्टी डीलर चांद ने अवैध रूप से छह पुलिया बनाकर रास्ता बना लिया था। वहीं लालनगर में काकोरी रजबहा और लालनगर माइनर के मुहाने पर प्रॉपर्टी डीलर सगीर अहमद ने अवैध रूप से पुलिया बना ली थी जिसको एक बार सिचाई विभाग ने तोड़ दिया था उसके बाद भी प्रॉपर्टी डीलर सगीर अहमद ने दोबारा पुलिया निर्माण करा लिया था। एसडीओ स्पर्श अग्रवाल ने बताया काकोरी रजबहा पर अवैध रूप से बनी पंद्रह पुलियों को ध्वस्तीकरण कर कार्यवाई की गई है। प्रॉपर्टी डीलरों की पहचान कर मुकदमा दर्ज करने की बात कही।

# निगोहा उपकेंद्र के पचासों गांवों में तेज आंधी और बारिश से घंटों बाधित रही बिजली आपूर्ति

कैनविज टाइम्स संवाददाता



### पेड़ गिरने और पोल धराशायी होने से कई फीडर ब्रेकडाउन, लेसा टीम ने रातभर किया प्रयास

निगोहा , लखनऊ । बुधवार को हुई तेज हवाओं और रुक-रुक कर दिनभर चलती रही बारिश ने निगोहा क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति को बुरी तरह प्रभावित कर दिया। देर शाम आई तेज आंधी और बारिश से निगोहा विद्युत उपकेंद्र के कई फीडरों में तकनीकी खराबी आ गई, जिससे पचासों गांवों की बिजली आपूर्ति घंटों तक ठप रही।सबसे अधिक प्रभावित निगोहा फीडर और रघुनाथ खेड़ा फीडर रहे। निगोहा कस्बे से गांवों को जोड़ने वाली मुख्य सड़क पर एक बिजली का पोल तेज हवा के झोंकों से धराशायी हो गया। इसके साथ ही कई स्थानों पर पेड़ की टहनियां टूटकर हाई वोल्टेज एबीसी लाइनों पर गिर पड़ीं, जिससे 11 हजार वोल्ट की लाइनें ब्रेकडाउन हो गईं। विशेष रूप से रघुनाथ खेड़ा फीडर के तहत आने वाले गांव दयालपुर, रघुनाथ खेड़ा, मदारी खेड़ा, हरिकुंवर खेड़ा, राती, अहिनिवार, वीरसिंहपुर, बेरी, बरवलिया और बेनीगंज में बुधवार रात लगभग छह घंटे तक विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बाधित रही।स्थिति को देखते हुए अवर अभियंता विजय शर्मा ने तुरंत एक्शन लिया और लेसा टीम के साथ रातभर फील्ड में डटे रहे। उन्होंने प्रभावित लाइनों की पेट्रोलिंग कराई और मरम्मत कार्य को अंजाम दिलवाया, जिसके बाद देर रात रघुनाथ खेड़ा फीडर की बिजली आपूर्ति सामान्य हो सकी। गुरुवार को भी लेसा के कर्मचारी दिनभर क्षेत्र में टूटे तारों, क्षतिग्रस्त पोल और ब्रेकडाउन लाइनों की पेट्रोलिंग और मरम्मत में जुटे रहे। कई स्थानों पर भारी बारिश के कारण कीचड़ और फिसलन से मरम्मत कार्य में कठिनाई भी आई, बावजूद इसके टीम ने लगातार प्रयास कर आपूर्ति बहाल करने का कार्य जारी रखा। स्थानीय लोगों ने विद्युत विभाग की तत्परता की सराहना करते हुए कहा कि इतनी खराब मौसम के बावजूद जिस तरह से लेसा की टीम सक्रिय रही, वह सराहनीय है। हालांकि, लोगों ने यह भी मांग की कि क्षेत्र में जर्जर हो चुके पोलों और पुरानी लाइनों को समय रहते बदला जाए, ताकि इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

# महिला से 32 हजार की ठगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सरोजनीनगर-लखनऊ। इलाके में साइबर ठगों द्वारा एक महिला को धोखा देकर उससे 32 हजार रुपए ठग लिए गए। महिला को जब इसकी भनक लगी तब तक बहुत देर हो चुकी थी बाद में पीड़ित महिला ने थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई है। यहां के सेक्टर- एफ, एलडीए कॉलोनी, कानपुर रोड निवासी प्रतिभा देवी के साथ घटना हुई। बीती 4 जुलाई की शाम करीब 5:45 बजे प्रतिभा को मोबाइल 6398526905 से एक फोन आया। कॉलर ने खुद को उनकी सहेली पूजा का पति बताया। उसने कहा कि पूजा का एक्सीडेंट हो गया है। ठग ने प्रतिभा को बताया कि वह बाहर है और उसका गूगल पे काम नहीं कर रहा है। उसने कहा कि वह प्रतिभा के खाते में 40 हजार रुपए ट्रांसफर कर रहा है और कहा कि वह यह पैसा दूसरे मोबाइल नंबर पर भेज दे साथ ही एक दूसरा मोबाइल नंबर 9557542407 दे दिया। ठग ने वॉट्सऐप पर 40 हजार रुपए के ट्रांसफर का फर्जी स्क्रीनशॉट भी भेजा। प्रतिभा ने बताए गए नंबर 9557542407 पर अलग-अलग किश्तों में कुल 32 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए। जब उनके गूगल पे पर 'पेमेंट फ़ेल' का मैसेज आया तब उन्हें ठगी की शंका हुई मगर तब तक बाकी पैसे जा चुके थे। पीडित महिला ने सरोजनी नगर थाने में बुधवार को मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। जांच पड़ताल की जा रही है। पीड़िता द्वारा भारतीय स्टेट बैंक शाखा एलडीए लखनऊ व साइबर सेल हजरतगंज को भी सूचना दे दी गई है।

# मोहनलालगंज कस्बे की गोसाईगंज मार्ग पर जाम से जनजीवन अस्त-व्यस्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता



### सोशल मीडिया पर खबर वायरल होते ही हरकत में आई पुलिस

### गोसाईगंज मार्ग पर अतिक्रमण हटवाने के लिए चौकी प्रभारी ने दिए सख्त निर्देश

मोहनलालगंज। लखनऊ,मोहनलालगंज कस्बे की गोसाईगंज मार्ग पर अतिक्रमण और ट्रैफिक जाम की समस्या लंबे समय से स्थानीय लोगों के लिए सिरदर्द बनी हुई थी। फुटपाथों पर अवैध दुकानें, ई-रिक्शा की मनमानी पार्किंग और सड़क पर लगे ठेले सब मिलकर एक अराजक स्थिति पैदा कर रहे थे।स्थानीय पुलिस चौकी से कुछ ही दूरी पर यह सब होता रहा, लेकिन सोशल मीडिया पर संबंधित वीडियो वायरल होने के बाद प्रशासन हरकत में आया।एसीपी रजनीश वर्मा व कोतवाली प्रभारी दिलेश कुमार सिंह के निर्देश पर चौकी प्रभारी बीर बहादुर दुबे ने गोसाईगंज मार्ग पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए दी सख्त हिदायत उन्होंने नाई फूल, फल, पान मसाला की दुकानें लगाने वाले पटरी दुकानदारों और ऑटो चालकों को चेतावनी दी।अब से कोई भी व्यक्ति सड़क पर ठेले या दुकानें नहीं लगाएगा। अतिक्रमण की स्थिति दोबारा पाई गई तो कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने यह भी कहा कि अवैध कब्जे यातायात बाधित करते हैं, जिससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।स्थानीय लोगों ने प्रशासन की कार्रवाई का स्वागत किया, लेकिन साथ ही यह भी मांग की कि यह अभियान एक दिन की खानापूरी तक सीमित न रहे।लोगों का कहना है कि यदि नियमित निगरानी और कड़ाई बरती जाए, तभी मोहनलालगंज की सड़कें जाम से मुक्त हो सकेंगी।

### नाले में डूबकर युवक की मौत



सरोजनीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता। इलाके में बुधवार शाम को मिर्गी रोग से पीड़ित एक युवक की नाले में डूबने से मौत हो गई द्य सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना क्षेत्र के दरोगा खेड़ा में पेशे से किसान महेश का परिवार रहता है।किसान के परिवार में तीन विवाहित बेटियां,दो लड़के जिसमें छोटा बेटा सुनील उर्फ गोलू (19) दोपहर बाद खेतों में जानवर चराने गया था। जानवर खेत में चर रहे थे और सुनील खेत के किनारे पेड़ की छांव में बैठा था। परिवार वालों के मुताबिक मृतक सुनील के मिर्गी का दौरा पड़ता है। जहां पर सुनील बैठा था उसके बगल में स्थित नाला में करीब तीन फिट गहरा पानी भरा भरा है। पारिवारिक जनों के मुताबिक देर शाम तक जब सुनील घर नहीं लौटा तो वह उसे खोजने निकले तब अन्य चरवाहों द्वारा बताया गया कि सुनील पेड़ के पास बैठा था। वहां पर पहुंचने के बाद पारिवारिक जनों को सुनील की लाठी मिली किंतु सुनील नहीं दिखाई दिया द्य तब उन्होंने नाले में भरे पानी में उतर कर देखा तो सुनील का शव पानी में डूबा हुआ था। सुनील का शव देखकर परिवार में चीख पुकार मच गई। सुनील परिवार में सबसे छोटा था। वहीं सुनील की माता गुड्डी देवी का रो रो के बुरा हाल है।

### गौतम बुद्ध पार्क में 18 जुलाई से 17 अगस्त तक मानसून कार्निवल

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। लखनऊ वासियों के लिए इस मानसून सीजन में उमंग और ताजगी से भरपूर एक शानदार आयोजन होने जा रहा है। 18 जुलाई से 17 अगस्त 2025 तक लखनऊ विकास प्राधिकरण की गौतम बुद्ध पार्क में रंग-बिरंगे आयोजन के साथ 'मानसून कार्निवल' का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन रोजाना सुबह 11 बजे से रात 11 बजे तक सभी के लिए खुला रहेगा। इस आयोजन का उद्देश्य लोगों को बरसात के मौसम में आनंददायक अनुभव देना है, जिसमें बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी के लिए भरपूर मनोरंजन, खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम और स्वादिष्ट खान-पान की व्यवस्था की गई है। यहाँ का मुख्य आकर्षण, मनोरंजक झूले और डांस जोन, बोट दौड़, नींबू-चम्मच दौड़, टायर रोलिंग और पिट्ठू जैसे देसी खेल हैं। इसके अलावा यहाँ प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेगे। जिसमे लोकगीत, लाइव म्यूज़िक, कविताएँ और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ शामिल रहेगी। इसके अलावा हस्तशिल्प बाजार भी लगेगा जिसमे पारंपरिक कारीगरी और हेंडमेड चीजों की लोग खरीदारी कर सकेगे। यहाँ आने वाले लोग चाट, ठंडई, अजोला और गरमा-गरम चाय सहित कई तरह के व्यंजनों का मज़ा ले सकेंगे। यहाँ प्रवेश शुल्क बड़ो के लिए (12 वर्ष से अधिक) वीकडेज में 80 रूपये और वीकेंड्स में 130 रूपये रहेगा। इसके अलावा बच्चों के लिए (12 वर्ष तक) और वरिष्ठ नागरिकों (60 वर्ष या अधिक) वीकडेज में 60 रूपये और वीकेंड्स में 80 रूपये रहेगा।

### महिला के साथ ज्वेलर्स ने की धोखाधड़ी, हड़पे 32 ग्राम से अधिक के जेवरात

सरोजनीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता। इलाके में एक महिला के साथ ज्वेलर्स द्वारा धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। मामले में ज्वेलर्स ने महिला के 32 ग्राम से अधिक की जेवरात हड़प लिए वहीं अब गाली गलौज व जान से मारने की धमकी भी देता है परेशान होकर महिला ने सरोजिनी नगर थाने में बीते 5 जून को प्रार्थना पत्र दिया था बावजूद कोई कार्रवाई न होने के बाद अब पीड़ित महिला ने पुलिस आयुक्त दक्षिणी से न्याय की गुहार लगाई। इसके बाद पुलिस आयुक्त के आदेश पर सरोजिनी नगर पुलिस ने बुधवार को मामला दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के ओम नगर, बदाली खेड़ा की रहने वाली कुलविंदर कौर के मुताबिक बीती 24 अप्रैल 2024 को यहीं के सत्यलोक कालोनी,बाग न.- 2 स्थित आराध्या ज्वैलर्स के मालिक विमलेश कुमार के यहाँ घरेलू परेशानी के कारण 60 हजार रुपये उधार लिए थे। इसके लिए उन्होंने 32 ग्राम 300 मिलीग्राम सोने के गहने रेहन रखे थे। इनमें एक चेन लॉकेट, एक हार, एक जोड़ी झाला,एक जोड़ी टॉप्स, एक अंगूठी और एक जोड़ी कान की बाली शामिल थी। पीड़ता ने 2.5 प्रतिशत मासिक ब्याज की दर से कुल 80 हजार रुपए भी चुका दिए। इसके बाद गहने वापस मांगने पर विमलेश टालमटोल करने लगा।

**बेदखली सूचना**

मैं सुरेश कुमार पुत्र राजाराम निवासी गुमानी पुरवा,बख्शी का तालाब, लखनऊ,घोषणा करता हूं कि मेरे चार पुत्रों में से एक जिसका नाम अजय और उसकी पत्नी सीता जो मेरी कोई भी देखभाल नहीं करते हैं और न ही मेरी बीमारी में कोई मदद करते हैं,और कोई भी संबंध नहीं रखते हैं,मुझे व मेरे अन्य पुत्रों को फर्जी मुकदमों में फंसाने की धमकी देते हैं। जिस कारण मैं अपने पुत्र अजय और उसकी पत्नी को अपने चल-अचन सम्पत्ति से बेदखल करता हूं।भविष्य में उसके द्बारा किए गए किसी भी कृत्य का मैं और मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

# मेगा कैंप में उपभोक्ताओं की शिकायतों का हुआ निपटारा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। बिजली विभाग द्वारा प्रदेश में तीन दिवसीय मेगा बिजली सेवा समाधान कैंप का आयोजन किया गया है। इसी क्रम में उपभोक्ताओं को समय पर सही बिजली बिल उपलब्ध न होने तथा बिलिंग संबंधी अन्य समस्याओं के समाधान के लिए बिजली विभाग के लखनऊ मध्य क्षेत्र के मुख्य अभियंता रवि कुमार अग्रवाल के आदेश पर बृहस्पतिवार को क्षेत्र के सभी मंडलों में मेगा कैंप का आयोजन किया गया। चौक मण्डल के अधीक्षण अभियंता रमेश चन्द्र पाण्डेय ने बताया लखनऊ मध्य क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नगरीय वितरण खण्ड चौक, रेज़ीडेंसी, ठाकुरगंज क्षेत्रों में मेगा कैंप लगाया गया, कैंप का उद्देश्य बिल संशोधन एवं उपभोक्ताओं की सभी प्रकार की शिकायतों का त्वरित निस्तारण करना था। जिसमें उपभोक्ताओं की समस्याओं के निराकरण के लिए विभिन्न अधिशासी अभियंताओं एवं अधिकारियों की मौजूदगी रही। मुख्य अभियंता रवि कुमार अग्रवाल ने बताया इस मौके पर मेगा कैम्प में 227 उपभोक्ता अपनी शिकयातों को लेकर पहुंचे थे जिसमे बिल रिविज़न की 85, मीटर ख़राब होने से संबंधित 35, नाम परिवर्तन की 36, स्मार्ट मीटर की 18 शिकायतें शामिल हैं इनमे से 83 शिकायतों का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया। वहीं तालकटोरा मंडल के अधीक्षण अभियंता मुकेश त्यागी ने बताया की अपट्रान दिविज़न, ऐशबाग़ दिविज़न व राजाजी पुरम दिविज़न में तीन दिवसीय मेगा कैंप लगाया गया है। इस कैम्प में तमाम उपभोक्ता अपनी विभिन्न प्रकार की समस्याओं को लेकर पहुंचे थे जिसमे से बड़ी संख्या उपभोक्ताओं की समस्याओं का निपटारा किया गया। इस दौरान मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की ओर से नामित नोडल अधिकारी नीति मिश्रा (अधिशासी अभियंता- मानव संसाधन एवं प्रशासन प्रथम) तथा अन्य अधिकारियों ने सभी वितरण खंडों में कैंप का निरीक्षण किया। लखनऊ मध्य क्षेत्र में लगे कई डिवीजन में इन मेगा कैंम्पो पर मुख्य अभियंता रवि कुमार अग्रवाल ने खुद पहुंचकर उपभोक्ताओं की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को उसके निस्तारण के निर्देश दिए।

# निगोहां पुलिस की सतर्कता से बचीं युवक की जान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां ,लखनऊ । निगोहां थाना क्षेत्र के उतरावां का मजरा गौस नगर में एक युवक द्वारा नशे की हालत में आत्महत्या का प्रयास किए जाने का मामला सामने आया है। पत्नी से विवाद के बाद युवक ने पेड़ से फांसी लगाने की कोशिश की, लेकिन मौके पर पहुंची पुलिस ने बचा लिया । यह पूरी घटना गुरुवार शाम की है, जब सूचना मिलने पर पुलिस ने तत्परता और मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए युवक की जान बचाई। गौस नगर निवासी 28 वर्षीय प्रीति पुत्री सहदेव का विवाह नितिन निवासी दाऊदपुर, थाना मोहनलालगंज से हुआ था। प्रीति ने बताया कि उसका पति नशे का आदी है और नशा करके आए दिन उसके साथ मारपीट करता है व अशोभनीय भाषा का प्रयोग करता है। बीते मंगलवार की रात्रि करीब 8 बजे नितिन ने नशे की हालत में घर पहुंचकर खाना खाने को लेकर प्रीति के साथ मारपीट की। इसके बाद प्रीति ने अपने मायके वालों को सूचना दी, जिस पर उसके पिता मौके पर पहुंचकर उसे अपने घर ले आए। गुरुवार की शाम नितिन एक बार फिर नशे में धुत होकर प्रीति के मायके पहुंचा और वहां भी परिजनों के सामने गाली-गलौज व मारपीट शुरू कर दी। विवाद बढ़ने पर वह घर के पास ही एक पेड़ पर रस्सी का फंदा बनाकर आत्महत्या की धमकी देने लगा और फांसी लगाने का प्रयास किया।इस दौरान प्रीति के परिजनों ने तत्काल पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। सूचना मिलते ही निगोहां थाना पुलिस के सिपाही विपिन कुमार और राज करण मौके पर पहुंचे और पेड़ पर लटकते नितिन को समय रहते फंदे से उतारकर उसकी जान बचा ली। कुछ ही देर में 112 की टीम भी मौके पर पहुंच गई।पुलिस ने युवक को तत्काल थाने ले जाकर उचित कार्रवाई शुरू की। थाना प्रभारी निगोहां अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि मामला संज्ञान में लिया गया है और विधिक प्रक्रिया के तहत कार्रवाई की जा रही है।इस घटना के बाद गांव में पुलिस की तत्परता और संवेदनशीलता की जमकर सराहना हो रही है। ग्रामीणों व परिजनों ने भी पुलिस का आभार जताया।

# सोसाइटीज पर बढ़ती भीड़, डीएम-एसपी सख्त : यूरिया वितरण में गड़बड़ी पर तुरंत होगी एफआईआर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



**लेखपालो की लगेगी ड्यूटी, खतौनी से होगा खाद वितरण, लापरवाही पर कार्रवाई तय**

**सीमा पर सख्ती, तस्करी नहीं होगी बर्दाश्त**

**बॉर्डर से बाजार तक निगरानी बढ़ी, एसएसबी को सख्त निर्देश**

लखीमपुर खीरी । जनपद में यूरिया वितरण व्यवस्था को सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं नियमावली के अनुरूप संचालित कराने के उद्देश्य से डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा ने गुरुवार को एनआईसी में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए एसडीएम, सीओ और एसएसबी के तीनों बटालियन कमांडेंट के साथ अहम बैठक की। बैठक का संचालन एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि उर्वरक वितरण की प्रक्रिया पूर्णतः नियमबद्ध, नियंत्रित एवं पारदर्शी ढंग से सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनियमितता पाए जाने की स्थिति में संबंधित अधिकारियों एवं विक्रेताओं के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

**लेखपाल की लगेगी ड्यूटी, खतौनी से होगा खाद वितरण**

डीएम ने कहा कि हर एसडीएम अपने क्षेत्र की सोसाइटी पर लेखपाल और राजस्व निरीक्षकों की तैनाती सुनिश्चित करें, जो वितरण की निगरानी करेंगे। खाद वितरण कृषकों की खतौनी देखकर ही किया जाए। साथ ही यह भी निर्देश दिए गए कि जरूरत से ज्यादा उर्वरक का आवंटन किसी को न मिले।

**प्राइवेट विक्रेताओं पर होगी कड़ी नजर**

डीएम ने स्पष्ट कहा कि टैगिंग या ओवररेटिंग करते पाए जाने पर निजी विक्रेताओं का लाइसेंस रद्द कर एफआईआर दर्ज की जाएगी। सभी एसडीएम को निर्देश दिए गए कि वह खुद फील्ड में जाएं, उर्वरक दुकानों की जांच करें और देखें कि दुकानें बंद न हों तथा स्टॉक की नियमित जांच हो।

**सीमा पर सख्ती, तस्करी नहीं होगी बर्दाश्त**

भारत-नेपाल सीमा पर उर्वरक की तस्करी न हो, इसको लेकर प्रशासन ने मोर्चा कस लिया है। एसएसबी की 39वीं, 70वीं और थर्ड बटालियन के कमांडेंट को निर्देश दिए कि बॉर्डर पर कड़ी निगरानी रखी जाए। डीएम ने कहा कि यूरिया की एक भी बोरी सीमा पार नहीं जानी चाहिए, वाहनों की सघन चेकिंग हो। एसपी संकल्प शर्मा ने कहा कि सभी पुलिस क्षेत्राधिकारी अपने-अपने थानों से समन्वय बनाते हुए फोर्स की ड्यूटी सोसाइटीज पर लगाएं और खुद भी फील्ड में उतरें। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि लेखपालों की ड्यूटी और उपस्थिति की मॉनिटरिंग की जाएगी। एसडीएम खुद मौके पर पहुंचकर वितरण व्यवस्था की निगरानी करेंगे। बैठक में जिला कृषि अधिकारी सूर्य प्रताप सिंह, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता रजनीश प्रताप सिंह, जिला गन्ना अधिकारी वेद प्रकाश सिंह, डीएसओ अंजनी कुमार सिंह उपस्थित रहे।

# विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर । जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में मा0 मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर विकास कार्यों का अनुश्रवण एवं सर्वोच्च प्राथमिकता वाले विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि मा. मुख्यमंत्री डैशबोर्ड से संबंधित समस्त विभागों के अधिकारी अपने विभाग की समस्त योजनाओं का नियमित रूप से अनुश्रवण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निर्धारित पोर्टल पर समय से वांछित डाटा पूरी शुद्धता के साथ भरा जाये। लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन विभागों की खराब प्रगति है, वह तत्काल प्रगति में सुधार करें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि गौआश्रय स्थलों में मानकों के अनुरूप प्रबंध सुनिश्चित किये जायें तथा नोडल अधिकारी निरीक्षण कर फोटोयुक्त आख्या प्रस्तुत करें। वृक्षारोपण अभियान 2025 के अन्तर्गत रोपित किये गये पौधों की जियोटैगिंग कराये जाने तथा पौधों के संरक्षण हेतु प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। पंचम वित्त एवं 15 वें वित्त आयोग के अन्तर्गत समय से व्यय सुनिश्चित किया जाये। जिला पंचायत राज अधिकारी को इसकी नियमित मानीटरिंग करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। इसके साथ ही जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र समय से जारी हो, इसके लिए नियमित रूप से समीक्षा की जाये। परिषदीय विद्यालयों का डिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स एवं ब्लॉक टास्क फोर्स के अधिकारियों द्वारा समय से निरीक्षण कराया जाये। फैमिली आईडी बनाये जाने की खराब प्रगति वाले विकास खण्डों रेउसा, पिसावां, महमूदाबाद, बेहटा, सिधौली सहित सभी विकास खण्डों में फैमिली आईडी बनाए जाने की प्रगति में सुधार भी जिलाधिकारी ने दिए। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्धारित रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाये तथा समय से डाटा निर्धारित पोर्टल पर अपडेट भी कराया जाये। हर घर जल योजना की प्रगति में सुधार के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि आवास योजनाओं के अंतर्गत पात्रों की आवास आवंटित कराए जाए तथा स्वीकृत आवासों को शीघ्र पूर्ण कराया जाये। आपरेशन कायाकल्प, प्रोजेक्ट अलंकार सम्बन्धी कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण कराया जाये। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अन्तर्गत शौचालय निर्माण, सड़कों का अनुरक्षण, जीरो पावर्टी आदि में सुधार के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई का बेहतर प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि राशन की रिक्त दुकानों का आवंटन समय से कराया जाये। निर्माणाधीन कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराने तथा पूर्ण कार्यों का निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए शीघ्र हैण्डओवर कराए जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों से सम्बन्धित डाटा सीआईएमएस पोर्टल पर समय से फीड कराया जाये। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सुरेश कुमार, जिला विकास अधिकारी संतोष नारायण गुप्ता, डीसी मनरेगा चंदन देव पाण्डेय सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# एसडीएम ने नौरंगाबाद सहकारी समिति में खाद वितरण का लिया जायजा

**कैनविज टाइम्स संवाददात**



सिंगाही खीरी । नौरंगाबाद साधन सहकारी समिति पर यूरिया खाद तो आई लेकिन भीगी होने के चलते किसान भड़क गए। जब समिति पर खाद का वितरण शुरू हुआ तो लंबी-लंबी कतारें लग गई। उसके बाद किसानों के बीच किसी ने कह दिया कि केवल खाता धारकों को ही खाद मिलेगी इस पर भी बगैर खाताधारक किसान हंगामा करने लगे। सोमवार को बहुउद्देशीय ग्रामीण साधन सहकारी समिति नौरंगाबाद में यूरिया खाद आने की ग्राम सूचना मिलते ही किसानों की भीड़ उमड़ पड़ी और किसानों की लंबी-लंबी कतारे लग गई।कुछ किसानों का कहना है कि समिति के एक कर्मचारी ने कहा की समिति पर जिसका खाता है उसी को खाद मिलेगी जिस पर किसान भड़क गए और हंगामा करने लगे तभी किसानों को सचिव ने समझते हुए कहा कि ऐसा नहीं है सभी किसानों को खाद उपलब्ध कराई जाएगी आप सभी कतर वध खड़े होकर के लाइन लगाए। इस दौरान दोपहर बाद समिति पर खाद का वितरण जायजा लेने के लिए निघासन एसडीएम राजीव निगम पहुंचे वितरण व्यवस्था का जायजा लिया और खाद के वितरण की व्यवस्था को दुरुस्त करते हुए 10-10 व्यक्तियों की लाइन लगवाई और खाद्य वितरण को शुरू कराया। उन्होंने किसानों से अपील की कि आप सभी कतर से खड़े होकर के खाद वितरण में सहयोग करें खाद सभी को मिलेगी।

सचिव राजकुमार राना ने बताया कि एक ट्रक खाद आई है जिसका वितरण हो रहा है और भी खाद आने वाली है सभी को खाद उपलब्ध कराई जाएगी।

# गन्ने से हटकर दलहन, तिलहन और मक्का की ओर बढ़ें किसान : कृषि मंत्री

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखीमपुर खीरी । प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही मंगलवार को कृषि विज्ञान केंद्र, मझरा पहुंचे। उन्होंने इंडियन काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चर रिसर्च (आईसीएआर) के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में किसानों से संवाद किया और वैज्ञानिक खेती को अपनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में गोला विधायक अमन गिरी, कृषि निदेशक डॉ. पंकज त्रिपाठी, अपर कृषि निदेशक बी एवं प्रक्षेत्र डॉ. अमरनाथ मिश्रा, संयुक्त कृषि निदेशक अजयकृष्णा, डीडी कृषि गिरीश चंद्र व जिला कृषि अधिकारी सूर्य प्रताप सिंह समेत कृषि विभाग के तमाम अधिकारी मौजूद रहे। किसानों को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री ने कहा कि केवल गन्ने पर आधारित खेती से किसान को दीर्घकालिक लाभ नहीं मिल सकता। उन्होंने किसानों से दलहनी, तिलहनी और मक्का जैसी फसलों की ओर रुख करने की बात कही। मंत्री ने वैज्ञानिकों द्वारा सुझाई गई उर्वरक की मात्रा और समयबद्ध प्रयोग को जरूरी बताया।कृषि मंत्री ने कृषि विज्ञान केंद्र के प्रक्षेत्रों का निरीक्षण किया, जहां उन्हें गन्ने की 25 प्रजातियां दिखाई गईं। इसके अलावा उन्होंने श्री अन्न उत्पादन और केंद्र में विकसित अन्य कृषि तकनीकों की भी जानकारी ली। इसके बाद कृषि मंत्री ने क्रभको उर्वरक वितरण केंद्र और वर्मा इंटरप्राइजेज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अभिलेखों की जांच की गई और किसानों से फीडबैक लिया गया। मंत्री ने किसानों को संतुलित मात्रा में खाद के प्रयोग की सलाह दी और अनावश्यक भंडारण से बचने की चेतावनी भी दी। मंत्री ने वर्मा इंटरप्राइजेज पर अधिकारियों की टीम से खाद के गुणवत्ता परीक्षण के लिए नमूने भी अपनी मौजूदगी में संग्रहित कराए।

**कृषि मंत्री ने लिया कृषि महाविद्यालय जमुनाबाद का जायजा**

छात्रों व किसानों से किया संवाद, व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ करने का दिया आश्वासन प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही मंगलवार को जनपद खीरी के गोला गोकर्णनाथ क्षेत्र स्थित कृषि महाविद्यालय, जमुनाबाद पहुंचे। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर द्वारा संचालित इस महाविद्यालय के निरीक्षण के दौरान मंत्री ने छात्रों व उपस्थित किसानों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं। कृषि मंत्री ने महाविद्यालय परिसर का गहन भ्रमण कर शिक्षण व्यवस्था, शोध प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय, कृषि प्रक्षेत्र व छात्रावास की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कॉलेज प्रशासन से छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक उपकरणों की उपलब्धता और शोध के अधिक अवसर प्रदान करने पर बल दिया। निरीक्षण के दौरान कृषि मंत्री ने छात्रों को कृषि विज्ञान में नवाचार के लिए प्रेरित किया। किसानों से संवाद करते हुए उन्होंने आधुनिक और वैज्ञानिक तरीकों से खेती करने, उन्नत किस्मों के प्रयोग और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार कृषि शिक्षा को और अधिक व्यावहारिक व तकनीकी बनाने की दिशा में लगातार काम कर रही है। इस महाविद्यालय को भी राज्य का एक प्रमुख कृषि शोध केंद्र बनाने की दिशा में प्रयास किए जाएंगे। इसी के साथ कृषि मंत्री ने राजकीय कृषि प्रक्षेत्र जमुनाबाद ब कृषि विज्ञान केंद्र जमुनाबाद का निरीक्षण किया। वैज्ञानिकों को कृषकों से सतत संवाद कर नवीन तकनीक के उपयोग पर जागरूकता ब नवीन प्रजाति के बीज उत्पादन करने के निर्देश दिए।

कृषि मंत्री ने बीज प्रक्षेत्र में कार्यालय भवन का उद्घाटन, ट्रैक्टर की चाबी सौंपी, कृषि मंत्री ने पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने राजकीय कृषि बीज संवर्द्धन प्रक्षेत्र, जमुनाबाद पर नवनिर्मित कार्यालय भवन का लोकार्पण किया तथा सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाईजेशन योजना के अंतर्गत फार्म मशीनरी बैंक की स्थापना हेतु लाभार्थी कृषक उत्पादक संगठन को 80 फीसदी अनुदान पर अनुमन्य ट्रैक्टर की प्रतीकात्मक चाबी सौंपी तथा एक पेड़ माँ के नाम महाअभियान के अंतर्गत परिसर में पौधारोपण किया। कृषि मंत्री ने कहा कि यह प्रयास क्षेत्रीय कृषकों को तकनीकी सशक्तिकरण, यंत्रीकरण और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करेंगे।

# फरधान पुलिस का अमानवीय चेहरा आया जनता के सामने

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखीमपुर खीरी। फरधान थाना क्षेत्र के भदुरा गाव मे एक बोरी खाद के लिए किसान पर पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया गया। जहां एक तरफ जिले में खाद की किल्लत और कालाबाजारी अब हिंसक रूप लेती दिख रही है वहीं दूसरी ओर भादुरा गांव में खाद की लाइन में लगे एक किसान पर पुलिस द्वारा बेरहमी से लाठियां बरसा दी गयीं जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि स्थानीय सहकारी समिति में खाद का कृत्रिम संकट खड़ा कर दलालों के माध्यम से मनमानी कीमत वसूली जा रही है। किसान कई घंटे लाइन में लगने के बाद भी खाली हाथ लौट रहे हैं और अब उन्हें अपमान और पुलिसिया हिंसा भी झेलनी पड़ रही है। दरअसल पूरा मामला फरधान कोतवाली क्षेत्र भदुरा सहकारी समिति का है का है,जहां यूरिया खाद के लिए एक महिला और पुरुष को लाठी खानी पड़ी। जिले में प्रेस वार्ता के दौरान कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही पत्रकारों के सवाल पर बोले थे कि जिले में यूरिया खाद की कोई कमी नहीं है यह तस्वीर साफ तौर पर मंत्री के दावे को हवा हवाई साबित करती हुई नजर आ रही है। लखीमपुर के कलेक्ट्रेट मे स्थित अटल सभागार मे बुधबार को कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने मीडिया के सामने दावा कर दिया कि ''अब जिले मे खाद की कोई कमी नही । उन्होंने बताया कि जिला लखीमपुर खीरी मे दस लाख मीट्रिक टन यानी कि 25 लाख यूरिया की बोरी भेजी गयी है। लेकिन हकीकत कृषि मंत्री के दावों को खोखला साबित करती नजर आ रही है और विल्कुल विपरीत नजर आ रही है जिसका सीधा सा उदाहरण है कि जिस दिन कृषि मंत्री लखीमपुर मे मौजूद थे ठीक उसी दिन खाद की दुकानों पर इतनी भीड़ इकट्ठा थी कि जगह जगह धक्के मुक्के हो रहे थे और लोगों को पुलिसिया रौब के चलते डंडे भी खाने पड़ गये।

# जन शक्ति सम्मान से सम्मानित हुयी प्रधान जनक कुमारी सिंह

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



कमलापुर । प्रधान जनक कुमार सिंह को मां गायत्री जन सेवा संस्थान एवं वीशू वेलफ़ेयर फाउंडेशन के तत्वाधान में होटल सेलेसिटियल मैनोर ओमेक्स हजरतगंज लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में जन शक्ति सम्मान से सम्मानित किया गया! अरुण कुमार सिंह अध्यक्ष मां गायत्री जन सेवा संस्थान ने कहा प्रधान जनक कुमारी सिंह को यह सम्मान ग्राम पंचायत नयागांव के कंचनपुर एवं जल्लाबाद में दो राजकीय नलकूप शासन व प्रशासन से सतत सम्पर्क कर लगवाएं! जिन खेतों में पहले तिल्ली होना मुश्किल था आज धान की फसल पैदा हो रही है!आपके सतत प्रयास से ग्राम पंचायत नयागांव का चयन बाबू कल्याण सिंह ग्राम उन्नति योजना एवं नयागांव बाजार का चयन पंडित दीनदयाल उपाध्याय सोलर स्ट्रीट लाइट योजना में कराया! गुंजन बर्मा अध्यक्ष वीशू वेलफ़ेयर फाउंडेशन ने कहा इसके साथ-साथ आपके द्वारा कपड़ा बैंक, बर्तन बैंक का संचालन किया जा रहा है जिसका लाभ समाज के अभाव ग्रस्त परिवारों को मिल रहा है!आपके सतत प्रयास से भौली व जल्लाबाद मे आँगनबाड़ी केंद्र निर्माण कार्य शुरू हुआ । महिला सशक्तिकरण, बुजुर्गो की सेवा करने वाले परिवारों का सम्मान शिक्षा के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आदि सामाजिक कार्यो के लिए सम्मानित किया गया! कार्यक्रम में दिनेश प्रताप सिंह मंत्री उद्यान स्वतंत्र प्रभार,अपर पुलिस महानिदेशक सी. बी.सी. आई. डी., समीर शेख अध्यक्ष कलाम फाउंडेशन, आर के चतुर्वेदी पूर्व आई जी उत्तर प्रदेश पुलिस, संतोष श्रीवास्तव डायरेक्टर निलांश ग्रुप, मनीष वर्मा डारेक्टर होटल सेलेसिटियल मैंनोर,अरुण प्रताप सिंह अध्यक्ष मां गायत्री जन सेवा संस्थान गुंजन वर्मा अध्यक्ष वीशू वेलफ़ेयर फाउंडेशन, नागेंद्र सिंह चौहान वरिष्ठ पत्रकार सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे! प्रधान जनक कुमारी सिंह को सम्मानित किए जाने पर पवन सिंह चौहान सदस्य विधान परिषद सीतापुर एवं सभापति वित्तीय एव प्रशासकीय विलंब समिति उत्तर प्रदेश,संरक्षक ओम प्रकाश सिंह फाउंडेशन,अरुण कुमार मिश्रा अध्यक्ष सीनियर बेसिक शिक्षक संघ सीतापुर,सत्य प्रकाश सिंह सह जिला सेवा प्रमुख एवं अध्यक्ष श्री ओम प्रकाश सिंह फाऊंडेशन, वेद सिंह अध्यक्ष अनुदेशक शिक्षक संघ, सुरेन्द्र भार्गव अध्यक्ष शिक्षामित्र संघ,अनुज कुमार सिंह राठौर समाजसेवी सलाहकार यज्ञ समिति नयागांव,त्रिभुवन सिंह प्रबंधक पार्वती विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल कसमंडा, हरीश सिंह राठौर उपाध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह फाउंडेशन,समाजसेविका शालिनी सिंह,जगतपाल सिंह, समाजसेवी देवेश सिंह, सूर्य प्रकाश सिंह चौहान,ग्राम पंचायत नयागांव के नागरिक क्षेत्रीय लोगों ने हर्ष व्यक्त किया ।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । कलेक्ट्रेट सभागार में राजकीय माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य की स्कॉलर प्लेनेट ऐप के संबंध जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में ऐप की कार्यप्रणाली, छात्र हित में उपयोगिता, विषय वस्तु की गुणवत्ता, शिक्षक छात्र संवाद के डिजिटल माध्यम एवं तकनीकी सहायता व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा की गयी। उन्होंने कहा कि स्कॉलर प्लानेट ऐप छात्रों को आधुनिक गुणवत्तापरक एवं निःशुल्क शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराने का एक सशक्त माध्यम है। विद्यालय स्तर पर इसके प्रभावी उपयोग से छात्रों की परीक्षा के परिणामों में भी सुधार आयेगा। जिलाधिकारी ने उपस्थित प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया कि विद्यालय में ऐप के प्रचार-प्रसार हेतु विशेष अभियान चलाया जाये और छात्रों को ऐप की समुचित जानकारी देते हुये अधिक से अधिक पंजीकरण सुनिश्चित करायें।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक विद्यालय में ऐप के माध्यम से शैक्षिक गतिविधियों की मॉनिटरिंग की जाये। प्रधानाचार्य स्वयं ऐप की उपयोगिता को समझें एवं शिक्षकों, छात्र-छात्राओं को सक्रिय रूप से जोड़ें। उन्होंने प्रधानाचार्यों से कहा कि यदि इस ऐप के संचालन में कोई भी तकनीकी दिक्कत आती है तो संबंधित दिक्कतों का समाधान सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने सभी प्रधानाचार्यों को निर्देश दिये कि वह अपने विद्यालयों में सभी शिक्षकों का ऐप पर पंजीकरण कराते हुये छात्रों को असाइनमेंट भी दिया जाये। जिन विद्यालयों में कम्प्यूटर लैब, इंटरनेट कनेक्शन आदि मूलभूत सुविधाएं नहीं हैं, उनमें जल्द से जल्द सुविधाएं उपलब्ध करायी जायें।

बैठक के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र सिंह, स्कॉलर प्लेनेट ऐप के सदस्य, विद्यालयों के प्रधानाचार्य सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## खीरी में नवविवाहिता की संदिग्ध मौत

धौरहरा, खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता । धौरहरा कस्बे के पठान वार्ड निवासिनि बुजुर्ग महिला जन्नतुन पत्नी मेहंदी हसन ने अपनी नवविवाहिता बेटी नगमा बानो की संदिग्ध मौत को लेकर ससुराल पक्ष पर गंभीर दहेज हत्या के आरोप लगाए हैं। मंगलवार को उन्होंने जिला पुलिस अधीक्षक (एसपी) खीरी को एक प्रार्थना पत्र सौंपते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है। जन्नतुन का कहना है कि उन्होंने अपनी बेटी नगमा का विवाह लगभग एक वर्ष पूर्व थाना पढ़ुआ क्षेत्र के गांव लबेदपुर निवासी सुहेल पुत्र अन्नू के साथ किया था। विवाह के समय अपनी हैसियत के अनुसार दहेज भी दिया गया था। इसके बावजूद विवाह के बाद से ही नगमा पर ?50,000 नकद, एक अपाचे मोटरसाइकिल और एक सोने की चेन की मांग को लेकर लगातार मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना की जाने लगी। पड़ोसियों से मिली बेटी की मौत की सूचना, शरीर पर मिले चोट के निशान 2 जुलाई 2025 को नगमा की मौत की खबर ससुराल वालों की बजाय पड़ोसियों द्वारा दी गई। जब मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंचे तो नगमा के शरीर पर गंभीर चोटों के निशान देखे गए, जिससे परिजन दंग रह गए। जन्नतुन ने तत्काल नजदीकी थाना पढ़ुआ पहुंचकर पुलिस को सूचना दी, पर उनका आरोप है कि अब तक किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं की गई है। सुलह का दबाव और जान से मारने की धमकियां जन्नतुन ने बताया कि ससुराल वाले लगातार सुलह का दबाव बना रहे हैं, और इंकार करने पर उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। उनका कहना है: ''अगर समय पर कार्रवाई होती, तो शायद मेरी बेटी आज ज़िंदा होती। अब मैं चाहती हूँ कि मेरी बेटी को इंसाफ मिले और दोषियों को सज़ा। ताकि फिर किसी और बेटी के साथ ऐसा न हो।''

**प्रशासन की प्रतिक्रिया और न्याय की उम्मीद**

इस मामले में जब थाना पढ़ुआ के नवागत थाना प्रभारी विवेक उपाध्याय से बात की गई तो उन्होंने बताया: ''हमें पदभार संभाले एक सप्ताह ही हुआ है। इससे पूर्व की जानकारी हमारे पास सीमित है। यदि घटना की पुष्टि होती है तो दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। पीड़िता की मां की गुहार पर अब प्रशासनिक स्तर पर हलचल देखी जा रही है, और उम्मीद है कि निष्पक्ष जांच के साथ दोषियों को जल्द न्यायालय के कठघरे में खड़ा किया जाएगा।

## धर्मपाल सिंह की माता जी की श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे बीएल संतोष समेत भाजपा के कई वरिष्ठ नेता

बिजनौर । उत्तर प्रदेश भाजपा के संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह की माता की श्रद्धांजिल सभा में शामिल होने के लिए धामपुर के स्वास्तिक बैंकट हॉल में बड़ी संख्या में वीवीआईपी, वीआईपी, मन्त्रीगण ,सांसद,विधायक तथा भाजपा के नेता, पदाधिकारी देश प्रदेश से बड़ी संख्या में पहुंचे । वहां पहुंचने वाले नेताओं में राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष, उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ,भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ,असम के राज्यपाल संतोष गंगवार, पूर्व मुख्यमंत्री झारखंड अर्जुन मुंडा, राष्ट्रीय मंत्री अरविंद हेमंत ,के अलावा वन मंत्री सक्सेना, शंकर राणा ,परिवहन मंत्री दयाशंकर ,कपिल देव अग्रवाल ,सोमेंद्र तोमर, जसवंत सैनी, भाजपा पदाधिकारी सत्येंद्र सिसोदिया अश्वनी त्यागी देवेंद्र चौधरी देश प्रदेश से आए विधायक सांसद, राज्यसभा सदस्यों के अलावा भारी संख्या में भाजपा व संघ के संगठन के लोगों की उपस्थिति रही।

# कार्यशाला का किया गया उद्घाटन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर । सी.एम युवा योजना के अर्न्तगत दिनॉक 17.07.2025 को इण्डियन बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) सीतापुर मे एक दिवसीय क्षमता संवर्धन (कैपेसिटी विल्डिंग) कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ श्री आर.पी. दुबे जी (अंचल प्रमुख इंडियन बैंक, लीड बैंक सीतापुर) द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

अपने उद्घाटन सम्बोधन में आदरणीय श्री आर.पी. दुबे जी नें मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार विकास अभियान के तहत युवाओं को योजना का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बननें एवं नये रोजगार सृजन की दिशा में आगे बढ़नें का आह्वान किया। आपनें युवाओं को भरोसा दिलाया कि बैंक उनके साथ कदम से कदम मिलाकर चलेगी और उद्यमिता के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाएगी। कार्यशाला में जिला उद्योग केन्द्र द्वारा युवाओं, लाभार्थियों एवं उद्यमियों को योजना की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया बिजनेस प्लान, प्रोजेक्ट रिर्पोट एवं ऋण प्रक्रिया सहित इनोवेटिव बिजनेस आइडिया और फ्रेंचाइजी मॉडलस की जानकारी दी गयी। कार्यशाला में बैंक अधिकारियों, जिला प्रशासन, कालेज प्रतिनिधियों एवं अन्य हितधारकों की सहभागिता रही जिसमें पोर्टल संचालन शिकायत निवारण और परियोजना मूल्यांकन जैसे विषयो पर संवाद हुआ। सीएम युवा अभियान का उद्देश्य है उत्तर प्रदेश के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उद्यमिता के नये द्वार खोलना। कोई भी व्यक्ति जो 21 वर्ष से 40 वर्ष के बीच का हो इस योजना का लाभ उठा सकता है। इस अवसर पर इण्डियन बैंक के अग्रणी जिला प्रबधंक श्री मनोज कुमार, मुख्य प्रबंधक श्री इरेश पाण्डेय, समाधान अधिकारी श्री अमित सिन्हा एवं श्री बेग राज शर्मा, क्षेत्रीय समन्वयक (सीएम युवा) श्री विशाल कृष्णा, सहायक प्रबंधक जिला उद्योग केन्द श्री विमल कुमार एवं आरसेटी निदेशक श्री अंकुश वर्मा जी द्वारा युवाओं को सशक्त और उद्यमी बनाने के लिये मुख्यमत्री युवा उद्यमी योजना की उपयोगिता बताई। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओ प्रशिक्षकों, ग्रामीण उद्यमियों और गणमान्य नागरिकों की सहभागिता रही।

# रात में खनन माफिया जौराहा नदी में बेधड़क करते अवैध बालूं खनन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सिंगाही खीरी। थाना सिंगाही क्षेत्र के जौराहा नदी में अवैध बालू का खनन जोरो पर। खनन माफियाओं ने नदी के रुख को गांव की तरफ मोड़ा, नदी घाट से गांव को जाने वाले रास्ते भी अत्यंत क्षतिग्रस्त किया जिससे किसानों को अपने खेतों पर जाने में हो रही है काफी दिक्कत ग्रामीणों ने बताया कि प्रशासन से बार-बार शिकायत करने के बाद भी कोई भी आलाधिकारी खनन रोकने में सक्रियता नहीं दिखा पा रहे और खनन माफिया खुले आम खनन कर रहे हैं। मोतीपुर के खैरा घाट व? भौका घाट सिंगहा पंचायत के भेलौर घाट व देरेहटी पोखरी सहित दर्जनों घाटो से लगातार लगभग दर्जन भर ट्रैक्टर ट्रालियां रात 10 बजे से सुबह 8 बजे तक बिना रोकटोक अवैध बालू का खुले आम खनन का व्यापार चल रहा है जबकि खनन के दृष्टिकोण से या प्रतिबंधित क्षेत्र बताया जाता है फिर भी अवैध खनन जोरों से चल रहा है। इन खनन माफियाओं का नेटवर्क इतना तगड़ा है कि यदि रात में कोई साइकिल या गाड़ी भी खनन क्षेत्र की तरफ जाए तो पहले ही इनको पता चल जाता है और यह सतर्क हो जाते हैं। यदि जल्द प्रशासन के द्वारा खनन न रोका गया तो ट्विटर या फिर अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के द्वारा जिले के आल्हा अधिकारियों से लेकर प्रदेश के आला अधिकारियों को इसकी सूचना उपलब्ध करवाई जाएगी। अब देखना या है कि यहां का क्षेत्रीय प्रशासन इन खनन माफियाओं पर कार्यवाही करता है या ये लोग यूं ही खनन करते रहेंगे। निघासन एसडीएम राजीव निगम ने बताया कि जब खनन हो रहा हो तो हमें सूचना दें और आज रात में मैं खुद जाकर देखूंगा।

## कन्नौजः समाज कल्याण मंत्री ने आम वितरित कर ''मैंगो महोत्सव'' का किया शुभारंभ

कन्नौज। जिले में ''मानव सेवा समिति की ओर से गुरुवार को मकरंदनगर सिंह वाहिनी मंदिर रोड स्थित कन्हैया लाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में ''मैंगो महोत्सव'' आयोजन किया गया। ''मैंगो महोत्सव'' का शुभारंभ प्रदेश सरकार के समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने किया। उन्होंने नर्सरी के नन्हे मुन्ने बच्चों को आम वितरित कर महोत्सव का प्रारंभ किया। इससे पूर्व मंत्री ने ''युवा संवाद'' कार्यक्रम के तहत बच्चों को सफलता के कई गुरुमंत्र देते हुए उनकी जिज्ञासाएं दूर की। मंत्री ने निर्माणाधीन बाल वाटिका का निरीक्षण कर निर्माण कार्य में सहयोग करने का आश्वासन दिया। ''मैंगो महोत्सव'' के दौरान मानव सेवा समिति के संस्थापक एवं सचिव दिनेश दुबे ने विद्यालय के बच्चों को समाजसेवी संस्था के बारे में जानकारी दी।

# कांवड़ मार्ग पर सोमवार शाम तक डायवर्जन

**फर्रुखाबाद, शाहजहांपुर से आगरा दिल्ली को जाने वाले भारी वाहन उसावा म्याऊ चौकी से डहरपुर-दातागंज-बेलाहांडी-फतेहगंज पूर्वी-बरेली-ऑवला-बिसौली-सहसवान गुन्नौर-नरौरा अलीगढ़ होते हुये अपने गन्तव्य पर भेजा जायेगा**

**कांवड़ियों की बढ़ती संख्या के दृष्टिगत डायवर्जन रूट डायवर्जन व्यवस्था में आवश्यकता अनुसार संशोधन किया जा सकता है। श्रावण मास में यातायात रुट डायवर्जन प्रत्येक शुक्रवार से सोमवार तक प्रभावी रहेगा।**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। श्रावण मास 2025 के अवसर पर जनपद कासगंज के लहरा घाट, हरि की पैडी एवं जनपद बदायूँ के कछला घाट पर आने वाले कावडियों एवं श्रद्धालुओं को सुगम एवं सुदृढ यातायात व्यवस्था हेतु हल्के वाहन/भारी वाहन ट्रक. ट्राला, डीसीएम, ट्रैक्टर-ट्राली आदि का आवागमन निम्न प्रकार रहेगा।

फर्रुखाबाद, शाहजहांपुर से आगरा दिल्ली को जाने वाले भारी वाहन उसावा म्याऊ चौकी से डहरपुर-दातागंज-बेलाहांडी-फतेहगंज पूर्वी-बरेली-ऑवला-बिसौली-सहसवान गुन्नौर-नरौरा अलीगढ़ होते हुये अपने गन्तव्य पर भेजा जायेगा। बरेली से कासगंज आगरा दिल्ली को जाने वाला यातायात बरेली से कासगंज आगरा दिल्ली को जाने वाले भारी वाहन गैनी ऑवला-बिसौली-सहसवान गुन्नौर-नरौरा-अलीगढ़ होते हुये अपने गन्तव्य पर भेजा जायेगा। मुरादाबाद से कासगंज आगरा दिल्ली जाने वाला यातायातमुरादाबाद से कासगंज आगरा दिल्ली को जाने वाले भारी वाहन बिसौली-सहसवान गुन्नौर-नरौरा अलीगढ़ होते हुये अपने गन्तव्य पर भेजा जायेगा। मुरादाबाद / चन्दौसी से फर्रुखाबाद शाहॅजहापुर को जाने वाला यातायात मुरादाबाद चन्दौसी से फर्रुखाबाद शाहॅजहापुर को जाने वाले भारी वाहन बिसीली से आवेला गैनी बरेली-फतेहगंज पूर्वी-बेलाडांडी-दातागंज डहरपुर म्याऊ उसावा होते हुये अपने गन्तव्य पर भेजा जायेगा। कासगंज आगरा दिल्ली से मुरादाबाद बरेली फर्रुखाबाद जाने वाला यातायातकासगंज आगरा दिल्ली से मुरादाबाद बरेली फर्रुखाबाद जाने वाले वाहन अलीगढ़ नरौरा होकर सहसवान बिसौली-ऑवला-गैनी-बरेली-फतेहगंज पूर्वी बेलाडांडी-दातागंज डहरपुर-म्योंऊ उसाबा होते हुये अपने गन्तव्य पर भेजा जायेगा। बदायूँ से बरेली जाने वाली रोडवेज बसों अन्य हल्के वाहनों का संचालन बरेली को जाने वाली रोडवेज बसों अन्य हल्के वाहन नवादा चौकी से कुवरगांव-आँवला-अलीगंज-गैनी -रामगंगा-लाल फाटक होते हुये अपने गन्तव्य पर भेजा जायेगा। बदायूँ से कासगंज आगरा दिल्ली जाने वाली रोडवेज बसों अन्य हल्के वाहनों का संचालन बदायूँ से कासगंज आगरा दिल्ली जाने वाली रोडवेज बसों/अन्य हल्के वाहन रोडवेज बस स्टैण्ड से खेडा नवादा चौकी से बिसौली-सहसवान-गुन्नौर-नरौरा-अलीगढ़ होते हुये अपने गन्तव्य पर भेजा जायेगा। बदायूँ से फर्रुखाबाद जाने वाली रोडवेज बसों अन्य हल्के वाहनों का संचालन बदायूँ से फर्रुखाबाद जाने वाली रोडवेज बसों अन्य हल्के वाहन रोडवेज बस स्टैण्ड से पुलिस लाइन चौराहे से होते हुये दातागंज तिराहा से रेलवे क्रॉसिंग होते हुये दातागंज-बेलाडांडी-जैतीपुर-मदनापुर-जलालाबाद होते हुये अपने गन्तव्य पर भेजा जायेगा।

बदायूँ नगर से एटा/अलीगढ़ जाने वाले हल्के वाहन का संचालन बदायूँ नगर बाहरी जनपदों के एटा अलीगढ़ जाने वाले हल्के वाहन-जालन्धरी सराय रोड से शेखुपुर-कादरचौक कादराबाद होते हुये अपने गन्तव्य पर भेजा जायेगा। डायवर्जन का स्थान- उझानी बडा बाईपास- थाना पुलिस/यातायात पुलिस द्वारा कराया जायेगा। मुजरिया चौराहा- थाना पुलिस यातायात पुलिस द्वारा कराया जायेगा। राजकीय मेडीकल कालेज तिराहा- थाना सिविल लाइन यातायात पुलिस द्वारा कराया जायेगा। कछला रोड सहसवान- थाना सहसवान यातायात पुलिस द्वारा कराया जायेगा। आवला कुँवरगाव चौराहा बड़ा बाईपास- थाना पुलिस यातायात पुलिस द्वारा कराया जायेगा। सरदार पटेल चौक बड़ा बाईपास - थाना पुलिस/यातायात पुलिस द्वारा कराया जायेगा। बी.आर.बी तिराहा बड़ा बाईपास- थाना पुलिस यातायात पुलिस द्वारा कराया जायेगा। मझिया मोड़ - थाना पुलिस यातायात पुलिस द्वारा कराया जायेगा।

कैशव चौकी - थाना पुलिस यातायात पुलिस द्वारा कराया जायेगा। सरदार भगत सिंह चौक - थाना पुलिस यातायात पुलिस द्वारा कराया जायेगा। जालन्धरी सराय चौराहा - थाना पुलिस/यातायात पुलिस द्वारा कराया जायेगा। नौशेरा तिराहा - थाना पुलिस/यातायात पुलिस द्वारा कराया जायेगा। बिल्सी मोड़ तिराहा - थाना पुलिस/यातायात पुलिस द्वारा कराया जायेगा। दातागंज तिराहा- थाना पुलिस/यातायात पुलिस द्वारा कराया जायेगा। उपरोक्त के अतिरिक्त कांवड़ियों की बढ़ती संख्या के दृष्टिगत डायवर्जन दिनांक रूट डायवर्जन व्यवस्था में आवश्यकता अनुसार संशोधन किया जा सकता है। श्रावण मास में यातायात रुट डायवर्जन प्रत्येक शुक्रवार से सोमवार तक प्रभावी रहेगा।

## स्पर्श मेला 24 जुलाई को होगा आयोजित

बदायूँ। जिला सैनिक कल्याण पुनर्वास अधिकारी ले0कर्नल संदीप सिंह (अ0प्रा) ने जनपद बदायूँ के भूतपूर्व सैनिकों एवं दिवंगत सैनिकों के परिवारों को जानकारी देते हुए बताया कि कि स्पर्श मेला जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास बदायूँ में 24 जुलाई 2025 को सुबह 10 बजे से सांय 03 बजे तक होने जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस मेले में मुख्यालय उत्तर भारत एरिया बरेली वेटेरंस ब्रांच की टीम सेवा में उपस्थित रहेगी। स्पर्श मेला में विभिन्न प्रकार की सुविधाएँ उपलब्ध होंगी जैसे स्पर्श पर पंजीकरण, 64 के.बी. के ई.सी.एच.एस. स्मार्ट कार्ड का पंजीयन, जॉब हेतु पंजीयन, पेंशन व पारिवारिक पेंशन संबन्धी केस, पी.पी.ओ. का जैनरेशन, जीवित प्रमाण पत्र का अपडेशन, विवरण करेक्शन/अपडेशन, सम्बन्धित अभिलेख कार्यालय या पी.सी.डी.ए. पेंशन की समस्या का निदान, डिमाइज ग्रान्ट या अन्य ग्रान्ट के सम्बन्ध में जानकारी, पेनुरी ग्रान्ट की जानकारी, विभिन्न प्रकार की योजनाओं एवं नियमों की जानकारी इत्यादि। आप सभी इस मेले का लाभ अवश्य उठायें। अपने साथ लेकर आयें स्पर्श आई.डी. और पास वर्ड यदि सी.डी.ए. से प्राप्त है, पी.पी.ओ., बैंक पास बुक, डिस्चार्ज बुक, आधार कार्ड, पैन, पंजीकृत मोबाइल नम्बर एवं पासपोर्ट साइज फोटो। किसी भी जानकारी के लिए आप 7060431974 मोबाइल नम्बर पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## 22 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण, लिये गये सात उर्वरक के नमूने

बदायूँ। जिला कृषि अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि खरीफ फसलों के उपयोगार्थ कृषकों को उच्च गुणवत्ता वाले उर्वरकों को निर्धारित दरों पर उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से 16 जुलाई 2025 को थोक विक्रेताओं, फुटकर विक्रेताओं, गोदामों एवं शीर्ष संस्थाओं पर छापा मार कार्यवाही आयोजित किये जाने के निर्देशो के अनुपालन में 22 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर 07 उर्वरक नमूना ग्रहित किये गये तथा मै0 शक्ति खाद बीज भण्डार बिल्सी, मै0 जैन खाद भण्डार बिल्सी, मै0 जय नारायण कृषि सेवा केन्द्र बिल्सी, मै0 राधा कृष्णा खाद भण्डार बिल्सी, मै0 राजा खाद भण्डार बिल्सी, मै0 उपाध्याय खाद भण्डार बिल्सी, मै0 अंकुर कृषि सेवा केन्द्र बिल्सी, मै0 महालक्ष्मी कृषि सेवा केन्द्र उसहैत, मैं0 आई0एफ0एफ0डी0सी0 कृषक सेवा केन्द्र उसहैत, मै0 शगुन कृषि सेवा केन्द्र उसहैत, मै0 जय किसान खाद भण्डार ककराला आदि उर्वरक प्रतिष्ठान बन्द होने पर कारण बताओ नोटिस जारी किये गये हैं तथा मै0 जय गुरु कृपा बीज भण्डार उझानी के उर्वरक विक्रेता द्वारा पीओएस मशीन चलाने में अनभिज्ञता दिखाने पर कारण बताओ नोटिस के माध्यम से स्पष्टीकरण मांगा गया है। जिला कृषि अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि न्यायपंचायत स्तर पर क्षेत्रीय कर्मचारियों द्वारा उर्वरक प्रतिष्ठानों पर लगातार भ्रमण निरीक्षण करवाये जा रहे हैं तथा उर्वरक निरीक्षकों द्वारा भी क्षेत्र में आकस्मिक निरीक्षण कर संदिग्ध उर्वरकों के नमूनें ग्रहित किये जा रहे हैं। जनपद में उर्वरक प्रतिष्ठानों के निरीक्षण दौरान अनियमितता पाये जाने पर तत्काल कार्यवाही की जायेगी। जनपद में उर्वरको की पर्याप्त उपलब्धता है, कृषकों से आग्रह कि फास्फेटिक उर्वरक के रूप में डीएपी के साथ-साथ एनपीके, एसएसपी व नैनो डीएपी, नैनो यूरिया का भी प्रयोग करें, शासन स्तर से उर्वरकों की उपलब्धता लगातार सुनिश्चित करायी जा रही है।

## दिव्यांग एकता संगठन समिति ने जिलाधिकारी से की अपील

बदायूं। सावन माह में कावड़ यात्रा के चलते बदायूं शहर में मांस की दुकानों और कुछ होटलों को अस्थाई रूप से बंद किया गया है जिससे अनेक छोटे व्यवसायियों के सामने रोज़गार का संकट खड़ा हो गया है। इस मुद्दे को लेकर दिव्यांग एकता संगठन समिति के अध्यक्ष सदाकत खान ने जिलाधिकारी से अपील की है कि प्रभावित दुकानदारों को राहत प्रदान की जाए। उन्होंने कहा, ''हम सावन मास और धार्मिक भावनाओं का पूरा सम्मान करते हैं लेकिन लगातार दुकानें बंद रहने से हमारे जैसे रोज़ कमाने-खाने वालों की रोज़ी-रोटी पर संकट आ गया है। हमारा निवेदन है कि प्रशासन कोई ऐसा समाधान निकाले जिससे धार्मिक भावनाएं भी आहत न हों और हमारे रोजगार की भी सुरक्षा हो सके।'' प्रशासन से अनुरोध किया कि ऐसे दुकानदारों को निर्धारित समय या स्थान पर व्यवसाय करने की अनुमति दी जाए जिससे वे सम्मानजनक ढंग से अपना जीवन-यापन जारी रख सकें।

## 20 जुलाई से होगा ग्राम स्तरीय गन्ना सर्वे-सट्टा प्रदर्शन

बदायूँ। मुख्यमंत्री जी उ0प्र0 शासन की पारदर्शी नीति के तहत जिला गन्ना अधिकारी अशर्फी लाल ने अवगत कराया कि पेराई सत्र 2025-26 के लिए गन्ना सर्वेक्षण कार्य पूर्ण हो चुका है, जो 01 मई, 2025 से प्रारम्भ हुआ था। सर्वे के दौरान जो भी आंकड़े प्राप्त हुए हैं, उसके आधार पर गन्ना सट्टा आगणित करते हुये वर्तमान में ग्राम स्तरीय सर्वे एवं सट्टा प्रदर्शन कार्यकम 20 जुलाई, 2025 से 30 अगस्त, 2025 तक चलाया जायेगा। उन्होंने बताया कि गन्ना विभाग किसान के द्वार अभियान के अंतर्गत गन्ना विकास विभाग के कर्मचारी गन्ना कृषकों को उनके गन्ना सर्वे एवं सट्टे से संबंधित कुल 63 बिन्दुओं पर आंकड़े दिखाकर अभिमत प्राप्त करेंगे। इस सम्बन्ध में उनके द्वारा विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए अवगत कराया कि यदि किसान को 63 कॉलम से संबंधित आंकड़ों में किसी बिन्दु पर आपत्ति है तो कृषक से आपत्ति प्राप्त करते हुए रजिस्टर में दर्ज कर यथोचित निस्तारण तत्समय ही किया जायेगा।उन्होनें किसानों से अपील की है, कि वे ग्राम स्तरीय सर्वे-सट्टा प्रदर्शन मेला में अपनी कृषि योग्य भूमि, गन्ना प्रजाति, मोबाईल नम्बर, बेसिक कोटा, बैंक खाता, आदि महत्वपूर्ण विवरणों की सही जानकारी कर लें और कोई विवरण गलत होने की स्थिति में गन्ना पर्यवेक्षकों को आवश्यक दस्तावेज एवं प्रार्थना पत्र देकर मौके पर ही अपडेट करा लें।उन्होंने यह भी अवगत कराया कि ऐसे गन्ना किसान ज़ो किन्ही कारणों से ग्राम स्तरीय सर्वे-सट्टा प्रदर्शन के दौरान मौके पर उपस्थित नहीं हो पा रहे हैं या प्रदेश के बाहर अपनी सेवायें दे रहे हैं, उनके लिए 63 कालम का डाटा पोर्टल पर लाइव करा दिया जायेगा। इस दौरान यह भी जानकारी दी गई कि पेराई सत्र 2025-26 के लिए 30 सितम्बर, 2025 तक बनाये गये सदस्यों को गन्ना आपूर्ति की सुविधा मिलेगी। लगभग 1277 गन्ना ग्रामों में ग्राम स्तरीय सर्वे-सट्टा प्रदर्शन के दौरान कृषकों द्वारा उपज बढ़ौत्तरी हेतु अपना आवेदन पत्र भी 30 सितम्बर, 2025 तक निर्धारित शुल्क के साथ किये जा सकेंगे। सट्टा प्रदर्शन के समय गन्ना किसानों को उन्नत गन्ना खेती के सम्बन्ध में तकनीकी जानकारियां भी दी जायेगी। जनपद के गन्ना किसानों से अपील है कि 20 जुलाई, 2025 से प्रारम्भ हो रहे ग्रामवार सर्वे एवं सट्टा प्रदर्शन कार्यक्रम में पूर्ण सहभागिता करते हुए सर्वे/सट्टा के आकड़ों को 63 कालम की सूचना के माध्यम से अवश्य देख लें एवं यदि कोई आपत्ति है तो उसे अवश्यक दर्ज करा दे। यदि कोई टीम निर्धारित तिथि के समय ग्राम में नहीं पंहुचती है तो मोबाईल नम्बर 7081202506, 7081202226 पर सूचित करा दें।

## निशुल्क मिनीकिट बीजो का वितरण

बदायूँ। ब्लॉक प्रमुख पति प्रदेश मंत्री बीजेपी डी पी भारती जी के द्वारा शासन से प्राप्त निशुल्क मिनीकिट बीजो का वितरण किया गया जिसमें बाजरा ,उर्द ,सावां ,कोदो आदि बीजो का वितरण किया गया । इस मौके पर लगभग 200 मिनीकिट का वितरण किया गया । वितरण के समय राजकीय कृषि बीज भंडार अंबियापुर का समस्त स्टाफ एवं प्रभारी उपसंभाग सतीश चंद्र शर्मा, सहायक विकास अधिकारी कृषि अंजार अहमद एवं प्रदीप कुमार एवं क्षेत्रीय कृषक उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय कबड्डी बालक जूनियर वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। खेल निदेशालय उप्र लखनऊ के तत्वाधान में जिला खेल कार्यालय रायबरेली के द्वारा कबड्डी बालक जूनियर वर्ग जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 08 टीम 80 खिलाडियों प्रतिभाग किया। जिसके परिणाम इस प्रकार रहा। 1- केन्द्रीय विद्यालय रायबरेली 2- राजकीय कालोनी रायबरेली 3- अटौरा बुजुर्ग रायबरेली। 4-फिरोज गांधी डिग्री कालेज रायबरेली। 5-जिला खेल कार्यालय, रायबरेली ट्रॅनीज रायबरेली 6- बाबा रामदास इण्टर कालेज मधुकरपुर परसदेपुर रायबरेली 7-आर्दश कम्पोजिट विद्यालय चक अहमद्पुर रायबरेली। 8- बाबा बाल्देश्वर बैद्य इण्टर कालेज चैनपुर तेरूआ रायबरेली टीम ने प्रतिभाग किया।पहला मैच केन्द्रीय विद्यालय रायबरेली बनाम अटौरा बुजुर्ग रायबरेली के मध्य खेला गया। जिसमें कि 44-05 के अन्तर से केन्द्रीय विद्यालय रायबरेली दूसरा मैच बाबा रामदास इण्टर कालेज मधुकरपुर परसदेपुर रायबरेली बनाम फिरोज गांधी डिग्री कालेज रायबरेली जिसमें 25-08 से बाबा रामदास इण्टर कालेज मधुकरपुर परसदेपुर रायबरेली से विजयी रही वही तीसरा मैच आर्दश कम्पोजिट विद्यालय चक अहमदपुर रायबरेली। बनाम राजकीय कालोनी रायबरेली के मध्य खेला गया जिसमें 24-06 से राजकीय कालोनी रायबरेली विजयी रही।

इस प्रकार अपने सभी मैचों को खेलते हुऐ फाइनल में केन्द्रीय विद्यालय रायबरेली और जिला खेल कार्यालय, रायबरेली ट्रॅनीज रायबरेली फाइनल में पहुंची। जिसमें फाइनल मैच केन्द्रीय विद्यालय रायबरेली बनाम जिला खेल कार्यालय, रायबरेली ट्रॅनीज रायबरेली के मध्य रोमांचक मैच हुआ जो कि 34-05 के अन्तर से जिला खेल कार्यालय, ट्रॅनीज रायबरेली विजयी रही और उपविजेता-पीएम केन्द्रीय विद्यालय रायबरेली रही। निर्णायक-पिन्कू कुमार, मो शोएब खान, सचिन शुक्ला, सत्येद्र सिंह, अश्वनी चन्दा, नरेश निषाद, करन मिश्रा, कुलदीप सिंह, श्रद्धा सोनकर, प्रियाशु निर्णायको द्वारा प्रतियोगिता करायी गयी प्रतियोगिता के दौरान अत्याधिक गणमान्य लोग उपस्थित होकर मैच का आन्नद लिया। खेल भावना की सरहाना की। प्रतियोगिता के मैच का उदघाटन धीरेन्द्र कुमार पुरूषोत्तम, कीडाधिकारी जिला खेल कार्यालय, रायबरेली, के द्वारा किया गया तथा मुकेश श्रीवास्तव पूर्व चेयर मैन रायबरेली एवं शिवेन्द्र सिंह जिला प्रभारी भाजपा रायबरेली के द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया।

# किसानों की समस्याओं को लेकर सर्वहित कल्याण मोर्चा संगठन की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मुरादाबाद । सर्वहित कल्याण मोर्चा संगठन के पदाधिकारियों , मंडल अध्यक्ष मोहम्मद सरफराज, पूर्व जिला अध्यक्ष मोहम्मद यामीन, एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकम्मल हुसैन के नेतृत्व में मंडल के संबंधित अधिकारियों से एक महत्वपूर्ण मुलाकात की गई। यह मुलाकात राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद, मुरादाबाद द्वारा जारी पत्र संख्या 2025/3192 दिनांक 15/07/2025 के परिप्रेक्ष्य में की गई, जिसमें किसानों की समस्याओं विशेषकर हरी फसल की खरीद एवं नीति निर्धारण से संबंधित बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। मंडल अधिकारी ने संगठन की बातों को गंभीरता से सुना और निम्नलिखित उत्तर दिए। बैठक में मुख्य रूप से कुछ बिंदु ऐसे हैं जो राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में आते हैं (जैसे प्रोत्साहन योजना में शामिल करना, न्यूनतम समर्थन मूल्य तय करना आदि)। उन बिंदुओं पर मंडल स्तर से शासन को संस्तुति भेजी जाएगी ताकि सरकार द्वारा आवश्यक निर्णय लिया जा सके।2. मंडल अधिकारियों ने यह भी आश्वासन दिया कि मंडी स्तर पर जो भी कार्यवाही संभव है, वह शीघ्र सुनिश्चित की जाएगी।3. संगठन की ओर से किसानों की चिंताओं को उचित माना गया और अधिकारियों ने कहा कि राज्य सरकार से इनपर चर्चा की जाएगी।सर्वहित कल्याण मोर्चा संगठन के सभी पदाधिकारियों ने इस बैठक में किसानों के हितों की मजबूती से पैरवी की और यह स्पष्ट किया कि मंडी में किसानों को न केवल पारदर्शिता चाहिए बल्कि न्यायसंगत मूल्य, तौल व्यवस्था, और बिचौलियों से मुक्ति की भी ज़रूरत है।संगठन यह विश्वास दिलाता है कि वह किसानों की हर लड़ाई में साथ है और जब तक किसानों को उनका अधिकार नहीं मिल जाता, तब तक यह संघर्ष जारी रहेगा।संगठन का यह मानना है कि मंडल अधिकारियों का सहयोगात्मक रवैया स्वागतयोग्य है, परंतु अब राज्य सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि वह इन समस्याओं पर शीघ्र ठोस कार्यवाही करे।

# छतोह व डीह ब्लॉक में भी धड़ल्ले से चल रहे गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय




कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। जिले के छतोह व डीह ब्लॉक में भी इन दिनों गैरमान्यता प्राप्त विद्यालयों का मकड़जाल फैला हुआ है। जिसमें सबसे अहम भूमिका ब्लाकों में तैनात खंड शिक्षा अधिकारी निभा रहे हैं। क्षेत्र में गैरमान्यता प्राप्त विद्यालयों का मकड़जाल फैला हुआ है। कुछ विद्यालयों को बीते वर्ष नोटिस दिया गया किन्तु सांठगांठ से अब वो एक बार फिर धड़ल्ले से शिक्षा कि दुकान चला रहे हैं।छतोह ब्लाक व डीह ब्लॉक क्षेत्र में ऐसे दर्जन भर गैरमान्यता प्राप्त विद्यालयों का जखीरा है जिसमें बिल्डिंग कि आंड में शिक्षा के नाम पर गोरखधंधा चल रहा है जिनके पास मान्यता पांच व आठ तक कि भी है। वो भी हाईस्कूल व इंटरमीडिएट तक कि कक्षाओं का संचालन कर छात्र व छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। बिना मान्यता के ही पांच व आठ तक चलाने वाले संचालकों व बीईओ के बीच कि जुगलबंदी कि क्षेत्र में हर सख्श दाद देता है। आखिर कब तक ये जुगलबंदी छात्र व छात्राओं के भविष्य को अंधकार में धकेलती रहेगी इसका उत्तर मिलना मील का पत्थर साबित हो रहा है।

# लापरवाह शिक्षिका निलंबित, स्मार्ट क्लास की बिजली समस्या पर एक्शन

**सीडीओ ने फूलबेहड़ ब्लॉक के दो स्कूलों का किया औचक निरीक्षण, बच्चों को पढ़ाकर परखी शिक्षा की गुणवत्ता**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। जनपद के परिषदीय विद्यालयों की गुणवत्ता और व्यवस्था को परखने के लिए सीडीओ अभिषेक कुमार ने गुरुवार को फूलबेहड़ विकासखंड के दो स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लापरवाह शिक्षकों पर कड़ी फटकार लगाई, साथ ही स्मार्ट क्लास में आ रही बिजली की समस्या के त्वरित समाधान के निर्देश भी दिए।*बिना अनुमति गायब थी शिक्षिका, हुई कार्रवाई*सीडीओ अभिषेक कुमार जब प्राथमिक विद्यालय कुंवरापुर पहुंचे, तो वहां शिक्षिका रूबी वर्मा इस शैक्षिक सत्र में बिना किसी अधिकृत अनुमति के लगातार अनुपस्थिति रहने की बात सामने आई। इस गंभीर लापरवाही पर सीडीओ ने नाराज़गी जताते हुए तत्काल निलंबन के आदेश दे दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को अपने कर्तव्य का बोध होना चाहिए, बच्चों का भविष्य किसी की लापरवाही की भेंट नहीं चढ़ने देंगे।इसके बाद सीडीओ ने संविलियन विद्यालय सांडा का निरीक्षण किया। यहां विद्यालय में बार-बार विद्युत आपूर्ति बाधित होने की शिकायत मिली। स्कूल के पास 200-300 मीटर की दूरी पर ही विद्युत पोल है, लेकिन तार टूटने की समस्या के कारण स्मार्ट क्लास और अन्य तकनीकी सुविधाएं प्रभावित हो रही हैं। सीडीओ ने खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि वे विद्युत विभाग से समन्वय करते हुए एक अतिरिक्त पोल लगवाएं और स्थायी समाधान सुनिश्चित करें।*कक्षा में खुद बने शिक्षक, बच्चों को पढ़ाया*सीडीओ ने शिक्षक की भूमिका निभाते हुए बच्चों को पढ़ाया और उनके शैक्षिक स्तर की गहराई से जांच भी की। उन्होंने बच्चों से सवाल पूछे, उत्तर सुने और शिक्षण पद्धतियों को परखा। इस मौके पर सीडीओ ने शिक्षक डायरी, उपस्थिति पंजिका, मिड डे मील रजिस्टर सहित सभी अभिलेखों की जांच की और सुधारात्मक निर्देश दिए।*कड़ी चेतावनी, गुणवत्ता से समझौता नहीं*सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि विद्यालयों में शिक्षण कार्य की गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। शिक्षकों को चेतावनी दी गई कि वे समय से विद्यालय पहुंचे, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें और बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहभागी बनें।

# विधालयों को बंद करना आरटीई एक्ट का उल्लंघन

**शैलेश पांडे ग्रामीणों ने विधालयों पेयरिंग के ख़िलाफ़ खोला मोर्चा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। दीनशाह गौरा ,उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय नेतृत्व के निर्देशानुसार शाखा दीनशाह गौरा के पदाधिकारी अध्यक्ष शैलेश पांडे के नेतृत्व में जनसंवाद कार्यक्रम के तहत ग्राम बड़ा पुरवा पहुँचे । ग्राम बड़ा पुरवा के ग्रामवासियों व अभिभावकों ने विधालय बंद करने व विधालय को कम्पोजिट विधालय मुरैठी में पेयर करने पर गहरा रोष व्यक्त किया और कहा कि हमारे बच्चे 1 किमी से अधिक दूर कैसे जा पाएंगे ? बच्चों को शिक्षा से वंचित किया जा रहा है जो कि असंवैधानिक है । गौरा अध्यक्ष शैलेश पांडे ने बताया कि यह आरटीई एक्ट का उल्लंघन है उन्होंने आगे कहा कि प्रांतीय नेतृत्व के निर्देशानुसार संगठन प्रत्येक उस ग्राम के अभिभावकों तथा ग्रामवासियों से जनसंवाद करेगा जहां के विधालय बंद कर दिए गए है । महामंत्री अखिलेश कुमार ने कहा बच्चों को शिक्षा के अधिकार से वंचित नही किया जा सकता । जनपदीय पर्यवेक्षक व जिला कोषाध्यक्ष यादवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि विधालय बंद करने से बच्चों को तो परेशानी हो ही रही है इसके साथ ही शिक्षको के पद समाप्त हो जाएंगे जिससे भविष्य में शिक्षकों को भी परेशानी उठानी पड़ेगी । संरक्षक त्रिलोकी शरण सिंह ने कहा कि संगठन मजूबती से विधालय मर्जिंग का विरोध कर रहा है और करता रहेगा । इस अवसर पर उपाध्यक्ष दिनेश मिश्र , श्याम सिंह , मनीष दीक्षित , अमित सिंह , सर्वेन्द्र सिंह , परितोष सिंह , राहुल द्विवेदी , नितिन सोनी , प्रमोद द्विवेदी , कीर्ति शर्मा , जितेंद्र यादव , विनय त्रिपाठी , मंजुल कृष्णा , रमेश यादव , श्री मती मंजू सिंह , रोहित कुमार , अरुण गौतम , धीरेंद्र सिंह , दीनू सिंह , सुषमा देवी , अनीता अनुराग द्विवेदी मीडिया प्रभारीआदि पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

# युवती ने गांव के ही युवक पर लगाया छेड़खानी का गंभीर आरोप

रायबरेली। भदोखर थाना क्षेत्र की रहने वाली पम्मी पुत्री राम नेवास निवासी ग्राम पुरे रामनाथ मजरे बेहटा खुर्द ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर गांव के ही रहने वाले लवलेश पुत्र स्वर्गीय हरिश्चंद्र के ऊपर छेड़खानी का लगाए गंभीर आरोप। बताया कि लवलेश आए दिन मुझको छेड़ता रहता है और गलत काम करने का प्रयास करता है प्रार्थनी ने बताया कि मैने हमेशा इसका विरोध किया है लेकिन प्रतिपक्षी नहीं माना तब प्रार्थनी ने घर वालों को बताया तब घर वालों ने जब इसका विरोध किया तो विपक्षी लवलेश ने युवक्ति के घर वालों को जमकर पीटा। किसी को लेकर के युवक्ति के घर वाले थाना भदोखर पहुंचे लेकिन भदोखर थाने में कोई कार्यवाही नहीं की गई इसी को लेकर के पीड़ित परिवार रायबरेली पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई अब देखना यह होगा कि इस मामले पर पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह क्या कार्यवाही करते हैं।

# 101 किलो गांजा के साथ 4 अंतरजनपदीय तस्करों को एसटीएफ और गुरुबक्शगंज पुलिस ने किया गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। एसटीएफ लखनऊ पुलिस टीम द्वारा रायबरेली पुलिस टीम के सहयोग से थाना गुरुबक्शगंज क्षेत्रान्तर्गत अन्तर्राज्यीय गैंग के 4 गांजा तस्कर किशोर कुमार मेहर पुत्र वीरामणि मेहर निवासी थाना पट्टी पड़ा थाना कोतवाली नगर जनपद सोनपुर उड़ीसा ,कम्पल बगरती पुत्र अकरुरा बगरती निवासी बारीगांव थाना उलुण्डा जनपद सोनपुर उड़ीसा, तुसार महापात्रा पुत्र बद्रीप्रसाद महापात्रा निवासी गौड़ाघाट पड़ा थाना कोतवाली नगर जनपद सोनपुर उड़ीसा,मानस महापात्रा पुत्र टीटू महापात्रा निवासी मुंडीपडर थाना मनमुंडा जनपद बोध उड़ीसा को कुल-101 किलोग्राम अवैध गांजा (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत करीब- 01 करोड़ रुपये) तथा घटना में प्रयुक्त इनोवा कार(ग्का5ट्ट3699) व स्विफ्ट डिजायर (ग्क31क्ष्4162) के साथ थाना क्षेत्र से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है। जिनके विरूद्ध थाना गुरुबक्शगंज रायबरेली पर मु0अ0सं0-192/2025 धारा-8/20/25/29/60(3) एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

## आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई, दो सौ किलो महुआ लहन नष्ट कराया

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर एवं पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह के नेतृत्व में अवैध शराब के निर्माण , बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध जारी विशेष प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत जिला आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। आबकारी निरीक्षक अखिलेश कुमार,रोबिन आर्य की संयुक्त टीम ने लालगंज तहसील के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर दबिश की बड़ी कार्यवाही की। आबकारी टीम द्वारा गुरुवार को थाना खीरो के अन्तर्गत मुस्तकीन गंज, बेहटा सातन पुर, उन्नतखेडा में अवैध कच्ची शराब बनाने के अड्डों / संदिग्ध घरों पर दबिश की कार्यवाही की गई। दबिश के दौरान लगभग 55 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई तथा लगभग 200 किलोग्राम महुआ लहन मौके पर नष्ट किया गया।

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में अधिक से अधिक लाभार्थियों को लाभ दिलाने के निर्देश

**डीएम व सीडीओ कैम्प को निरीक्ष कर लाभार्थियों से बातचीत की और उनकी समस्याएं और शंकाएं सुनीं जिनके निस्तारण के लिये विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से विद्युत विभाग एवं नेडा (नवीन एवं नवीकरणी य ऊर्जा विकास अभिकरण) विभाग द्वारा संयुक्त रूप से एक विशेष पंजीकरण शिविर का आयोजन किया गया।

यह कैम्प विद्युत विभाग परिसर,गायत्री पुरम चौराहा के निकट आयोजित किया गया,जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने प्रतिभाग किया। कैम्प का निरीक्षण जिलाधिकारी नेहा शर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने लाभार्थियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं और शंकाएं सुनीं तथा विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने उपस्थित लाभार्थियों को योजना के लाभों की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि यह योजना न केवल आम नागरिकों को सौर ऊर्जा की ओर प्रेरित करेगी, बल्कि उन्हें आर्थिक रूप से भी सशक्त बनाएगी।जिलाधिकारी ने कहा कि केंद्र सरकार की यह महत्वा कांक्षी योजना हर घर को स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा उपलब्ध कराने की दिशा में एक बड़ा कदम है।इसके माध्यम से तीन किलोवाट तक के सोलर पैनल लगवाने पर 60 प्रतिशत तक सब्सिडी प्रदान की जा रही है।उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों तक योजना की जानकारी पहुंचाई जाए तथा उन्हें ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन में हर संभव सहायता दी जाए।मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने कहा कि ऐसे शिविरों के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में लोगों को जागरूक किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि यह योजना पर्यावरण संरक्षण में भी सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने नेडा और विद्युत विभाग के संयुक्त प्रयासों की सराहना की और कहा कि विभागीय समन्वय से ही योजनाओं को जमीनी स्तर पर सफल बनाया जा सकता है।जिलाधिकारी ने अंत में आम जनता से अपील की कि वे इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और सौर ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहित करें।पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में अधिक से अधिक लाभार्थियों का रजिस्ट्रेशन कर लाभ दिलाने के निर्देश दिये हैं। साथ ही उन्होंने यह कहा है कि योजना का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार कराया जाय ताकि इस योजना से अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सके।इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता विद्युत, जिला परियोजना अधिकारी नेडा, अन्य विभागीय अधिकारी एवं तकनीकी विशेषज्ञ उपस्थित रहे।कैम्प में आए लोगों ने योजना की प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्राप्त की एवं कई लाभार्थियों का रजिस्ट्रेशन मौके पर ही संपन्न कराया गया।निरीक्षण के दौरान नेडा विभाग एवं विद्युत विभाग के समस्त अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण तथा सभी वेंडर्स उपस्थित रहे।

# किसानों को उन्नत तकनीक और रोजगार का रास्ता दिखा रहा है नानपारा कृषि विज्ञान केंद्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। किसानों के लिए प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता का एक मजबूत केंद्र बन चुका है कृषि विज्ञान केंद्र, नानपारा, जहां पर अब खेती को सिर्फ परंपरा नहीं, एक उन्नत पेशा बनाने की दिशा में काम हो रहा है। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. संदीप कुमार ने बताया कि यह संस्थान आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय के अधीन संचालित है और इसका उद्देश्य किसानों को नई तकनीकों से जोड़ना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। डॉ. कुमार ने बताया कि देश के किसी भी कोने में विकसित हुई खेती से जुड़ी नई तकनीक पहले केंद्र पर दिखाई जाती है, फिर उसका ग्रामीण क्षेत्रों में प्रदर्शन होता है। इसके बाद किसानों को उस पर प्रशिक्षण दिया जाता है। उन्होंने जानकारी दी कि मधुमक्खी पालन, मशरूम उत्पादन, डेयरी व्यवसाय आदि जैसी गतिविधियों पर भी किसानों को मुफ्त ट्रेनिंग दी जा रही है। इतना ही नहीं, बीज और उपकरण जैसी जरूरी सामग्री भी बिना किसी शुल्क के प्रदान की जाती है, जिससे किसान सीधे तौर पर अपने रोजगार की शुरुआत कर सकें। केंद्र द्वारा हाल ही में अरहर की एक नई किस्म ऽ 291 किसानों को दी गई है। इसके अलावा धान और गेहूं की अर्ली वैरायटी के बीज भी किसानों को उपलब्ध कराए गए हैं। डॉ. संदीप ने यह भी बताया कि किसानों से संवाद के लिए व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया है, जिसमें उन्हें नई जानकारियाँ दी जाती हैं और समस्याओं का समाधान किया जाता है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे रासायनिक खेती की जगह जैविक और प्राकृतिक तरीकों को अपनाएं, जिससे भूमि की उर्वरता बनी रहे और उत्पादन में भी वृद्धि हो।

# ओपन लॉटरी से होगा तीनों मॉडल वेंडिंग जोन की 105 दुकानों का आवंटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने नगर क्षेत्र के पटरी दुकानदारों और ठेला चालकों को सम्मा नजनक आजीविका के अवसर देने के लिए मॉडल वेंडिंग जोन में दुकान आवंटन प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाने की अनूठी पहल की है।गोंडा नगर पालिका परिषद क्षेत्र में स्था पित तीन मॉडल वेंडिंग जोन में दुकानों का आवंटन अब ओपन लॉटरी सिस्टम के माध्यम से किया जाएगा।इस पहल का उद्देश्य दुकान आवंटन प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाना और केवल पात्र आवेदकों तक ही दुकानें पहुंचाना है।यह व्यवस्था एक पारदर्शी और निष्पक्ष आवंटन प्रणाली की मिसाल बनेगी, जिससे पात्र आवेदकों को बिना किसी भेदभाव के दुकानें मिलेंगी और किसी तरह की अनिय मितता की गुंजाइश नहीं बचेगी।जिलाधिकारी ने कहा कि इन वेंडिंग जोन का उद्देश्य न केवल पटरी दुकानदारों को व्यवस्थित स्थान देना है, बल्कि शहर के प्रमुख इलाकों में यातायात व्यवस्था में सुधार और स्ट्रीट फूड कल्चर को बढ़ावा देना भी है।स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए इन वेंडिंग जोन का संचालन वेंडर मैनेजमेंट कमेटी और नगर पालिका परिषद की निगरानी में ही होगा।शहर के सैकड़ों छोटे दुकानदारों को इससे रोजगार और सम्मानजनक व्यवसाय का अवसर मिलेगा।बॉक्स105 दुकानों के लिए 1600 से अधिक आवेदनजिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वेंडिंग जोन के आवंटन में किसी भी स्तर पर कोई गड़बड़ी न हो।इसके लिए नगर पालिका परिषद स्तर पर प्राप्त 1600 से अधिक आवेदनों की स्क्रूटनी की जा रही है। सभी पात्र आवेदकों के बीच टाउन हॉल में ओपन लॉटरी निकाली जाएगी,जिसमें प्रत्येक आवेदक को समान अवसर मिलेगा।वही एसडीएम विशाल कुमार प्रभारी अधिशासी अधिकारी ने बताया कि पह ले चरण में इन तीनों को मॉडल वेंडिंग जोन के रूप में विकसित किया जा रहा है।यहां कुल 105 दुकानों का आवंटन किया जाएगा।इसमें, पहले वेंडिंग जोन (सिंचाई विभाग ऑफिसर्स फील्ड हॉस्टल से बाउंड्री तक) में 40 दुकानें, दूसरे वेंडिंग जोन (गांधी पार्क मेन गेट से एल बीएस चौराहा तक) में 34 दुकानें और तीसरे वेंडिंग जोन (नेकी की दीवार से जीआईसी गेट, बहराइच रोड) में 31 दुकानें हैं।प्रत्येक दुकान के लिए ?15,000 प्रीमियम निर्धारित किया गया है।प्रभारी अधिशासी अधिकारी ने बताया कि गोंडा नगर पालिका परिषद क्षेत्र में वर्तमान में कुल 23 वेंडिंग जोन चिन्हित हैं।अगले चरण में शेष वेंडिंग जोन को भी इसी मॉडल पर विक सित किया जाएगा।

# होर्डिंग ने बिगाड़ी शहर की सूरत,तेज हवा व बारिश में हादसे का खतरा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। शहर के कई हिस्सों में अवैध होर्डिंग और बैनरों की भरमार है।इससे शहर की खूब सूरती प्रभावित हो रही है।साथ ही तेज हवा और बारिश में गिरने और हादसा होने का खतरा बना हुआ है।गुरु नानक चौराहों पर लोगों ने बिजली के खंभे के सहारे होर्डिंग लगा रखी थी।इसे हटाने के लिए प्रशासन भी मौन है।नगर विकास विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अवैध होर्डिंग हटवाने के निर्देश अधिकारियों को दिए थे,लेकिन जिले के अधिकारी इसका पालन करते दिखाई नहीं दे रहे हैं।शहर के गुरु नानक चौराहे से लेकर मन कापुर बस स्टैंड,रेलवे स्टेशन से लेकर दीवानी कचहरी रोड,जेलरोड,आदि स्थानों पर तमाम होर्डिंग लगी हुईं हैं, जो कभी भी गिर सकती हैं। इससे लोगों की जान जाने का भी खतरा है।जो हादसों को दावत दे रहीं हैं।वही दुकानदारों का कहना है कि आंधी में कई बार यह होर्डिंग गिर कर लोगों को चोटिल कर सकती हैं।तेज हवा और बारिश में बड़ी-बड़ी होर्डिंग के गिरने से कई बार हादसे भी चुके हैं।इन होर्डिंग से आवा गमन भी बाधित होता है।मानक बिना देखे ही दे दी जाती है अनुमती नगर पालिका की ओर से शहर में होर्डिंग व बैनर लगाने के लिए टेंडर किया जाता था।ठेकेदार ही रुपये लेकर होर्डिंग लगवाने वालों को अनुमति दिलाने का काम करते है।यही वजह है कि ठेकेदार बिना मानक के ही शहर में तमाम होर्डिंग लगवाने का काम कर रहे हैं।जेल रोड के पास रहने वाले एक व्यक्ति का कहना है कि ये होर्डिंग न केवल यातायात में बाधा डालते हैं,बल्कि बिजली के तारों और खंभों के पास लगे होने से खतरा बने हुए है।यह होर्डिंग तय जगहों पर ही मानक के अनुसार ही लगाए जाने चाहिए।

# परसपुर में चोरों के हौसले बुलंद,अष्टधातु की मूर्तियां चोरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। जिले में एक बार फिर पुलिस की कथित सक्रियता की कलई खुलकर सामने आ गई है। हौसला बुलंद चोरों ने परसपुर थाना क्षेत्र स्थित राजाटोला वार्ड छह में बने अति प्राचीन राम मंदिर से राम-लक्ष्मण और लड्डू गोपाल की बेश कीमती अष्टधातु की मूर्तियां चोरी कर लिया है।ग्रामीणों के मुताबिक सभी मूर्तियों का वजन प्रत्येक का लगभग 15 किलोग्राम और ऊंचाई डेढ़ फुट बताई जा रही है।इन मूर्तियों के साथ लड्डू गोपाल की एक छोटी मूर्ति और एक छोटा सिंहासन भी गायब है।इनकी कीमत करोड़ों में आंकी जा रही है।चोरी की इस घटना से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है बृहस्पतिवार की सुबह करीब तीन बजे जब कुंवर नरेंद्र बहादुर सिंह की पत्नी नीलम सिंह पूजा करने मंदिर पहुंचीं,तो उन्होंने देखा कि मंदिर का ताला टूटा हुआ है और दरवाजा खुला है।इसके बाद चोरी का पता चला।आश्चर्यजनक रूप से चोरों ने मंदिर में स्थापित अन्य देवी-देवताओं की मूर्ति यों और मूर्तियों के ऊपर लगे चांदी के छत्र को बिल्कुल नहीं छुआ।घटना की सूचना तत्काल मंदिर के सर्वराकार कुंवर विजय बहादुर सिंह 'बच्चा साहब' ने पुलिस को दी कि श्री राम जी 15 किलो तथा लक्ष्मण जी 15 किलो लगभग, की साथ में लड्डू गोपाल जी आधा किलो साथ ही साथ झूला श्री राम जी का एक किलो की चोरी हो गई है।सूचना मिलते ही परसपुर थाने की पुलिस,सीओ करनैलगंज,फील्ड यूनिट की टीम और एसओजी टीम मौके पर पहुंच गई और गहन जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।वहीं परसपुर थानाध्यक्ष शरदेन्दु कुमार पांडे ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर डॉग स्क्वायड और फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया है साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की गई है।यह घटना क्षेत्र के लोगों के लिए आ स्था और सुरक्षा दोनों पर एक बड़ा सवाल ख ड़ा करती है।

## जनपद में 20 जुलाई से प्रारम्भ होगा खाद्यान्न का वितरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद के समस्त अन्त्योदय अन्न योजना तथा पात्र गृहस्थी योजना के कार्डधारकों को माह अगस्त 2025 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत नियमित वितरण का कार्य 20 जुलाई से 10 अगस्त 2025 तक होगा। अन्त्योदय अन्न योजना के कार्डधारकों को प्रति राशन कार्ड 35 कि.ग्रा. खाद्यान्न (21 कि.ग्रा. चावल 14 कि.ग्रा. गेहूँ) तथा पात्र गृहस्थी योजना कार्डधारकों को प्रति यूनिट 05 कि.ग्रा. खाद्यान्न (03 कि.ग्रा. चावल तथा 02 कि.ग्रा. गेहूँ) का वितरण निःशुल्क किया जायेगा। डीएसओ ने बताया कि वितरण की अन्तिम तिथि 10 अगस्त 2025 को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुएं प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं को मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण किया जायेगा। समस्त उचित दर विक्रेताओं को सचेत किया गया है कि वितरण अवधि में निर्धारित चौहद्दी में ही कार्डधारकों से ई-पॉस मशीन पर अंगूठा लगवाकर ई-वेइंग स्केल मशीन से खाद्यान्न तौल करते हुए तत्समय ही लाभार्थी को खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण करें।

# जिले में अपराधी बेखौफ,लोग लाचार बिगड़ती कानून-व्यवस्था ने बढ़ाई चिंता

**रंगदारी,रेप,हत्या और दुष्कर्म व नशे की तस्करी के बढ़ते मामलों से उठ रहे सवाल**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। जिले में अपराधी बेखौफ हैं और पुलिस लाचार आए दिन अपराधी खुलेआम आपराधि क घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं और पुलिस लकीर पीटने का काम कर रही है कानून व्यव स्था के सुधार को लेकर योगी सरकार व पुलिस प्रशासन के बड़े-बड़े दावे फ़ेल साबित हो रहे हैं।गोण्डा जिले में आपराधिक घटनाओं का गढ़ बनता जा रहा है।जिले की बिगड़ती कानून- व्यवस्था ने लोगों के साथ ही योगी सरकार की भी चिंता बढ़ा दी है।हत्या,रेप,छेड़खानी,दुष्कर्म और रंगदारी व नशे की तस्करी के बढ़ते माम लों से योगी सरकार पर सवाल उठ रहे हैं।वही गोंडा जिले के नगर कोतवाली क्षेत्र में एक 17 वर्षीय नाबालिक किशोरी के साथ छेड़छाड़ मारपीट और दुष्कर्म के प्रयास का मामला साम ने आया है।घटना देर रात के समय की है जब नाबालिक किशोरी शौच के लिए खेत में गई थी तभी पहले से ही घात लगाए बैठे लोगों ने घटना को अंजाम दिया है।खेत में पहले से मौजूद गांव ने कुछ लोगों ने ने किशोरी को पकड़ लिया आरोपी ने दुष्कर्म के इरादे से उसके कपड़े फाड़ दिए और उसे घसीटने लगा। किशोरी ने हिम्मत दिखाते हुए शोर मचाया इसके बाद गांव के ही रहने वाले आरोपी ने किशोरी के साथ मारपीट की और मौके से फरार हो गए।किशोरी फटे कपड़ों में घर पहुंची और परिवार को घटना की जानकारी दी परि वार वाले तुरंत नगर कोतवाली पहुंचे और पुलिस को शिकायत दर्ज कराई।पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

इस घटना से क्षेत्र में आक्रोश है।स्थानीय लोगों ने आरोपी की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।वही गोंडा नगर कोतवाल विवेक कुमार त्रिवेदी ने बताया कि देर रात एक लड़की आई थी उसने शिकायती पत्र दिया है।पूरे मामले में शिकायत पत्र के आधार पर पुलिस द्वारा मामले में जांच की जा रही है।जांच में जो भी निकाल कर आएगा उसके आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।उसने आरोप लगाया है कि उसके साथ गांव के लोगों ने छेड़छाड़ करके मारपीट किया है और दुष्कर्म का प्रयास भी किया है।इसके अलावा भी आए दिन अपराधी कानून को अपने हाथ में लेकर आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे है।

## एसएसबी ने बढ़ाया सीमांत क्षेत्रों में राष्ट्रभाव और योजनाओं की पहुंच

नानपारा, बहराइच। सीमावर्ती गांवों में सशस्त्र सीमा बल 59वीं वाहिनी, नानपारा द्वारा चलाया जा रहा जागरूकता कार्यक्रम देशप्रेम, एकता और सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार का प्रभावशाली जरिया बनता जा रहा है। जुलाई माह के दूसरे सप्ताह से लगातार चल रहे इस अभियान के तहत ग्रामीणों को जहां केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है, वहीं उन्हें बहादुरी से जुड़ी प्रेरणादायक कहानियों के माध्यम से आत्मबल और राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत किया जा रहा है। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' अभियान के अंतर्गत एक वॉलीबॉल मैच का आयोजन किया गया, जिसमें सशस्त्र सीमा बल के जवानों के साथ स्थानीय युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। खेल के माध्यम से युवाओं में टीम भावना और अनुशासन का संदेश भी दिया गया।इसके अलावा ग्रामीणों को जनधन योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना जैसी लाभकारी सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई, ताकि वे इनका सही उपयोग कर सकें। साथ ही आई.ए.ए.एफ. और बी.जी.एफ. जैसे बलों की बहादुरी पर आधारित लघु फिल्मों का प्रदर्शन भी किया गया, जिसने वहां उपस्थित जनसमूह को गहराई से प्रेरित किया। यह संपूर्ण आयोजन 59वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, नानपारा के कमांडेंट कैलाश चंद रमोला के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस जागरूकता कार्यक्रम ने न केवल सीमावर्ती क्षेत्र के नागरिकों को जागरूक किया, बल्कि युवाओं को देश और समाज के प्रति सकारात्मक सोच के साथ जोड़ने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। निश्चित रूप से यह पहल सीमावर्ती इलाकों में सामाजिक समरसता और आत्मविश्वास को मजबूत करने की दिशा में एक अनुकरणीय कदम है।

# प्राथमिक विद्यालयों के मर्जर के विरोध में शामिल न होने के लिए सपाई किए गए नजरबंद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। जनपद बहराइच में लोकतंत्र की आवाज़ को दबाने का गंभीर प्रयास करते हुए प्रशासन द्वारा समाजवादी पार्टी के शीर्ष पदाधिकारियों को बीती रात से ही नजरबंद कर दिया गया। समाजवादी लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष नंदेश्वर नंद यादव, समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेश सिंह शैलू (मौर्य राजवंश) एवं समाजवादी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष संत कुमार पासी को देर रात घर में नजरबंद कर लिया गया, ताकि वे कैसरगंज तहसील में प्रस्तावित प्राथमिक विद्यालयों के मर्जर के विरोध में आयोजित लोकतांत्रिक विरोध-कार्यक्रम में शामिल न हो सकें। काफी जद्दोजहद और स्थानीय कार्यकर्ताओं के दबाव के उपरांत, उक्त नेताओं को पुलिस अभिरक्षा में कैसरगंज तहसील परिसर ले जाया गया, जहाँ उन्होंने प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन जनपद में लगभग 123 प्राथमिक विद्यालयों के प्रस्तावित मर्जर के विरोध में सौंपा गया, जो जनभावनाओं के विरुद्ध और शिक्षा के अधिकार के खिलाफ है। बताया जा रहा है कि ये सभी नेता शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से विरोध दर्ज कराने जा रहे थे, ताकि ग्रामीण अंचलों में बच्चों की शिक्षा से जुड़े मुद्दों को प्रशासन के संज्ञान में लाया जा सके। लेकिन प्रशासन ने इस लोकतांत्रिक आवाज़ को दबाने के उद्देश्य से तहसील परिसर को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया और विपक्ष की सक्रियता को रोकने का प्रयास किया। समाजवादी पार्टी इस दमनकारी रवैये की कड़ी निंदा करती है। शांतिपूर्ण विरोध करना संविधान प्रदत्त मूल अधिकार है और उसे रोकना लोकतंत्र की जड़ों पर हमला है। यदि सरकार जनविरोधी नीतियों पर सवाल उठाने वालों से इस तरह घबरा रही है, तो यह दर्शाता है कि उसे जनता की समस्याओं की नहीं, बल्कि अपनी छवि की चिंता है। यदि इस प्रकार की दमनात्मक कार्यवाहियाँ तत्काल बंद नहीं की गईं, तो समाजवादी पार्टी जनपद से लेकर राजधानी तक सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करेगी, जिसकी सम्पूर्ण ज़िम्मेदारी प्रदेश शासन और जिला प्रशासन की होगी।

## ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत के वार्डों के परिसीमन के लिये समय सारिणी जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। नगर पंचायत/नगर पालिका परिषद के सृजन, सीमा विस्तार के कारण प्रभावित विकास खण्डों की प्रभावित ग्राम पंचायतों, क्षेत्र पंचायतों और जिला पंचायतों के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों (वार्डों) का आंशिक परिसीमन किये जाने के सम्बन्ध में आपत्तियां प्राप्त करने तथा उसके निस्तारण और प्रकाशन आदि के लिए समयसारिणी का निर्धारण कर दिया गया है। समयसारिणी की जानकारी देते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि ग्राम पंचायतवार जनसंख्या का अवधारण सुनिश्चित करने का कार्य 18 से 22 जुलाई, ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों (वार्डों की प्रस्तावित सूची की तैयारी और उसका प्रकाशन 23 से 28 जुलाई, प्रस्तावित प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों पर आपत्तियां प्राप्त करने का कार्य 29 जुलाई से 02 अगस्त 2025 तक किया जायेगा तथा प्राप्त हुई आपत्तियों का निस्तारण 03 से 05 अगस्त 2025 तक करते हुए 06 अगस्त 2025 को प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों की अन्तिम सूची का प्रकाशन कर दिया जायेगा।

# बम भोले के जयकारों से गुंजा क्षेत्र, कांवड़ियों पर हुई पुष्प वर्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कैंसरगंज, बहराइच। पवित्र श्रवण मास मे हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आस्था व श्रद्धा के साथ नग्न पैरो से पैदल चल कर, काँवर उठाते हुए, व सरयू का जल लेकर बाराबंकी स्तिथ लोधेश्वर महादेवा को रवाना हुए बाबा भोलेनाथ के भोले भाले भक्त,महंत जोगेश्वर धाम फखरपुर नंदवाल से निकले हजारों की संख्या में लगभग 10000 स्त्री पुरुष व छोटे छोटे बच्चे, नेशनल हाईवे लखनऊ बहराइच होते हुए बाराबंकी स्थित रामनगर के महादेवा मे देवाधिदेव महादेव की शरण पहुंचें कर वह अपनी आस्था व श्रद्धा की काँवर चढ़ा कर बाबा का आशीर्वाद लेंगे,हजारों की संख्या में निकले भक्तों की आस्था का सैलाब देखते हुए बन रहा था पूरा क्षेत्र व नेशनल हाईवे बम बम भोले के जयकारों से गुंजायमान हो उठा,पुरे यात्रा मार्ग मार्ग पर दर्जनों स्थान पर समाजसेवियों द्वारा भव्य भंडारे का आयोजन किया गया जहां पर भक्तों को प्रसाद का वितरण किया गया कैसरगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत परमहंस डिग्री कॉलेज के पास डॉक्टर अरविंद सिंह के नेतृत्व में एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जहां पर एसडीएम पुलिस क्षेत्र अधिकारी कैसरगंज ब्लॉक प्रमुख संदीप सिंह बिसेन द्वारा हजारों कांवरियों पर पुष्प वर्षा की गई, वह प्रसाद का वितरण किया गया, जरवल में नेशनल हाईवे पर भंडारे का लगा था जहाँ पर भक्तो को प्रसाद का वितरण किया गया।

# पंडित राजेंद्र प्रसाद स्मारक कॉलेज ऑफ फार्मेसी के छात्रों ने लहराया परचम

## एमडी अमित मिश्रा ने दी सभी को शुभकामनाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। तकनीकी शिक्षा बोर्ड लखनऊ उत्तर प्रदेश द्वारा दिनांक 15 जुलाई 2025 दिन मंगलवार को डी फार्मा 1 वर्ष एवं डी फार्मा-2 वर्ष का रिजल्ट घोषित किए गए हैं। जिसमें पंडित राजेंद्र प्रसाद स्मारक कॉलेज ऑफ फार्मेसी पूरनपुर का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा है।टॉपर छात्र - छात्रा में डी फार्मा - 1 वर्ष में प्रथम स्थान अमरेंद्र सिंह 74%, द्वितीय स्थान सत्येन्द्र सिंह 71%, तथा तृतीय स्थान मुकेश कुमार 70% एवं ड़ी फार्ता-2 में प्रथम स्थान आसन रजा 79%, मोहम्मद अयान 77% तथा तृतीय स्थान अंकित कुमार 76% फार्मेसी कॉलेज में स्थान प्राप्त किया है।संयुक्त रूप से सभी ने फार्मेसी कॉलेज का नाम रोशन किया है।कॉलेज के चेयरमैन अमित मिश्रा ने पास होने पर सभी



विद्यार्थियों को शुभकमनाएं दी हैं। इस दौरन चेयरमैनअमित मिश्रा द्वारा फार्मेसी कॉलेज परिवारने भी सभी उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को शुभ आशीष प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। फार्मेसी डी फार्मा का कुल रिजल्ट 80% प्रतिशत रहा है।

# डीएम और एसपी ने कानून व्यवस्था व अभियोजन कार्यों को लेकर की समीक्षा बैठक

## मामलों के निस्तारण में तेजी लाने व न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावी बनाने पर दिया बल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी संजय चौहान एवं पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक की संयुक्त अध्यक्षता में कानून व्यवस्था एवं अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जनपद के समस्त उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी, अभियोजन विभाग के अधिकारी सहित राजस्व और पुलिस प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जिलाधिकारी संजय चौहान ने कहा कि न्यायिक प्रक्रिया की प्रभावशीलता केवल मामलों के त्वरित निस्तारण से ही सुनिश्चित की जा सकती है। उन्होंने अभियोजन कार्यों में गति लाने, लंबित मामलों को प्राथमिकता से निस्तारित कराने और स्पीडी ट्रायल को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने यह भी कहा कि अभियोजन से जुड़े मामलों की नियमित मॉनीटरिंग की जाए, ताकि न्यायालयों में विचाराधीन प्रकरणों का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित हो सके। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि ऐसे मामले जो सामान्य वाद, राजस्व वाद अथवा आपराधिक प्रकृति के हैं, उन्हें विभागीय समन्वय से शीघ्र निस्तारित किया जाए। गत माह में दर्ज मामलों, उन पर लिए गए निर्णयों, डिस्पोज्ड केस और पुराने लंबित प्रकरणों की स्थिति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को नियमित समीक्षा कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि न्यायालयों में लंबित मुकदमों की संख्या को कम करने हेतु अभियोजन विभाग, पुलिस विभाग और राजस्व विभाग के बीच समन्वय अत्यंत आवश्यक है। विशेषकर गम्भीर आपराधिक मामलों में साक्ष्य एवं गवाहों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी उन्होंने दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने कहा कि अपराध नियंत्रण और अभियोजन की प्रभावशीलता के लिए पुलिस अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्क दृष्टि रखनी होगी। उन्होंने कहा कि विवेचनाओं की गुणवत्ता बेहतर होनी चाहिए ताकि न्यायालयों में ठोस साक्ष्य प्रस्तुत कर अपराधियों को सजा दिलाई जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि महिला अपराध, साइबर क्राइम और अन्य संवेदनशील मामलों को गंभीरता से लिया जाए तथा पीड़ितों को शीघ्र न्याय दिलाने हेतु प्रभावी कार्रवाई की जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अनिल चतुर्वेदी, अपर पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह, जिला अभियोजन अधिकारी, समस्त उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारीगण, थानाध्यक्षों सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# फर्जी बैनामे प्रकरण में डीएम से मिले पीड़ित व्यापारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश मंत्री हिमांशु मालवीय के नेतृत्व में नगर कोतवाली थाना क्षेत्र के लखनऊ नाका स्थित उदासीन संगत आश्रम गुरुद्वारा की बेशकीमती करोड़ों की संपत्ति के फर्जी बैनामे के प्रकरण पर वहां पर किराए पर व्यापार और निवास करने वाले व्यापारियों का समूह भाजपा महिला मोर्चा सुल्तानपुर की निवर्तमान जिला मंत्री मंजू सागर कसौधन के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचा। डीएम को संबोधित शिकायती पत्र में समाजवादी पार्टी सुल्तानपुर के नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार अग्रहरि उर्फ राजू चौधरी तथा संतोष कुमार चौधरी व लोकनाथ अग्रहरि पर उदासीन संगत आश्रम गुरुद्वारे की संपत्ति जिसमें कई मकान व दुकान बने हुए हैं का फर्जी तरीके से बैनामा करके विक्रय करने का आरोप लगा है। हिमांशु मालवीय ने बताया कि उक्त गुरुद्वारा 275 वर्ष पुराना निर्मित है जो यहां के शिलालेखों में स्पष्ट रूप से लिखा हुआ है। मंजू सागर कसौधन ने बताया कि पिछले 6 महीने के भीतर 9 से 10 फर्जी बैनामे हुए है, सम्पत्ति के दो मकानों का जिसमें दुकान भी शामिल है का विक्रय किया जा चुका है। पहला नगर कोतवाली थाना क्षेत्र के लखनऊ नाका रेलवे क्रॉसिंग के सामने स्थित खालसा लाउडस्पीकर सेंटर के मालिक सरदार जगदीप सिंह उर्फ राजू निवासी कृष्णानगर खैराबाद सुल्तानपुर और दूसरा दीपा शुक्ला पत्नी मनोज शुक्ला निवासी पुरानी हनुमान गढ़ी लखनऊ नाका सुल्तानपुर को किया गया है। हरजीत कौर जो गुरुद्वारे/मंदिर के अंतर्गत बने आवासीय परिसर में किराए पर निवास करती है उन्होंने बताया कि गुरुद्वारे/मंदिर की कुल संपति की कीमत लगभग 20 से 25 करोड़ की है। मनप्रीत सिंह ने कहा कि यह प्रकरण हिंदू/सिख आस्था और जनहित से जुड़ा हुआ है इसलिए उक्त प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच आवश्यक है। चुकी कोई बैनामे दानपात्र विलेख द्वारा पत्नियों तथा भाई के नाम पर किए गए है। उक्त मामले में सुल्तानपुर शहर के बीजेपी विधायक पूर्व मंत्री विनोद सिंह ने पत्र लिखकर प्रकरण को अत्यंत गंभीर बताया और उच्च स्तरीय जांच की मांग की और भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील कुमार त्रिपाठी जी ने भी डीएम को पत्र लिखकर निष्पक्ष और न्यायसंगत कार्यवाही की मांग की है।

# अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। नगर पालिका ने कोतवाली गेट के पास रामदरबार का चित्र नगर के सौन्दर्यीकरण के क्रम में लगवाया गया है। जो कि अति प्रशंसनीय कार्य है। भगवान राम न केवल हिन्दुओं के अपितु प्रत्येक भारतवासी के आदर्श हैं। भगवान राम के लोक कल्याणकारी शासन को आज भी रामराज्य के रूप में याद किया जाता है। राज्य की सरकार भी रामराज्य को आदर्श मानते हुये उसका अनुसरण करने का प्रयास कर रही है।ऐसे समय में नगर पालिका परिषद पूरनपुर द्वारा कोतवाली गेट पर लगाया गया रामदरबार का चित्र अति प्रासंगित व सराहनीय है तथा जनमानस सहित प्रशासनिक अधिकारियों के लिए भी प्रेरणादायक है। देश के अनेक महानगरों में विभिन्न निकायों में सरकार द्वारा पेंटिंग इत्यादि के माध्यम से ऐसे चित्र बनवाये गये हैं।किन्तु पूरनपुर के कुछ लोग राजनीतिक विद्वेश के कारण उस चित्र को हटवाने का प्रयास



कर रहे हैं।जो कि जनभावना के प्रतिकूल है। रामदरबार का चित्र यथा स्थान लगा रहने दिया जाये ताकि रामराज्य का स्मरण हम सभी को होता रहे। हाँ आवश्यकतानुसार जनभावना को ध्यान में रखते हुये वहाँ पर सफाई आदि की व्यवस्था का प्रबन्ध अतिआवश्यक है। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से तहसील अध्यक्ष हरगोविंद बाजपेई, गोपाल मिश्रा, हरिओम पांडे, सुनील मिश्रा, सर्वेश पांडे, अवनीश शुक्ला, मानस शुक्ला, रंजीत पांडे, राहुल अवस्थी, सचिन शुक्ला, अनुराग दीक्षित, प्रवीण शुक्ला ,अंबर मिश्रा सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## दहेज प्रथा में वांछित पति पत्नी समेत तीन गिरफ्तार

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मुसाफिरखाना पुलिस ने दहेज प्रथा एक्ट में वांछित एक युवक समेत दो अन्य महिलाओं को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये लोगों को जेल भेज दिया है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर दहेज प्रथा एक्ट में वांछित अब्दुल रऊफ पुत्र अब्दुल हफीज, अजमेरुल निशा पत्नी अब्दुल रऊफ,महजबीन बानो पत्नी मोहम्मद सलमान खान निवासीगण कटरा भद्दौर थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया। इस सम्बंध में थाना मुसाफिरखाना के प्रभारी निरीक्षक विवेक सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये लोगों को जेल भेज दिया गया है।

## चालीस ग्राम स्मैक के साथ कारोबारी गिरफ्तार

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना इन्हौना पुलिस ने नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत चालीस ग्राम स्मैक के साथ बाइक सवार एक कारोबारी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये कारोबारी के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना इन्हौना पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मोटरसाइकिल सवार हसीब उर्फ लादेन पुत्र नसीम उर्फ अब्दुल करीम निवासी दक्खिन मोहल्ला मजरे इन्हौना जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा हीरो स्ट्रिम मोटरसाइकिल बिना नम्बर प्लेट के कागज मांगने पर दिखा नही सका और तलाशी में उसके कब्जे से चालीस ग्राम स्मैक बरामद हुई है। इस सम्बंध में थाना इन्हौना के थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## दहेज प्रथा में वांछित पति पत्नी समेत तीन गिरफ्तार

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मुसाफिरखाना पुलिस ने दहेज प्रथा एक्ट में वांछित एक युवक समेत दो अन्य महिलाओं को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये लोगों को जेल भेज दिया है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर दहेज प्रथा एक्ट में वांछित अब्दुल रऊफ पुत्र अब्दुल हफीज, अजमेरुल निशा पत्नी अब्दुल रऊफ,महजबीन बानो पत्नी मोहम्मद सलमान खान निवासीगण कटरा भद्दौर थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया। इस सम्बंध में थाना मुसाफिरखाना के प्रभारी निरीक्षक विवेक सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये लोगों को जेल भेज दिया गया है।

## मेगा कैम्प का विद्युत विभाग के नोडल व अधीक्षण अभियंता ने किया निरीक्षण

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के निर्देशन में आयोजित विद्युत वितरण खण्ड तिलोई के मोहनगंज में आयोजित तीन दिवसीय मेगा कैम्प के प्रथम दिन गुरुवार को नोडल अधिकारी पियूष कुमार सिंह एक्ससीएन आईटी लखनऊ एवं अधीक्षण अभियंता अमेठी धरम विजय ने कैम्प का निरीक्षण किया तथा उपभोक्ताओं से मिलकर उनकी समस्याओं को सुनकर निस्तारण का निर्देश दिया गया। इस तीन दिवसीय मेगा कैम्प में बिल संशोधन , मीटर की समस्या, भर अधिभार , विद्युत आपूर्ति, बकाया जमा, गलत रीडिंग आदि समस्याओं को पंजीकृत करके उनका समाधान किया जा रहा है।इस मौके पर अधिशासी अभियंता राकेश रौशन, उपखण्ड अधिकारी आशुतोष , अवर अभियंता अमित मौर्य सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।तिलोई खण्ड के अंतर्गत जायस में भी मेगा कैम्प आयोजित हो रहा है जहां फुरसतगंज के उपभोक्ता जाकर अपनी समस्या दर्ज करवा रहे है। विद्युत उप केंद्र सेमरौता में आगामी उन्नीस जुलाई को मेगा कैम्प का आयोजन किया गया है।

## विद्युत वितरण खंड कार्यालय में विशेष समाधान शिविर का हुआ आयोजन

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। विधुत वितरण खंड कार्यालय में गुरुवार से तीन दिवसीय विशेष समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा। इस शिविर में उपभोक्ताओं की समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा, जिनमें मीटर रीडिंग गड़बड़ी, ओवरबिलिंग, नाम और पते की त्रुटि और बिलिंग संबंधित समस्याएं शामिल हैं। इस शिविर का उद्देश्य उपभोक्ताओं की समस्याओं को गंभीरता से लेकर उनका तत्काल समाधान करना है। उपभोक्ता अपनी समस्याओं को लेकर शिविर में पहुंचे और समस्याओं का निस्तारण करवाया गया हैं। यह शिविर उपभोक्ताओं के लिए एक अच्छा अवसर है अपनी समस्याओं का समाधान करवाने के लिए। शिविर के दौरान अधिकारी उपभोक्ताओं की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान करेंगे और आवश्यक कार्रवाई करेंगे। इससे उपभोक्ताओं को अपनी समस्याओं का समाधान कराने में मदद मिलेगी। इस मौके पर अधिशासी अभियंता एवं एसडीओ सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## दहेज की मांग पूरी न होने पर पति ने दिया तीन तलाक

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र के गांव शेरपुर के रहने वाले छोटे खान ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र मे बताया कि उसकी पुत्री का विवाह मुस्लिम रीति रिवाज से हाशिम खा निवासी हरिपुर के साथ हुआ था उसने अपनी हैसियत के अनुसार दान दहेज दिया था उसके बावजूद भी मेरी पुत्री के साथ मारपीट कर जान से मारने की कोशिश करते थे और दहेज की मांग कर कार की मांग की उस मांग को भी ब्याज पर रूपये लेकर गाड़ी दिलवाई लेकिन फिर भी ये लोग मेरी पुत्री को प्रताड़ित कर मारपीट करते रहते थे और उसे घर से निकाल दिया और फोन पर तीन बार तलाक कहकर फोन काट दिया जिसकी रिकॉर्डिंग भी मौजूद है ब्याजी अपने पैसे का लगातार तकादा कर रहे है।

## भू कटान रोकने को लेकर चल रहा कार्य हुआ बंद ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र के गांव श्रीनगर में शारदा नदी पिछले कई दिनों से अपना कहर बरपा रही है। वहीं भू कटान की रोकथाम के लिए कराया जा रहा कार्य भी अब बंद कर दिया गया हैं। कार्य बंद होने की जानकारी पर पहुंचे ग्रामीणों ने बाढ खण्ड के अधिकारियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए आंदोलन की चेतावनी दी हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बाढ खण्ड के अधिकारियों के द्वारा मनमानी कर रहे हैं। जिसको लेकर ग्रामीण नदी कटान को लेकर काफी परेशान हैं।

# डाक्टरों की टीम ने किया अनोखा आपरेशन, बचाई जान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। जिला अस्पताल से मेडिकल कॉलेज बनते ही डाक्टरों ने अपनी प्रतिभाओं का लोहा मनवाना शुरू कर दिया है। देखते ही देखते ऐसी कई सर्जरी हुई जो जनपद के लिए एक नये तजुर्बे से कम नही है। जिले के कुछ बाजारू व्यवसायिक निजी नर्सिंग होम ने अपने संस्थान में भर्ती मरीजों को तब तक चूसने का काम किया जब तक उसके शरीर में खून की बूंदे बची रही, और अंत में अंतिम समय समझकर उसे अंयत्र जाने के लिए संस्थान खाली करने का फ़रमान सुना दिया। आखिर में मरीज के परिजनों के पास जब विकल्प के रूप में सिर्फ मेडिकल कॉलेज बचता है, तो फिर (मरता क्या ना करता) थक-हार कर पहुंचता है, तो उसके पास सिर्फ



भगवान और धरती के भगवान मात्र यही दो सहारा बचता है। ऐसा ही एक मामला बीती रात देखने को मिला। एक निजी नर्सिंग होम से आरती मौर्य को उस समय बाहर का रास्ता दिखा दिया गया, जब आरती के पेट में लगभग 3लीटर खून का थक्का जम गया, डेढ़ माह का गर्भ भी खराब हो गया, आरती मौर्य और मौत के फासले में कम अंतर देखकर व्यवसाई ने हाथ खड़े कर लिए। परिजन आरती को लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचे, रात में ही डाक्टरों ने आरती की हालत की स्थिति को देखते हुए टीम तैयार की और शुरु हुआ आपरेशन, वरिष्ठ एनेस्थेटिक्स डॉ. निशीकांत गुप्ता, डॉ. अंजली चौधरी, ओटी टेक्निशियन इरफान, स्टाफ नर्स सुमन गौतम, नमिता यादव, वार्ड आया पिंकी यादव के अथक प्रयास से दो घंटे चला आपरेशन कामयाब रहा। मरीज के परिजनों ने डाक्टरों की टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहाकि मेरे लिए भगवान यही है, जिनकी वजह से हम आज अपने मरीज को अपने बीच देख रहे है।

# छः साल से अपनी ही जमीन पर कब्जा पाने के लिए चक्कर लगा रहा दलित किसान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। पारस पट्टी निवासी दलित किसान संतकुमार सोनकर की बैनामा शुदा जमीन कटका अम्बेडकर नगर मार्ग पर बौरा जगदीशपुर तहसील जयसिंहपुर में मुख्य मार्ग पर स्थित है। जमीन के लबे सड़क और कीमती होने के कारण स्थानीय भूमाफिया अपने चहेतों को जमीन पर जबरदस्ती कब्जा करवा कर अच्छी रकम वसूलने के फिराक में है। संतकुमार पिछले छः वर्षों से लगातार अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं और अंत में गुरुवार को जिलाधिकारी से मिलकर अपनी समस्या से अवगत कराया है, जिलाधिकारी ने इन्साफ दिलाने का



भरोसा दिया है। अब देखना होगा किसान को न्याय मिलता है या हर बार की तरह आश्वासन।

## घर से कुछ दूरी पर रेलवे ट्रैक किनारे मिला कारोबारी का शव

कानपुर। गोविंद नगर थाना क्षेत्र में गुरुवार को घर से कुछ दूर कानपुर झांसी रेलवे लाइन ट्रैक किनारे कारोबारी का शव पड़ा मिला। मृतक की जेब में मिले मोबाइल से परिजनों को सूचना देकर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दबौली वेस्ट इलाके में रहने वाले कुलदीप राजपूत (27) स्पेयर पार्ट्स कारोबारी था। परिवार में पिता राधाकृष्ण मां मिथलेश और तीन बहने किरण, साधना व खुशबू हैं।

## चाची के साथ अवैध संबंध विरोध करने पर पिटाई कर पत्नी और बच्चे को घर से निकाला

पूरनपुर। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने गुरुवार सुबह दस बजे बताया कि उसकी शादी 8 वर्ष पूर्व हुई थी। शादी के बाद से ही पीड़िता का पति मारपीट कर प्रताडित करता है। पीड़िता का दस माह का एक पुत्र भी हैं। आरोप है काफी परेशान करने पर जब पीड़िता ने अपने पति के बारे में जानकारी की तो पता चला कि उसकी चाची से ही उसके अवैध संबंध हैं। किसी तरह पीड़िता ने अपने पति को चाची के साथ रंगरलियां मनाने के फोटो भी प्राप्त कर लिए जो पीड़िता के पास में मौजूद है। यह सब कुछ जानकार भी पीड़िता खामोश रही और अपना घर बनाना चाहती थी। पीड़िता ने अपने पति की इस हरकत का विरोध किया। इस पर आरोपी पति व उसकी चाची ने पीड़िता व उसके पुत्र को जान से मारने की धमकी देकर मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने घटना की जानकारी अपने मायके के लोगों को दी। उक्त लोगों ने भी दामाद को काफी समझाने का प्रयास किया पर उसने पत्नी व पुत्र को घर में रखने से मना कर दिया।

# दिवंगत प्रधान के लिए साथी प्रधानों ने की शोक सभा जुटाई सहयोग राशि

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मृतक प्रधान अर्जुन मंडल का निधन अपूरणीय क्षति परिवार के साथ खड़े रहकर हम उनकी यादों को जीवित रख सकते : ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह

पूरनपुर।ग्राम प्रधान अर्जुन मंडल के निधन पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि और ग्राम प्रधानों ने शोक सभा आयोजित की। इस दौरान दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई और उनके परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की गईं। शोक सभा में उपस्थित प्रधानों ने मृतक प्रधान अर्जुन मंडल के कार्यों और उनके द्वारा समाज में दिए गए योगदान को याद किया। मृतक प्रधान अर्जुन मंडल के नेतृत्व में ग्राम विकास के कई कार्य हुए थे।जिन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता है। उनके निधन से न केवल ग्रामवासियों को बल्कि क्षेत्र के विकास में योगदान देने वाले सभी लोगों



को गहरा आघात लगा है। शोक सभा में उपस्थित लोगों ने उनके जीवन और कार्यो को याद करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।सभा में निर्णय लिया गया कि मृतक के परिवार की सहायता के लिए एक सहयोग राशि एकत्रित की जाएगी। इस राशि को इकट्ठा करने के लिए सभी उपस्थित लोगों ने अपने-अपने स्तर पर योगदान देने का संकल्प लिया। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह ने भी अपने वक्तव्य में कहा कि मृतक प्रधान अर्जुन मंडल का निधन अपूरणीय क्षति है। लेकिन उनके परिवार के साथ खड़े रहकर हम उनकी यादों को जीवित रख सकते हैं।शोक सभा में उपस्थित सभी लोगों ने मृतक प्रधान अर्जुन मंडल के निधन को व्यक्तिगत क्षति बताया और उनके परिवार के साथ खड़े रहने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर परिवार के इस कठिन समय में साथ देने का वादा किया गया। सहयोग राशि की पहल के साथ-साथ सभी ने मिलकर मृतक के परिवार के प्रति एकजुटता और संवेदना प्रकट की है। सहयोग राशि 3 लाख एकत्र हो गई है।जिसमें 25 हजार ब्लॉक प्रमुख ने दी है। सभी सहयोग राशि मृतक प्रधान के बच्चों के नाम एफडी बनवाई जाएगी। कुछ राशि पत्नी को नकद दी जाएगी।शोक सभा में मुख्य रूप से ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह, प्रधान नरेश पाल सिंह चौहान,ग्राम प्रधान विवेकानंद सरकार, रामबहादुर,दिनेश पाल, राकेश शर्मा,विजय कुमार, विकास कुमार,सदानंद सरकार,विद्युत बैरागी,शंकर राय, रामनिवास, क्षेत्र पंचायत सदस्य विचित्र सिंह सहित अन्य प्रधान उपस्थित रहे हैं।

# समोसे-जलेबी पर सरकारी फरमान

सिगरेट और शराब को लेकर वैधानिक चेतावनी दी जाती है कि इनका सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। अब मोदी सरकार समोसे और जलेबी पर भी ऐसी ही चेतावनी जारी करने का फरमान निकाल चुकी है। जल्द ही देश के सभी सरकारी संस्थानों में जल्द ही ऐसे बोर्ड लगाए जाएंगे जो साफ बताएंगे कि आपकी प्लेट में आया समोसे और जलेबी का स्वाद असल में कितना चीनी और तेल लेकर आया है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी सरकारी संस्थानों को कहा है कि कैफ़ेटेरिया और सार्वजनिक जगहों पर ऐसे बोर्ड लगाए जाएं, जो सबसे प्रचलित भारतीय नाश्ते में छिपी चीनी और तेल की मात्रा दिखाएं। इनका मकसद लोगों को यह बताना है कि वे जो कुछ भी खा रहे हैं वह स्वाद में भले लाजवाब हो, लेकिन सेहत के लिए कितना भारी पड़ सकता है। एम्स नागपुर के अधिकारियों ने इसे फूड लेबलिंग में एक नया मोड़ कहा है, कि अब खाने के साथ भी उतनी ही गंभीर चेतावनी दिखेगी, जैसी सिगरेट पर होती है। पाठकों को बता दें कि तले हुए और मीठे खाद्य पदार्थों के लिए ऐसी चेतावनी जारी हो सकती है। उदाहरण के तौर पर समोसा, जलेबी, पकौड़े, वड़ा पाव, गुलाब जामुन, लड्डू, खस्ता कचौरी, मिठाइयों की थालियां इन सबके सेवन पर कितनी शक्कर और तेल आपके शरीर में जाएगा, इस बारे में बाकायदा बोर्ड पर सूचना लगी होगी। इस पूरी मुहिम को देश की स्वास्थ्य समस्या के निदान के तौर पर पेश किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि अमेरिका की तरह भारत में मोटापा एक बड़ी समस्या बन चुका है। देश में हर पांचवां शहरी वयस्क बढ़े वजन का शिकार है। 2050 तक देश में लगभग 45 करोड़ लोग मोटापे से ग्रसित होंगे, ऐसी आशंका है। बच्चों में भी मोटापा और डायबिटीज तेजी से बढ़ रहे हैं। इसकी सबसे बड़ी वजह है तेल, ट्रांस फैट और चीनी से भरे खाद्य पदार्थों के खाने का चलन बढ़ा है। कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया की नागपुर शाखा के अध्यक्ष अमर अमले ने कहा है कि यह फूड लेबलिंग की शुरुआत है जो सिगरेट की चेतावनियों जितनी गंभीर होती जा रही है। चीनी और ट्रांस फैट नए तंबाकू हैं. लोगों को यह जानने का हक है कि वे क्या खा रहे हैं। वैसे मोटापे पर यह चिंता मोदीजी की मुहिम से ही निकली हुई दिख रही है। इस साल फरवरी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम में मोटापे की गंभीर समस्या का जिक्र करते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट का हवाला दिया था कि 2022 में दुनिया भर में 250 करोड़ लोग जरूरत से ज्यादा वजन के शिकार थे। इसके बाद मोदीजी ने खाने में कम तेल इस्तेमाल करने की सलाह दी और मोटापे के खिलाफ लड़ाई में आनंद महिंद्रा (उद्योगपति), निरहुआ हिंदुस्तानी (अभिनेता), मनु भाकर (ओलंपिक पदक विजेता), साइखोम मीराबाई चानू (भारोत्तोलक), मोहनलाल (अभिनेता), नंदन नीलेकणी (इन्फोसिस के सह-संस्थापक), आर. माधवन (अभिनेता), श्रेया घोषाल (गायिका), सुधा मूर्ति (राज्यसभा सांसद) और ओमर अब्दुल्ला (मुख्यमंत्री जम्मू-कश्मीर) को नामित किया था कि वे आगे इसी तरह 10 और लोगों को नामित करें और मोटापे के खिलाफ लड़ाई को आगे बढ़ाएं। पीएम मोदी ने इसे व्यक्तिगत नहीं, बल्कि पारिवारिक जिम्मेदारी बताया था। उन्होंने मोटापा खत्म करने के लिए तेल की खपत कम करने की अपील की थी। भारत जैसे देश में, जहां कुपोषण एक गंभीर समस्या है, पहले नरेन्द्र मोदी और अब मोदी सरकार का यह अभियान फ्रांस की रानी की सलाह की तरह लगता है कि गरीबों के पास खाने के लिए रोटी नहीं है, तो वे केक खा लें। वैसे नरेन्द्र मोदी चाहें तो इस अभियान को अपनी उपलब्धि के तौर पर भी पेश कर सकते हैं कि 2014 में उन्होंने ऐलान किया था कि 2022 तक भारत को कुपोषण से मुक्त करेंगे और अब कुपोषण नहीं मोटापे से मुक्ति की लड़ाई छिड़ गई है। वैसे सरकार को आईना दिखाने के लिए यह तथ्य काफी है कि देश में अगर मोटापा शहरों और संपन्न तबकों में बढ़ा है, तो उसके साथ कुपोषण की समस्या और गंभीर हुई है। पिछले साल ही मोदी सरकार ने संसद में बताया है कि देश में 5 साल से कम उम्र के करीब 60 प्रतिशत बच्चे गंभीर कुपोषण से पीड़ित हैं।

# निरंकुश अभिव्यक्ति से जुड़े सुप्रीम फैसलों का स्वागत हो

**सोशल मीडिया मंचों पर एंटी सोशल अभिव्यक्ति के चलते उपजी विभाजनकारी एवं विध्वंसकारी प्रवृत्तियों पर अंकुश की जरूरत बताते हुए देश की शीर्ष अदालत ने आत्म-नियमन, वाणी संयम एवं विचार संयम की जरूरत बतायी है। धर्म विशेष के देवी-देवताओं के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट के चलते कई राज्यों में प्राथमिकी दर्ज हुई एवं यह याचिका दायर की गई। दरअसल, जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस के. वी. विश्वनाथन की पीठ ने एक व्यक्ति द्वारा दायर इसी याचिका पर विचार करते हुए कहा कि समाज में विद्वेष, घृणा व नफरत फैलाने वाले संदेश समरसता, सौहार्द एवं सद्भावना के भारतीय परिवेश के लिये गंभीर चुनौती बने हुए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने अभिव्यक्ति की आजादी से जुड़ी इन जटिल होती स्थितियों को गंभीरता से लिया और अनेक धुंधलकों को साफ किया है। अदालत का कहना था कि नागरिकों को अभिव्यक्ति की आजादी के अधिकार का मूल्य समझना चाहिए। साथ ही इस अधिकार का इस्तेमाल करते हुए आत्म-संयम बरतना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने अभिव्यक्ति की आजादी व धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने से जुड़े अनेक मामलों के साथ-साथ ताजा मामले में जो फैसले किए हैं और इस दौरान जो टिप्पणियां की हैं, उसके निहितार्थों को समझते हुए इन अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के जुड़े फैसलों रूपी उजालों का स्वागत होना ही चाहिए। आज सोशल मीडिया जैसे मंचों के बेजा इस्तेमाल की प्रवृति बढ़ रही है, फ़ेसबुक, ट्विटर, यू-ट्यूब जैसे सोशल मंचों एवं टीवी चैनलों पर ऐसी सामग्री परोसी एवं प्रस्तुत की जा रही है, जो अशिष्ट, अभद्र, हिंसक, भ्रामक, राष्ट्र-विरोधी एवं समुदाय विशेष के लोगों को आहत करने वाली होती है, जिसका उद्देश्य राष्ट्र को जोड़ना नहीं, तोड़ना है।**

सुप्रीम कोर्ट ने अभिव्यक्ति की आजादी एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एंटी सोशल अभिव्यक्ति की सुनवाई करते हुए समय-समय पर जो कहा, वह जहां संवैधानिक और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिहाज से खासा अहम है वहीं एक संतुलित एवं आदर्श राष्ट्र एवं समाज व्यवस्था का आधार भी है। सोशल मीडिया मंचों पर एंटी सोशल अभिव्यक्ति के चलते उपजी विभाजनकारी एवं विध्वंसकारी प्रवृत्तियों पर अंकुश की जरूरत बताते हुए देश की शीर्ष अदालत ने आत्म-नियमन, वाणी संयम एवं विचार संयम की जरूरत बतायी है। धर्म विशेष के देवी-देवताओं के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट के चलते कई राज्यों में प्राथमिकी दर्ज हुई एवं यह याचिका दायर की गई। दरअसल, जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस के. वी. विश्वनाथन की पीठ ने एक व्यक्ति द्वारा दायर इसी याचिका पर विचार करते हुए कहा कि समाज में विद्वेष, घृणा व नफरत फैलाने वाले संदेश समरसता, सौहार्द एवं सद्भावना के भारतीय परिवेश के लिये गंभीर चुनौती बने हुए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने अभिव्यक्ति की आजादी से जुड़ी इन जटिल होती स्थितियों को गंभीरता से लिया और अनेक धुंधलकों को साफ किया है। अदालत का कहना था कि नागरिकों को अभिव्यक्ति की आजादी के अधिकार का मूल्य समझना चाहिए। साथ ही इस अधिकार का इस्तेमाल करते हुए आत्म-संयम बरतना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने अभिव्यक्ति की आजादी व धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने से जुड़े अनेक मामलों के साथ-साथ ताजा मामले में जो फैसले किए हैं और इस दौरान जो टिप्पणियां की हैं, उसके निहितार्थों को समझते हुए इन अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के जुड़े फैसलों रूपी उजालों का स्वागत होना ही चाहिए। आज सोशल मीडिया जैसे मंचों के बेजा इस्तेमाल की प्रवृति बढ़ रही है, फ़ेसबुक, ट्विटर, यू-ट्यूब जैसे सोशल मंचों एवं टीवी चैनलों पर ऐसी सामग्री परोसी एवं प्रस्तुत की जा रही है, जो अशिष्ट, अभद्र, हिंसक, भ्रामक, राष्ट्र-विरोधी एवं समुदाय विशेष के लोगों को आहत करने वाली होती है, जिसका उद्देश्य राष्ट्र को जोड़ना नहीं, तोड़ना है। इन सोशल मंचों पर ऐसे लोग सक्रिय हैं, जो तोड़-फोड़ की नीति में विश्वास करते हैं, वे चरित्र-हनन और गाली-गलौच जैसी औछी हरकतें करने के लिये उद्यत रहते हैं तथा उच्छृंखल एवं विध्वंसात्मक नीति अपनाते हुए अराजक माहौल बनाते हैं। एक प्रगतिशील, सभ्य एवं शालीन समाज में इस तरह की हिंसा, अश्लीलता, नफरत और भ्रामक सूचनाओं की कोई जगह नहीं होनी चाहिए, लेकिन विडम्बना है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता कानून के चलते सरकार इन अराजक स्थितियों पर काबू नहीं कर पा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने चेताया है कि यदि सोशल मीडिया पर विभाजनकारी प्रवृत्तियों पर अंकुश नहीं लगता तो सरकार को हस्तक्षेप करने का मौका मिलता है, जो एक अच्छी स्थिति नहीं होगी। आज सोशल मीडिया, समाचार चैनलों और राजनीतिक मंचों पर जिस प्रकार की उग्र भाषा, झूठे आरोप, धार्मिक विद्वेष और भावनात्मक उकसावे देखे जा रहे हैं, वे न केवल समाज को विभाजित कर रहे हैं, बल्कि लोकतांत्रिक संवाद की गरिमा को भी ठेस पहुँचा रहे हैं। यही वजह है कि कोर्ट को कहना पड़ा कि वह नियमन के लिये दिशा-निर्देश जारी करने पर विचार कर रही है। दरअसल, अदालत का मानना था कि भारत के संविधान का अनुच्छेद 19(1)(ए) नागरिकों को 'अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता' देता है, इसके तहत प्रत्येक नागरिक को विचार, वाणी, लेखन, चित्रण आदि के माध्यम से स्वतंत्र रूप से अपनी बात कहने का अधिकार है। लेकिन आज इस अधिकार के दुरुपयोग की घटनाएं जिस प्रकार सामने आ रही हैं, वह चिंता का विषय बन चुकी हैं। इसलिए आज जरूरत है विचार संयम और वाणी संयम की। इसीलिये अनुच्छेद 19(2) इसके कुछ 'उचित प्रतिबंध' भी निर्धारित करता है जैसे भारत की संप्रभुता और अखंडता, देश की सुरक्षा, राज्य की अखंडता, लोक व्यवस्था, शालीनता या नैतिकता, अश्लील या अनैतिक भाषण, अदालत की अवमानना, मानहानि, अपराध के लिए उकसावा एवं अन्य देशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंधों से जुड़ी अराजकता पर प्रतिबंध, इन प्रतिबंधों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि स्वतंत्रता का उपयोग अनुशासन और राष्ट्रीय हितों की मर्यादा में हो। संविधान के अनुच्छेद 19(2) के तहत मिली आजादी असीमित कदापि नहीं है। ताजा मामलों में कई राज्यों में स्वतंत्र अभिव्यक्ति के नियमन को लेकर सरकारी कार्रवाई को लेकर भी सवाल उठते रहे हैं। कई जगह विचारों की अभिव्यक्ति व कार्टून आदि बनाने को राजनीतिक दुराग्रह बताते हुए लोगों को गिरफ्तार तक किया गया है। जिसे राजनीतिक दलों द्वारा बदले की भावना से की कार्रवाई बताया जाता रहा है। आरोप लगाया जाता रहा है कि सत्तारूढ़ दल की विचारधारा के अनुरूप अमर्यादित एवं अशालीन अभिव्यक्ति के बावजूद कोई एक्शन नहीं लिया जाता। लेकिन दूसरे राज्य में अन्य राजनीतिक दल की सरकार में यही अभिव्यक्ति अपराध बन जाती है। कोई नहीं चाहता कि आम नागरिक की अभिव्यक्ति की आजादी को सरकार नियंत्रित करे। सही मायनों में लोगों को समझना चाहिए कि देश की एकता व अखंडता बनाये रखना मौलिक कर्तव्य ही है। अदालत ने इस बाबत सवाल भी किया कि नागरिक स्वयं को संयमित क्यों नहीं कर सकते? राजनीतिक दल, धार्मिक नेता या उग्रवादी कार्यकर्ता क्यों समाज में विषवमन करते हुए विवादास्पद एवं वर्ग-धर्म विशेष के लोगों की भावनाओं को आहत करने वाले कटू एवं कड़वे बयान देते हैं? कोर्ट का मानना था कि लोग तभी अभिव्यक्ति की आजादी का आनन्द ले सकते हैं जब यह संयमित ढंग से व्यक्त की जाए। शीर्ष अदालत की पीठ का मानना था कि नागरिकों के बीच भाईचारा होना चाहिए, तभी समाज में नफरत से मुकाबला किया जा सकता है। तभी हम गंगा-जमुनी सांझा संस्कृति के राष्ट्र एवं समाज का निर्माण कर सकते हैं। आज के दौर में हमें विचार संयम और वाणी संयम को अपनी संस्कृति और लोकतंत्र की आधारशिला बनाना होगा। जैसाकि स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि बोलने से पहले तीन बार सोचो, क्या यह सत्य है? क्या यह आवश्यक है? क्या यह दूसरों को आहत तो नहीं करेगा? संविधान हमें अधिकार देता है, लेकिन उसके साथ आत्मानुशासन और समाजहित की अपेक्षा भी करता है। यदि हम इसे समझ लें, तो हमारा लोकतंत्र और अधिक सशक्त और समरस बन सकता है। अभिव्यक्ति की आजादी लोकतंत्र की आत्मा है, लेकिन जब यह सीमा पार करती है तो देश की एकता, अखंडता और सामाजिक समरसता को खतरा उत्पन्न होता है। सुप्रीम कोर्ट बार-बार यह संदेश दे रहा है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के साथ जिम्मेदारी और मर्यादा जुड़ी है। पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का भी मानना था कि यदि आपके शब्द राष्ट्र को प्रेरित करने की बजाय भटकाने लगे, तो वह आजादी नहीं, अराजकता है। सोशल मीडिया आज एक ऐसा ही अस्त्र बन गया है जो जरा सी चूक से घातक साबित हो सकता है। वास्तव में हर नागरिक को इतना सचेत व जागरूक होना जरूरी है कि वह विभिन्न स्रोतों से आने वाली सामग्री से जुड़ी मंशा को समझ सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा था कि ल्ललोकतंत्र में मतभेद होना स्वाभाविक है, लेकिन मर्यादा टूटे तो वह विरोध नहीं, विघटनकारी गतिविधि बन जाती है।ङ्क ऐसी ही विघटनकारी गतिविधियां सोशल मीडिया पर विनाशकारी स्वरूप लेती जा रही है। यह निर्विवाद सत्य है कि विभिन्न राजनीतिक दलों व संगठनों द्वारा सोशल मीडिया मंच का जमकर दुरुपयोग किया जाता रहा है। वहीं लोगों का कसूर यह है कि दल विशेष के एजेंडे वाली सामग्री को वे बिना पढ़े, दूसरे लोगों व समूहों में शेयर कर देते हैं। दरअसल, आम नागरिकों को प्रशिक्षित किया जाना चाहिए कि सोशल मीडिया पर उनका संयमित व्यवहार कैसा होना चाहिए? बहुत से लोगों को यह पता नहीं होता है कि सोशल मीडिया पर शेयर की जा रही सामग्री की कितनी संवेदनशीलता है? कई लोग जाने-अनजाने में ऐसी सामग्री दूसरे व्यक्तियों व समूहों में शेयर कर देते हैं जो राष्ट्र एवं समाज विरोधी हो सकती है। दरअसल, वे उसकी मूल सामग्री को बनाने वाले के छिपे एजेंडे को नहीं भांप पाते। कभी-कभी भावावेश में लोग ऐसे कदम उठा देते हैं। जाहिर है, उच्छृंखल हुए बिना आजादी के उपयोग में ही नागरिक का भी भला है और समाज का भी। **-ललित गर्ग**

# पाकिस्तान में तख्ता पलटा तो...!

**डॉ. प्रभात ओझा**

पाकिस्तान में सत्ता पलट की सुगबुगाहट होने लगी है। हमारा दूसरा पड़ोसी बांग्लादेश भी शांत नहीं है। यूं तो इन दोनों देशों में इस तरह की हलचल का जुलाई में होने वाली ऐतिहासिक घटनाओं से कोई नाता नहीं है, फिर भी कुछ को याद करना चाहिए। वर्ष 1658 में जुलाई की पांच तारीख थी, जब मुगल शासक औरंगजेब ने अपने बड़े भाई मुराद बख्श को बंदी बना लिया था। वह शाहजहां के बीमार पड़ने के बाद सत्ता की लड़ाई का नतीजा था। मथुरा के पास बंदी बनाया गया मुराद बख्श आगरा में कैद कर रखा गया। बाद में 1661 में उसकी मौत हो गई थी। यह घटना बहुत पुरानी है। तख्ता पलट के ताजा मामले पाकिस्तान में हुए हैं। बात जुलाई की हो रही है, तो 1977 में इसी महीने की पांच तारीख को ही जुल्फिकार अली भुट्टो को सत्ता से हटाकर जनरल जिया उल हक ने कब्जा कर लिया था। ऐसा करने वाले वे चौथे सैनिक तानाशाह थे। हालांकि वे 11 साल तक सत्ता में बने रहे और एक रहस्यमयी विमान दुर्घटना में मारे गये। इतिहास की ये घटनाएं पाकिस्तान में ताजा हलचल के बीच याद की जा रही हैं। खबरें साफ होने लगी हैं कि पाकिस्तान फिर सत्ता के खिलाफ साजिश के दौर से गुजर रहा है। आतंकवाद के विरुद्ध पाकिस्तान में ऑपरेशन सिंदूर के बाद वहां सब कुछ सामान्य नहीं है। आतंकवादियों को संरक्षण देने वाली पाकिस्तान की छवि इस ऑपरेशन के बाद और भी स्पष्ट हुई है। यह अकारण नहीं है कि जुल्फिकार अली भुट्टो के नवासे और बेनजीर भुट्टो के बेटे बिलावल भुट्टो ने कुछ दिन पहले ही हाफिज सईद और मसूद अजहर जैसे आतंकियों को भारत को सौंपने की जरूरत बताई थी। ये चेहरे दुनियाभर में, खासकर भारत के खिलाफ आतंकवाद के बड़े सरगना हैं। बिलावल ने यह जरूरत क्यों बताई और इसके पीछे उनके वालिद और पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी को बचाने की मंशा है, इस पर चर्चा चल सकती है। वैसे पिता-पुत्र के रिश्ते भी चर्चा से बाहर नहीं हैं। जो भी हो, राष्ट्रपति को बचाने के प्रयास का चर्चा में आना अस्वाभाविक नहीं है। इसे सेनाध्यक्ष जनरल आसिम मुनीर और राष्ट्रपति जरदारी के बीच तनाव की खबरों से भी जोड़कर देखा जा सकता है। जनरल मुनीर जिस तरह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ लंच के भागीदार बने, तभी से अमेरिका के पाकिस्तान की सत्ता में फिर से रुचि बढ़ने के कयास लगने लगे थे। अब जनरल ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाकात कर नई चर्चा को हवा दी है। कहते हैं कि जनरल फिलहाल पाकिस्तानी प्रधानमंत्री को साथ रखना चाहते हैं। इसी योजना के तहत दोनों की मुलाकात हुई है। वैसे जरूरत पड़ने पर मुनीर प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को भी किनारे लगा सकते हैं। जहां तक पाकिस्तानी अवाम का सवाल है, भारत की सैन्य कार्रवाई के दौरान उसे लगता है कि पाकिस्तानी सेना को वहां के राष्ट्रपति की ओर से'खुले हाथ'नहीं रखा गया। वैसे मुनीर ने भी कम डींगे नहीं हांकी, फिर भी 'कौन अधिक झूठा'की लड़ाई जोरों पर है। देखना है कि यह लड़ाई तख्तापलट तक कैसे पहुंचती है। ऐसा हुआ तो यह आधिकारिक रूप से पाकिस्तान में पांचवां तख्तालट होगा। ऐसा हुआ तो निश्चित ही भारत का इस पड़ोसी के साथ रिश्ता एक बार और नये सिरे से देखा जायेगा। इतिहास में तख्तापलट शब्द का पहली बार प्रयोग 19वीं सदी में हुआ था।उस वक्त अमेरिका, पुर्तगाल, स्पेन और लैटिन को तख्तापलट का सामना करना पड़ा। तख्तापलट क्या होता है, यह भी जानना जरूरी है। यह वो परिस्थिति है जब किसी देश की सेना, अर्धसैनिक बल या फिर विपक्षी पार्टी वर्तमान सरकार को हटाकर खुद सत्ता पर काबिज हो जाती हैं। सैन्य तख्तापलट में सेना सरकार को हटाकर एक दिखावटी असैन्य सरकार स्थापित कर देती है। पाकिस्तान कई बार तख्तापलट देख चुका है। पहला तख्तापलट 1953-54 में हुआ था। इस दौरान तत्कालीन गवर्नर-जनरल गुलाम मोहम्मद ने प्रधानमंत्री ख्वाजा नजीमुद्दीन की सरकार को बर्खास्त कर दिया था। दूसरा तख्तापलट 1958 में हुआ, जब तत्कालीन राष्ट्रपति मेजर जनरल इस्कंदर अली मिर्ज़ा ने संविधान सभा और तत्कालीन फिरोज खान नून की सरकार को बर्खास्त कर दिया। 1977 में सेना प्रमुख जनरल जियाउल हक के नेतृत्व में तत्कालीन प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो की सरकार गिराई गई थी। चौथा तख्तापलट 1999 में सेना प्रमुख जनरल परवेज मुशर्रफ ने किया था।

## सेहत मंत्र

# खड़े होकर पानी पीने से किडनी और हृदय रोग का बढ़ जाता है खतरा


पानी यानी की जल हमारे जीवन का अहम हिस्सा है और इसके बिना जीवन की कल्पना कर पाना भी मुश्किल है। सभी को पता है कि हर व्यक्ति को दिन में कम से कम 2 से 3 लीटर पानी पीना चाहिए ताकि उसका शरीर निरोग व स्वस्थ रहे। पर्याप्त पानी पीने से शरीर के हानिकारक तत्व मल मूत्र के जरिए बाहर निकलते हैं । लेकिन क्या आप जानते हैं कि आपके द्वारा पानी पीने का गलत तरीका आपके लिए मुश्किलें खड़ी कर सकता है। खड़े होकर पानी पीने से न केवल हमारे पाचन तंत्र को नुकसान पहुंचता है बल्कि हृदय और किडनी संबंधित समस्याएं भी पैदा हो सकती हैं । अगर आप खड़े होकर पानी पीते हैं तो आपको अपनी ये आदत सुधारने की जरूरत है। अपने अक्सर अपने बड़े-बुजुर्गों से सुना होगा कि बैठ कर शांति से पानी पीना चाहिए। दरअसल विज्ञान कहता है कि बैठने से हमारी मांसपेशियां और नर्वस सिस्टम रिलेक्स हो जाता है और तब पानी पीने से शरीर को फायदा मिलता है। जबकि कुछ लोग जल्दबाजी में खड़े होकर व चलते-फिरते ही पानी पीते हैं, जो न उनके स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है बल्कि कई अंगों को काम करने में भी दिक्कत होती है। अगर आप भी खड़े होकर पानी पीने के नुकसान से अनजान हैं तो हम आपको इससे जुड़े कई तथ्य बताने जा रहे हैं, जो आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं। खड़े होकर पानी पीने से पानी गुर्दों से बिना साफ हुए शरीर में पहुंच जाता है, जिसके कारण पानी में मौजूद हानिकारक पदार्थ आपके पूरे शरीर में फैल सकते हैं । ऐसी स्थिति में पानी बिना छने ही किडनी से बाहर निकलने लगता है जिसके कारण किडनी में कई प्रकार की इंफ़ेक्शन हो जाते हैं। खड़े होकर पानी पीने से इसोफ़ेगस के जरिए तेजी से पानी पेट में पहुंचता है और आपके पेट पर अधिक प्रेशर पड़ता है। पेट पर प्रेशर पड़ने से पेट व आसपास की जगह और डाइजेस्टिव सिस्टम को क्षति पहुंचती है। पानी के तेजी से पेट में जाने के कारण पानी इंप्योरिटीज ब्लैडर में जमा हो जाता है, जिससे किडनी को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है।

## धर्म मंत्र

# हनुमानजी और लक्ष्मणजी दोनों ही वैराग्य की प्रतिमूर्ति हैं

विगत अंक में हमें यह देखकर परम आश्चर्य हुआ था कि सुग्रीव को श्री हनुमान जी ने आखिर ऐसा कौन-सा मंत्र दिया था, कि सुग्रीव भयभीत भी हुआ और प्रभु श्रीराम जी की सेवा में उपस्थित होने का संकल्प भी ले लेता है। आपने ध्यान से अध्ययन किया होगा तो पाया होगा कि श्री लक्ष्मण जी सुग्रीव को चार विधियों का विशेष प्रकार का ज्ञान प्रदान करते हैं। जिसे पाने के पश्चात सुग्रीव में आमूल चूल परिर्वतन आ जाता है। पथभ्रष्ट कदम पुनः अपने मूल की और पलट जाते हैं। सोचिए अगर वह विधि आज के मानव को मिल जाये, तो मानव का तो कल्याण ही हो जायेगा। कारण कि सुग्रीव की ही भाँति आज का मानव भी तो ऐसे ही समस्त विषयों से त्रस्त है। बलात्कार, अनाचार व अन्य जघन्य अपराध इन विषयों की ही तो पौध हैं। जिन्हें समाप्त करने के लिए एक से एक उपाय किए जा रहे हैं। लेकिन तब भी परिणाम पूर्णतः शून्य से अधिक तो आ ही नहीं रहा न। घर से लेकर पाठशाला, पाठशाला से लेकर उच्च शिक्षा केन्द्र और साथ में विभिन्न प्रकार की धार्मिक की शिक्षाएँ, सब मिलकर भी वर्तमान मनुष्य की विषाक्त बुद्धि का विष हर नहीं पा रहे हैं। लेकिन यहाँ श्री हनुमान जी ने ऐसा मंत्र फूँका कि फनीअर नाग को भी सुंदर फूलों की माला बनने में क्षण मात्र न लगा। यूँ लगा कि कोई कुआँ सदियों से कड़वा था और श्री हनुमान जी ने पता नहीं कौन-सी शहद की चार बूंदें डालीं कि पूरा कुआँ ही शहद का स्रोत बन गया। हमें निश्चित ही श्री हनुमान जी द्वारा प्रदत, वह चारों विधियों का ज्ञान पाने का प्रयास करना ही होगा। क्योंकि उस महान ज्ञान का प्रभाव हम अपनी आंखों से सुग्रीव के जीवन में देख ही पा रहे हैं।

## पर्यटन



# बर्फ के बीच कुदरती सौंदर्य का खज़ाना है हिमाचल प्रदेश का लाहुल-स्पीति

मैदानों में गर्मी की तपिश है तो देश में ऐसे भी क्षेत्र हैं, जहां बिछी है बर्फ की चादर। इन्हें नैसर्गिक स्वरूप में देखना हो तो चले आइए लाहुल-स्पीति। विशाल पर्वतों के दायरे, बर्फीली वादियों और इनके बीच बसी स्पीति घाटी। इस जगह पर बारिश नहीं, बस बर्फबारी होती है। साल के 6 माह जहां देखें बस बर्फ की सफ़ेद चादर बिछी होती है। हरियाली का नामोनिशा नहीं। हां, लाहुल में आपको जंगल मिल जाएंगे, लेकिन यहां लद्दाख और तिब्बत की सीमा से सटी झीलों और हिमखंडों से घिरी स्पीति घाटी में यह हरियाली नहीं मिलेगी। दरअसल, लाहुल-स्पीति आने का एहसास अनिवर्चनीय है। गोंपा और बौद्ध भिक्षुओं के मंत्रोच्चारण की गूंज ऐसी अलौकिक अनुभूति से भर देती है कि आप उसे ताउम्र नहीं भुला पाते। प्राचीन काल से यह स्थान घुमक्कड़ों, बौद्ध साधकों, व्यापारियों और खोजियों को अपने मोहपाश में बांधता आया है। यदि आप एडवेंचर के शौकीन हैं तो आप पाएंगे कि यह आपके लिए रोमांच का एक आदर्श पड़ाव है। लाहुल स्पीति भी खास है। यहां के मंडी संसदीय क्षेत्र के टशीगंग मतदान केंद्र को दुनिया का सबसे ऊंचा मतदान केंद्र होने का गौरव हासिल हुआ है। टशीगंग 15256 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। इस मतदान केंद्र में कुल 49 मतदाता हैं। इसमें 29 पुरुष व 20 महिलाएं हैं। खास बात यह है कि इस बार इतनी ऊंचाई पर यह मतदान केंद्र पहली बार मतदाताओं के लिए तैयार किया गया है। पहले यह मतदान केंद्र कम ऊंचाई वाले सामुदायिक भवन में था। बरसात के कारण जब यह सामुदायिक भवन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया, तब इसे राजकीय प्राथमिक स्कूल टशीगंग के भवन में स्थापित किया गया था। लाहुल घाटी में बारालाचा दर्रा सैलानियों की पहली पसंद बनने लगा है। यह दर्रा मनाली व लाहुल को लेह से जोड़ता है। इस दर्रे पर आपको जून-जुलाई में भी बर्फ के दीदार हो सकते हैं। मनाली से लेह जाने वाला हर यात्री यहां रुककर बर्फ में अठखेलियों का आनंद लेता है। वास्तव में यह पूरा रास्ता दिलफरेब है।





# राष्ट्रीय खेल विधेयक के मसौदे को तैयार करने में आईओसी से परामर्श किया गया: मांडविया

एजेंसी



नयी दिल्ली। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने बृहस्पतिवार को कहा कि राष्ट्रीय खेल संचालन विधेयक का मसौदा न केवल यहां के हितधारकों, बल्कि अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) और विश्व में फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा जैसी अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से भी राय लेकर तैयार किया गया है। यह विधेयक 21 जुलाई से शुरू होने वाले संसद के मानसून सत्र में पेश किया जाएगा। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए), राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ), कॉरपोरेट जगत और खिलाड़ियों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी वाले एक दिवसीय 'खेलो भारत सम्मेलन' को संबोधित करते हुए मंत्री ने विधेयक पारित कराने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई, जिसके लिए उन्होंने पूर्व खेल मंत्री और कांग्रेस नेता अजय माकन से भी चर्चा की है। मांडविया ने कहा, ''मैंने एनएसएफ, खिलाड़ियों, कोचों के साथ कई बार विचार-विमर्श किया और जब ड्राफ्ट को सुझावों के लिए ऑनलाइन डाला गया तो जनता से 600 इनपुट भी प्राप्त किए। मैंने खेलों से जुड़े वकीलों के साथ भी तीन घंटे की बैठक की ताकि उनका दृष्टिकोण समझा जा सके। उन्होंने कहा, ''आईओसी के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय खेल महासंघों से भी परामर्श किया गया। फीफा का एक सवाल था और मैंने उनके साथ चर्चा करने के लिए एक अधिकारी को उनके मुख्यालय भेजा। राष्ट्रीय खेल विधेयक अब पूरी तरह से तैयार है और इसे मानसून सत्र के दौरान संसद में पेश किया जाएगा। विधेयक में देश के खेल प्रशासकों को एक नियामक बोर्ड के प्रावधान के साथ अधिक जवाबदेह बनाने का प्रयास किया गया है। इसके अलावा विधेयक में शासन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए नैतिकता आयोग और विवाद समाधान आयोग की स्थापना का प्रस्ताव है। आईओए ने इसका विरोध किया है, जिसका मानना है कि नियामक बोर्ड सभी एनएसएफ के लिए नोडल निकाय के रूप में उसकी स्थिति को कमजोर करेगा। मांडविया ने कहा, ''मैंने अजय माकन (वरिष्ठ कांग्रेस नेता) से भी बात की। उन्होंने इस विधेयक को पारित करवाने के लिए अच्छे प्रयास किए हैं।

## मांडविया ने एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप के पदक विजेताओं को किया सम्मानित

नयी दिल्ली। केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने अंडर-15, अंडर-17, अंडर-20 और अंडर-23 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2025 के पदक विजेताओं से मुलाकात कर उन्हें सम्मानित किया। डॉ. मांडविया ने आज सोशल मीडिया मंच एक्स पर अंडर-15, अंडर-17, अंडर-20 और अंडर-23 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2025 के पदक विजेताओं से मुलाकात की तस्वीरें साझा की। इस अवसर पर पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। डॉ. मांडविया ने कहा कि पहलवानों के धैर्य, दृढ़ संकल्प और अथक परिश्रम ने देश को गौरवान्वित किया है। मैं उनके खेल जीवन में निरंतर सफलता की कामना करता हूँ। इस दौरान खिलाड़ियों ने डॉ. मांडविया से बातचीत की और खिलाड़ियों ने उनके साथ अपने-अपने अनुभव साझा किये।

# रसेल ने की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा

एजेंसी




किंग्स्टन। वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर आंद्र रेसल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का एलान कर दिया है। ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के बीच आगामी पांच मैचों की घरेलू टी20 सीरीज के शुरुआती दो मैच टीम के लिए उनके आखिरी मुकाबले होंगे। सेंतीस वर्षीय रसेल को पांच मैचों की सीरीज के लिए विंडीज की टीम में शामिल किया गया है। इस सीरीज के शुरुआती दो मैच जमैका के सबीना पार्क में खेले जाएंगे, जो इस ऑलराउंडर का घरेलू मैदान है। विंडीज क्रिकेट ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए उनके संन्यास की खबर के बारे में जानकारी दी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 16 सदस्यीय वेस्टइंडीज टीम में शामिल आंद्रे रसेल 20 जुलाई से शुरू होने वाली टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे। पिछले साल के अंत में चोट के कारण वह इंग्लैंड के खिलाफ टीम का हिस्सा नहीं बन पाए थे। दो बार के विश्व चैंपियन और 2012 और 2016 में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा रहे जमैका के रसेल अपने आखिरी दो अंतरराष्ट्रीय मैच 20 और 22 जुलाई को अपने घरेलू मैदान सबीना पार्क में खेलेंगे। रसेल वेस्टइंडीज का प्रतिनिधित्व करने के लिए आभारी हैं और उन्होंने एक दशक से भी ज़्यादा समय तक मैरून जर्सी पहनने पर गर्व व्यक्त किया। उन्होंने क्रिकेट वेस्टइंडीज से कहा, शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता कि इसका क्या मतलब था। वेस्टइंडीज का प्रतिनिधित्व करना मेरे जीवन की सबसे गौरवपूर्ण उपलब्धियों में से एक रहा है। जब मैं बच्चा था, तो मुझे इस स्तर तक पहुँचने की उम्मीद नहीं थी, लेकिन जैसे-जैसे आप खेलना शुरू करते हैं और खेल से प्यार करने लगते हैं, आपको एहसास होता है कि आप क्या हासिल कर सकते हैं। क्रिकेट ने मुझे बेहतर बनने के लिए प्रेरित किया क्योंकि मैं मैरून रंगों में अपनी छाप छोड़ना चाहता था और दूसरों के लिए प्रेरणा बनना चाहता था। दो बार के विश्व चैंपियन टीम का हिस्सा रहे रसेल ने घरेलू दर्शकों के सामने अपने करियर का अंत करने के बारे में बताया और खेल को एक यादगार विदाई देने की उम्मीद जताई। जमैका के खिलाड़ी ने कहा, ल्लमुझे वेस्टइंडीज के लिए खेलना पसंद है और मुझे अपने परिवार और दोस्तों के सामने घर पर खेलना पसंद है जहाँ मुझे अपनी प्रतिभा दिखाने और बेहतर प्रदर्शन करने का मौका मिलता है। मैं अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का अंत शानदार तरीके से करना चाहता हूँ और कैरेबियाई देशों से आने वाली अगली पीढ़ी के क्रिकेटरों के लिए एक आदर्श बनना चाहता हूँ।

# विश्व कप में अभी समय है, एक बार में एक मैच पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं: दीप्ति शर्मा

एजेंसी

साउथम्पटन। अनुभवी ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा का मानना है कि जहां तक आगामी महिला एकदिवसीय विश्व कप की तैयारियों का सवाल है तो भारतीय टीम सही राह पर है लेकिन उन्होंने कहा कि अभी इस टूर्नामेंट के आयोजन में दो महीने का समय है और फिलहाल टीम का ध्यान इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा श्रृंखला पर केंद्रित है। दीप्ति ने इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार को यहां खेले गए पहले वनडे में नाबाद 62 रन बनाकर भारत की चार विकेट से जीत में अहम भूमिका निभाई। भारतीय टीम महिला वनडे विश्व कप से पहले 14 सितंबर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ स्वदेश में वनडे श्रृंखला खेलेगी। विश्व कप 30 सितंबर से खेला जाएगा जिसमें भारतीय टीम का पहला मैच श्रीलंका से होगा। दीप्ति ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले वनडे के बाद संवाददाताओं से कहा, ''जहां तक विश्व कप के लिए तैयारी का सवाल है तो हम सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। हमने एक टीम के रूप में श्रीलंका और यहां अच्छा प्रदर्शन किया है। विश्व कप में अभी समय है और अभी हम एक बार में एक मैच पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। उनका मानना है कि उनकी शांतचित्तता ने लक्ष्य को आसानी से हासिल करने में मदद की और जेमिमा रोड्रिग्स के साथ उनकी 90 रन की साझेदारी महत्वपूर्ण साबित हुई। उन्होंने कहा, '' मैं जानती हूं कि मैं शांत रहकर पूरे धैर्य के साथ पारी आगे बढ़ा सकती हूं। यह (रोड्रिग्स के साथ साझेदारी) हमारे लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ था। जब मैं जेमी (रोड्रिग्स का उपनाम) के साथ बल्लेबाजी कर रही थी तो हमने साझेदारी निभाने और प्रति ओवर 5⁄6 रन बनाने पर ध्यान दिया और इसमें हम सफल रहे।

# बांग्लादेश ने तीसरे टी-20 में श्रीलंका को 8 विकेट से हराया, सीरीज़ 2-1 से जीती

एजेंसी




कोलंबो। तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के निर्णायक मुकाबले में बुधवार को बांग्लादेश ने श्रीलंका को 8 विकेट से हराकर सीरीज़ 2-1 से अपने नाम कर ली। इस जीत में सलामी बल्लेबाज़ तंजीद हसन तमीम की करियर की सर्वश्रेष्ठ नाबाद 73 रन की पारी निर्णायक रही।

श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी का फैसला किया और 20 ओवरों में सात विकेट पर 132 रन बनाए। जवाब में बांग्लादेश ने 2 विकेट पर 133 रन बनाकर 21 गेंद शेष रहते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। बांग्लादेश की शुरुआत खराब रही और पारी की पहली ही गेंद पर परवेज़ हुसैन इमोन (0) नुवान तुषारा की गेंद पर एलबीडब्ल्यू हो गए। इसके बाद तमीम और कप्तान लिटन दास ने मिलकर 50 गेंदों में 74 रन की साझेदारी कर पारी को संभाला। लिटन ने 32 रन बनाए और कामिंदु मेंडिस की गेंद पर कुसल परेरा को कैच थमाया। इसके बाद तमीम और तौहीद हृदय ने मिलकर नाबाद 59 रन की साझेदारी की और टीम को जीत तक पहुंचाया। तमीम ने 47 गेंदों पर 6 छक्के और 1 चौका लगाकर नाबाद 73 रन बनाए। यह उनका टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर है, जो इससे पहले उन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ 67 रन बनाए थे। हृदय 27 रन बनाकर नाबाद रहे। इससे पहले बांग्लादेश के ऑफ स्पिनर मेहदी हसन ने घातक गेंदबाज़ी करते हुए अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और 4 ओवर में सिर्फ 11 रन देकर 4 विकेट लिए। इससे पहले उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन वेस्टइंडीज के खिलाफ 4/13 था। श्रीलंका ने तेज़ शुरुआत की और पहले ओवर में 14 रन बनाए, लेकिन शोरीफुल इस्लाम ने ओवर की आखिरी गेंद पर कुसल मेंडिस (6) को हृदय के हाथों डीप स्क्वेयर लेग पर कैच करवा दिया। इसके बाद श्रीलंका की पारी ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। कुसल परेरा (0) को मेहदी हसन ने स्लिप में तमीम के हाथों कैच कराया, वहीं दिनेश चांदीमल (4) और कप्तान चरिथ असलंका (3) भी सस्ते में पवेलियन लौट गए। पथुम निसांका ने 46 रनों की संघर्षपूर्ण पारी खेली और टीम के टॉप स्कोरर रहे, उन्हें भी मेहदी हसन ने ही कैच आउट किया। श्रीलंका की ओर से कामिंदु मेंडिस ने 15 गेंदों में 21 रन बनाए जबकि दासुन शनाका 25 गेंदों में 35 रन बनाकर नाबाद रहे। आखिरी ओवर में श्रीलंका ने कुल 22 रन बनाए, जिनमें से 21 रन अकेले शनाका ने बनाए।


# एनआरएआई अध्यक्ष देव ई-स्पोर्ट्स की आईएसएसएफ समिति के अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त

नयी दिल्ली। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव को अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) की ई-स्पोर्ट्स, ई-गेम्स और तकनीकी नवाचार समिति का अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नवगठित समिति आईएसएसएफ द्वारा वर्चुअल और इस तरह के प्रारूपों को निशानेबाजी की मुख्य धारा में लाने के लिए महत्वपूर्ण पहल है।

एक प्रेस विज्ञप्ति में देव के हवाले से कहा गया, ''आईएसएसएफ द्वारा मुझे यह जिम्मेदारी सौंपे जाने पर मैं बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं। खेल का भविष्य प्रौद्योगिकी पर निर्भर है। हम वर्चुअल और ई-शूटिंग को मुख्यधारा में लाने के लिए खाका तैयार करने की दिशा में काम कर रहे हैं।

# टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स, बॉश ने इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सेमीकंडक्टर उत्पादन के लिए मिलाया हाथ

एजेंसी



नयी दिल्ली। इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माता टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स ने इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सेमीकंडक्टर उद्योगों के कई प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग के लिए जर्मनी की प्रौद्योगिकी कंपनी रॉबर्ट बॉश जीएमबीएच के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। भारतीय प्रौद्योगिकी कंपनी ने बृहस्पतिवार को बताया कि दोनों कंपनियों के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन के तहत टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स और बॉश असम में आगामी 'असेंबली' एवं परीक्षण इकाई और गुजरात के 'फाउंड्री' (कारखाने) में चिप पैकेजिंग तथा विनिर्माण में सहयोग करेंगी। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रणधीर ठाकुर ने कहा, '' यह साझेदारी भारत में एक समग्र सेमीकंडक्टर एवं इलेक्ट्रॉनिक परिवेश तैयार करने में मदद करने की हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप है। इसमें दुनिया भर के ग्राहकों के लिए अनुकूल पेशकशें शामिल हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हमारा सहयोग वैश्विक मंच पर भारतीय इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण क्षेत्र की नेतृत्वकारी स्थिति बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। रॉबर्ट बॉश जीएमबीएच के कार्यकारी उपाध्यक्ष (सेमीकंडक्टर संचालन) डर्क क्रेस ने कहा कि बॉश उन्नत 'ऑटोमोटिव इलेक्ट्रॉनिक' की बढ़ती मांग और परिवहन के भविष्य को आकार देने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को समझता है। बढ़ती जरूरतों को पूरा करने और आपूर्ति श्रृंखला के लचीलेपन को बढ़ावा देने के लिए बॉश को टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ साझेदारी करके खुशी हो रही है।

# 18 जुलाई से शुरू हो रही वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में एबी डिविलियर्स की धमाकेदार वापसी होगी

एजेंसी

बर्मिंघम। इस साल की वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में एबी डिविलियर्स की चार साल बाद वापसी देखने को मिलेगी, साथ ही युवराज सिंह, शिखर धवन, हरभजन सिंह, ब्रेट ली, क्रिस गेल, कीरोन पोलार्ड और इयोन मोर्गन जैसे वैश्विक दिग्गज भी खेलेंगे-जो प्रतिद्वंद्विता को फिर से जीवंत करेंगे और उस जादू को फिर से जीवंत करेंगे जिसने उन्हें दिग्गज बनाया। 18 जुलाई से 2 अगस्त तक बर्मिंघम, नॉर्थम्प्टन, लीसेस्टर और लीड्स में आयोजित होने वाला डब्ल्यूसीएल 2025, इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) द्वारा अनुमोदित एक भव्य ग्रीष्मकालीन आयोजन में बीते जमाने के नायकों को एक साथ लाता है। इस टूर्नामेंट का व्यापक आकर्षण, ऐतिहासिक प्रतिद्वंद्विताएँ और पुरानी यादों को ताजा करने के लिए एकदम उपयुक्त बनाती है: अविस्मरणीय यात्राएँ और सीमाओं के पार खुशी के यादगार पल प्रदान करना। इंग्लैंड चैंपियन शुक्रवार को टूर्नामेंट के पहले मैच में पाकिस्तान चैंपियन से भिड़ेंगे। बॉलीवुड अभिनेता और डब्ल्यूसीएल के सह-मालिक अजय देवगन ने कहा, ''ईजमाईट्रिप का प्रेजेंटिंग पार्टनर के रूप में शामिल होना डब्ल्यूसीएल के लिए एक बड़ी जीत है। उनका मजबूत उपभोक्ता जुड़ाव, डिजिटल पहुंच और भारतीय खेलों के लिए अटूट समर्थन उन्हें क्रिकेट की विरासत का जश्न मनाने वाली लीग के लिए आदर्श भागीदार बनाता है। हम साथ मिलकर कई अविस्मरणीय पल बनाने के लिए उत्साहित हैं। वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स के संस्थापक और सीईओ हर्षित तोमर ने कहा, ''ईजमाईट्रिप भारत में यात्रा क्रांति में अग्रणी रहा है और लगातार प्रमुख खेल संपत्तियों का समर्थन करता रहा है।

# अमेरिकी शुल्क के खतरे के बीच जापान का व्यापार घाटा बढ़ा

एजेंसी

तोक्यो। अमेरिकी शुल्क से निर्यात प्रभावित होने के कारण जापान को 2025 की पहली छमाही में 2200 अरब येन (15 अरब डॉलर) का व्यापार घाटा हुआ है। बृहस्पतिवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, जापान के वाहनों और अन्य उत्पादों पर जून में 25 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने के बाद उसके निर्यात में सालाना आधार पर 0.5 प्रतिशत की गिरावट आई। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हालांकि बातचीत के लिए समय देने हेतु बढ़े हुए अन्य आयात शुल्क को एक अगस्त तक के लिए टाल दिया है, लेकिन अभी तक कोई समझौता नहीं हो पाया है। वित्त मंत्रालय के अनुसार, वर्ष की पहली (जनवरी-जून) छमाही में जापान का निर्यात 3.6 प्रतिशत बढ़कर कुल 53400 अरब येन (360 अरब डॉलर) रहा जबकि आयात 1.3 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 55600 अरब येन (375 अरब डॉलर) हो गया। वहीं पहले छह महीनों में 2200 अरब येन (15 अरब डॉलर) का व्यापार घाटा हुआ है। आंकड़ों के अनुसार, निर्यात कुल मिलाकर जून में करीब 9200 अरब येन (62 अरब डॉलर) रहा, जो लगातार दूसरे महीने गिरावट का संकेत है। जून में आयात 0.2 प्रतिशत बढ़कर 9000 अरब येन (61 अरब डॉलर) हो गया। इससे व्यापार अधिशेष 153 अरब येन (लगभग एक अरब डॉलर) रहा। मई में व्यापार घाटा 637.6 अरब येन या 4.4 अरब डॉलर रहा। जापान के अमेरिका को निर्यात में जून में 11 प्रतिशत की गिरावट आई। मोटर वाहन निर्यात 25 प्रतिशत घटा। चीन को निर्यात में लगभग पांच प्रतिशत की कमी आई। मेक्सिको को निर्यात करीब 20 प्रतिशत कम हुआ। जापान की अर्थव्यवस्था इस वर्ष की पहली तिमाही में तिमाही आधार पर 0.7 प्रतिशत की वार्षिक दर से सिकुड़ी, जिसका आंशिक कारण निर्यात में कमी है।

# सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट सोना और चांदी की घटी कीमत

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज मामूली गिरावट का रुख नजर आ रहा है। कीमत में कमजोरी आने के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 99,270 रुपये से लेकर 99,420 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 90,990 रुपये से लेकर 91,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी गिरावट आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,13,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 99,420 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 91,140 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 99,270 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 90,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 99,320 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,040 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 99,270 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 90,990 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 99,270 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 90,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 99,420 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 91,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,320 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 91,040 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 99,420 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 91,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोना सस्ता हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 99,270 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

# संक्षिप्त समाचार

## फ्रीस्टाइल शतरंज: प्रज्ञानानंदा और एरिगैसी क्वार्टर फाइनल में, कार्लसन खिताब की दौड़ से बाहर

**लास वेगास।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराकर अपने हम वतन अर्जुन एरिगैसी के साथ यहां चल रहे 750,000 डॉलर इनामी फ्रीस्टाइल ग्रैंड स्लैम टूर के शीर्ष ब्रैकेट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। कार्लसन के लिए पिछले कुछ समय से भारतीय खिलाड़ियों से पार पाना मुश्किल रहा है। उन्हें कुछ सप्ताह पहले मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश ने भी हराया था जो इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले रहे हैं। कार्लसन के खिलाफ 19 वर्षीय प्रज्ञानानंदा अपने पूरे रंग में थे। उन्होंने शुरू से ही अपने मोहरों को प्रभावी ढंग से तैनात किया। कार्लसन को कुछ मौके मिले, लेकिन प्रज्ञानानंदा ने कुछ शानदार चालों से उन्हें नाकाम कर दिया। इस हार का कार्लसन पर इतना गहरा प्रभाव पड़ा कि वह अगले राउंड में वेस्ली सो के खिलाफ एक और गेम हार गए और चौथे स्थान के लिए हुए अंतिम टाईब्रेकर में अमेरिका के लेवोन अरोनियन ने उन्हें 2-0 से हराकर शीर्ष ब्रैकेट में खिताब की दौड़ से बाहर कर दिया। एरिगैसी दूसरे ग्रुप से क्वार्टर फ़ाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय थे। एरिगैसी को शुरुआत में कुछ मुश्किलों का सामना करना पड़ा लेकिन बाद में उन्होंने लय हासिल करके अंतिम आठ में जगह बनाई। क्वार्टर फाइनल में प्रज्ञानानंदा का मुकाबला अमेरिका के फैबियानो कारूआना से होगा जबकि एरिगैसी को अब्दुसत्तोरोव नोदिरबेक से भिड़ना होगा।

## केंद्र ने एनटीपीसी के सीएमडी गुरदीप सिंह का कार्यकाल एक साल बढ़ाया

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (एनटीपीसी) के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) गुरदीप सिंह का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा दिया है। उनका कार्यकाल बढ़ाकर जुलाई, 2026 तक कर दिया गया है। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने सीएमडी के रूप में पुन: नियुक्त करने के विद्युत मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस बारे में गुरुवार को एक आधिकारिक अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। सीएमडी गुरदीप सिंह 31 जुलाई को सेवानिवृत्त होने वाले थे, लेकिन अब वे 31 जुलाई, 2026 तक बिजली कंपनी एनटीपीसी का नेतृत्व करेंगे। एनटीपीसी, विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत भारत की सबसे बड़ी बिजली उत्पादक इकाई है।

## भारत, ब्रिटेन अगले सप्ताह व्यापार समझौते पर कर सकते हैं हस्ताक्षर

**नयी दिल्ली।** भारत और ब्रिटेन के अगले सप्ताह मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर करने की उम्मीद है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस समझौते का मकसद दोनों देशों के बीच व्यापार एवं निवेश को बढ़ावा देना है। यह चमड़ा, जूते और कपड़े जैसे श्रम-प्रधान उत्पादों के निर्यात पर कर हटा देगा और ब्रिटेन से व्हिस्की एवं कारों के आयात को सस्ता करेगा, जिससे 2030 तक दोनों अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार दोगुना होकर 120 अरब अमेरिकी डॉलर हो जाएगा। अधिकारी ने कहा, '' मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के प्रारूप पर कानूनी आधार पर गौर किए जाने की प्रक्रिया जारी है। अगले सप्ताह इसपर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद इसे लागू करने से पहले इस पर ब्रिटेन की संसद एवं भारत के मंत्रिमंडल की मंजूरी लेनी होगी। हस्ताक्षर होने के बाद इसके लागू होने में लगभग एक वर्ष का समय लगने का अनुमान है।

## पीजीआईएम इंडिया एसेट मैनेजमेंट ने अभिषेक तिवारी को नियुक्त किया सीईओ

**नयी दिल्ली।** पीजीआईएम इंडिया एसेट मैनेजमेंट ने अभिषेक तिवारी को अपना नया मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। उनकी नियुक्ति एक सितंबर से प्रभावी होगी। तिवारी, अजीत मेनन का स्थान लेंगे, जो पिछले सात वर्ष से सीईओ के पद पर कार्यरत हैं। पीजीआईएम इंडिया एसेट मैनेजमेंट ने बयान में कहा कि मेनन वरिष्ठ सलाहकार के रूप में कंपनी के साथ बने रहेंगे। वह एक सितंबर से रणनीतिक मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। तिवारी सात वर्ष से अधिक समय से पीजीआईएम इंडिया एएमसी में कार्यरत हैं। अभी वह कंपनी के मुख्य व्यवसाय अधिकारी बनाया हैं। पीजीआईएम में 'ग्लोबल वेल्थ' के वाइस चेयरमैन (एशिया) डेविड चांग ने कहा, '' हमारे व्यवसाय के बारे में अभिषेक की गहरी समझ, उनका दूरदर्शी नेतृत्व और नवाचार के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता उन्हें पीजीआईएम इंडिया एएमसी को अगले पड़ाव में ले जाने के लिए आदर्श व्यक्ति बनाती है।

### नाटो प्रमुख, अमेरिकी राष्ट्रपति की टैरिफ धमकी पर भारत ने कहा

# दोहरे मापदंड नहीं अपनाए जाने चाहिए

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत ने अमेरिका और नाटो की रूस से कच्चे तेल की खरीद से जुड़ी धमकियों का जवाब दिया है। भारत ने कहा है कि इस मुद्दे पर दोहरे मापदंड नहीं अपनाये जाने चाहिए। वर्तमान वैश्विक परिदृष्य में हमारी ऊर्ज़ा सुरक्षा सर्वोपरि है तथा बाजार की स्थिति के अनुरुप भारत कदम उठाएगा।

सैन्य संगठन नाटो के प्रमुख मार्क रूट की द्वितीयक प्रतिबंध की धमकी से जुड़े एक प्रश्न पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में कहा कि हमने उनके बयान को देखा है तथा घटनाक्रम पर नजर बनाये हुए हैं। हम दोहराना चाहते हैं कि भारत की ऊर्ज़ा आवश्यकता उसकी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। इसे देखते हुए भारत के निर्णय बाजार के माहौल और वैश्विक हालात पर निर्भर होंगे। उन्होंने इस मामले में दोहरे मानदंड अपनाने के प्रति सतर्क भी किया।




मार्क रूट ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात के बाद भारत, चीन और ब्राजील पर द्वितीयक प्रतिबंध लगाए जाने की धमकी दी थी। उन्होंने इन देशों से रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर यूक्रेन युद्ध समाप्त करने को लेकर दवाब बनाने के लिए कहा था। उन्होंने चेताया था कि ऐसा नहीं करने पर भारत, चीन और ब्राजील को प्रतिबंध झेलने पड़ेंगे।

वास्तव में नाटो प्रमुख, राष्ट्रपति ट्रम्प की धमकी को दोहरा रहे थे। ट्रम्प ने कहा था कि अमेरिका रूस से कच्चा तेल खरीदने वाले देशों को दंडित करने के लिए उनके माल पर 100 प्रतिशत का सीमा शुल्क लगाएगा। इस संबंध में यह भी उल्लेखनीय है कि अमेरिका के सीनेट में दोनों दलों के समर्थन से एक विधेयक पेश है जिसमें भारत, चीन और ब्राजील जैसे देशों के आयात पर पांच सौ प्रतिशत तक सीमा शुल्क लगाये जाने का प्रावधान है। यूक्रेन युद्ध के बाद से ही पश्चिमी देशों ने रूस के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कदम उठाये हैं। उसके तेल मूल्य की अधिकतम सीमा तय की गयी है ताकि रूस की सरकार को अधिक मुनाफा न हो पाये। रूसी कच्चे तेल का मूल्य बाजार में उपलब्ध अन्य स्रोतों से कम है। इसके मद्देनजर भारत पिछले तीन वर्षों से बड़ी मात्रा में रूस से कच्चे तेल का आयात कर रहा है।

## निमिषा प्रिया को भारत सरकार हरसंभव मदद मुहैया करा रही

**नई दिल्ली।** यमन में हत्या के मामले में मौत की सजा पाने वाली केरल की निमिषा प्रिया मामले में भारत सरकार हरसंभव मदद कर रही है। यमन के स्थानीय अधिकारियों ने 16 जुलाई को निर्धारित उसकी सजा के क्रियान्वयन को फिलहाल स्थगित कर दिया। भारतीय विदेश मंत्रालय इसपर क़रीबी नज़र रखे हुए हैं और हर प्रकार की सहायता जारी रहेगी।इसमें मदद के लिए कुछ मित्र देशों से भी संपर्क किया गया है। यमन में हत्या के मामले में मौत की सजा पाने वाली केरल की निमिषा प्रिया की फाँसी स्थगित कर दिया गई है। उसे कल यानी 16 जुलाई को फांसी दी जानी थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि हमने निमिषा प्रिया को कानूनी मदद मुहैया कराई है और परिवार की सहायता के लिए वकील भी नियुक्त किया गया है। हमने सुनिश्चित किया कि निमिषा प्रिया के परिजनों के लिए नियमित कांसुलर मुलाक़ातें होती रहें। साथ ही दूतावास ने स्थानीय अधिकारियों और निमिषा प्रिया के परिजनों के साथ नियमित संपर्क बनाए रखा है। प्रवक्ता ने बताया कि बीते कुछ दिनों में हमने ख़ास कोशिश की कि निमिषा प्रिया के परिवार को दूसरे पक्ष के साथ आपसी समझौते के लिए और समय मिल सके। निमिषा प्रिया को 2017 में एक यमनी नागरिक तलाल अब्दो महदी की हत्या के लिए वहां मौत की सजा सुनाई गई थी। वह 2008 में नर्स के रूप में काम करने के लिए यमन आई थीं और बाद में 2015 में उसने अपना क्लिनिक खोला। यमनी कानून के अनुसार स्थानीय साथी की आवश्यकता के मद्देनजर उन्होंने महदी के साथ सहयोग किया लेकिन उनके रिश्ते बिगड़ गए। प्रिया का आरोप है कि महदी ने उसके साथ दुर्व्यवहार किया, उसका पासपोर्ट जब्त कर लिया और खुद को उसका पति बताया। जानकारी के अनुसार 2017 में उसने अपना पासपोर्ट वापस पाने के लिए महदी को बेहोशी का इंजेक्शन लगाया लेकिन ओवरडोज़ के कारण उनकी मौत हो गई।

# बिहार में 5.76 लाख से अधिक मतदाता कई स्थानों पर हैं पंजीकृत

एजेंसी

नई दिल्ली। बिहार में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर एक अहम आंकड़ा सामने आया है। चुनाव आयोग (ईसी) ने अब तक पाया है कि बिहार में 5.76 लाख से ज्यादा मतदाता कई जगहों पर पंजीकृत हैं और 12.55 लाख से ज़्यादा मतदाताओं की मृत्यु हो चुकी है।

राज्य की मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के जारी रहने के साथ, आधिकारिक आंकड़े यह भी बताते हैं कि लगभग 7.90 करोड़ मतदाताओं में से बूथ स्तर के अधिकारियों द्वारा घर-घर जाकर किए गए सर्वेक्षण के दौरान 35.69 लाख से अधिक मतदाता अपने पते पर नहीं पाए गए। चुनाव आयोग की ओर से दिए गए आंकड़ों के अनुसार, 17.37 लाख से ज़्यादा मतदाता संभवतः स्थायी रूप से स्थानांतरित हो गए हैं। चुनाव आयोग ने रेखांकित किया कि आने वाले दिनों में ये आंकड़े बदलेंगे। 14 जुलाई को चुनाव





आयोग ने कहा था कि बिहार के कुल 7.89 करोड़ मतदाताओं में से 6.60 करोड़ से ज़्यादा यानी 83.66 प्रतिशत मतदाताओं के नाम 1 अगस्त को प्रकाशित होने वाली मतदाता सूची के मसौदे में शामिल किए जाएंगे। इस सूची में वे सभी मतदाता शामिल होंगे जिनके फॉर्म समय सीमा तक प्राप्त हो गए हैं। अखबारों में विज्ञापनों और राज्य से अस्थायी रूप से बाहर गए मतदाताओं से सीधे संपर्क के जरिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे समय पर अपने गणना फॉर्म (ईएफ) भर सकें और उनके नाम भी मसौदा मतदाता सूची में शामिल हो सकें।

# विदेश नीति को कमजोर कर रही है सरकार, संसद सत्र में व्यापक चर्चा हो : आनंद शर्मा

एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ने गुरुवार को केंद्र सरकार पर विदेश नीति को कमजोर करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार के फैसलों की वजह से भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा और प्रभाव लगातार घट रहा है, जो राष्ट्रीय चिंता का विषय है।उन्होंने इस मुद्दे पर आगामी मानसून सत्र में सरकार से चर्चा कराने की मांग की।

कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में शर्मा ने केंद्र सरकार पर विदेश नीति को कमजोर करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार के फैसलों की वजह से भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा और प्रभाव लगातार घट रहा है, जो राष्ट्रीय चिंता का विषय है। उन्होंने इस मुद्दे पर आगामी मानसून सत्र में सरकार से चर्चा कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि भारत ऐतिहासिक रूप से गुटनिरपेक्ष आंदोलन का नेतृत्व करता रहा है और अफ्रीका, लैटिन अमेरिका, कैरिबियाई देशों से लेकर एशियाई देशों तक भारत की बात को सम्मानपूर्वक सुना जाता था। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह प्रभाव हमारी आर्थिक या सैन्य ताकत की वजह से नहीं था, बल्कि हमारी नैतिक और मानवीय दृष्टिकोण वाली विदेश नीति की वजह से था। शर्मा ने कहा कि 1950 के दशक में जब कोरिया संकट खड़ा हुआ था, तब भी अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने समाधान के लिए भारत की ओर देखा था। उन्होंने कहा कि आज यह एक प्रवृत्ति बन गई है कि भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू, जिनका अंतरराष्ट्रीय मंचों पर गहरा सम्मान था, की आलोचना की जाती है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद भारत की आवाज को पूरी दुनिया ने गंभीरता से सुना क्योंकि हमारी विदेश नीति नैतिकता पर आधारित थी, लेकिन मौजूदा सरकार ने विदेश नीति के मामले में राष्ट्रीय सहमति को कमजोर कर दिया है। कांग्रेस नेता ने कहा कि विदेश नीति जैसे गंभीर विषयों पर एकतरफा निर्णयों से बचा जाए। उन्होंने मांग की कि सरकार आत्मनिरीक्षण करे और विपक्ष सहित सभी प्रमुख दलों के साथ विचार-विमर्श करे।



# मोदी ने किया देश को सुरक्षित करने का सबसे बड़ा काम : शाह

एजेंसी

जयपुर। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में लोककल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लोगों के जीवन में बदलाव लाने के साथ ऑपरेशन सिंदूर चलाकर देश को सुरक्षित करने का सबसे बड़ा काम करते हुए समृद्ध एवं विकसित भारत के सपने को जमीन पर उतरने का काम किया हैं। श्री शाह गुरुवार को जयपुर जिले के दादिया गांव में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के अवसर पर आयोजित सहकार एवं रोजगार उत्सव समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश कंग्रेस के शासन में आतंकवादी हमलों से त्रस्त था लेकिन श्री मोदी ने जब पूरी में आतंकवादी हमला हुआ तो सर्जिकल स्ट्राइक की और जब पूलवामा हमला हुआ तब एयर स्ट्राइक और पहलगाम आतंकवादी हमले होने पर ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान के घर में जाकर आतंकवादियों के परखचे उड़ाकर पूरी दनिया को मजबूत संदेश भेजने का काम किया कि भारत के नागरिकों, सेना और सीमा के साथ छेडखानी नहीं करते तो यह नतीजे नहीं भुगतने पड़ते। उन्होंने कहा कि इस प्रकार श्री मोदी ने देश को समृद्ध एवं विकसित भारत बनाने के सपने को जमीन पर उतरने एवं उसे सच्चा करने का काम किया हैं।



उन्होंने कहा कि श्री मोदी के नेतृत्व में देश ग्यारहवें स्थान से चौथे स्थान पर आकर दूनियां का चौथा अर्थ तंत्र बन चुका है। श्री मोदी ने पिछले ग्यारह साल में गेंहू सहित कई फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमसएपी) में वृद्धि करने का काम किया। इसके अलावा उन्होंने 27 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर लाने का काम भी किया वहीं 60 करोड़ लोगों के घरों में शोचालय बनाने का काम किया गया। श्री शाह ने कहा कि राजस्थान को ऊंटों की भूमि वाला प्रदेश के रुप भी जाना जाता है और सहकारिता का उपयोग ऊंट की नस्ल सुधारने एवं ऊंटनी के दूध का शोध भी शुरु किया गया जिससे आने वाले समय में ऊंट के संरक्षण पर कोई खतरा नहीं आयेगा। उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह प्रदेश पेपर लीक से भी त्रस्त था लेकिन एसआईटी गठन करके राज्य सरकार ने कठोर संदेश पेपर माफिया के खिलाफ दिया है। श्री शर्मा के नेतृत्व में वैश्विक निवेश सम्मेलन का आयोजन कर 35 लाख करोड़ के एमओयू किए गए और तीन लाख करोड़ के एमओयू पर काम शुरु हो गया है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल-डीजल के वैट में भी कटौती की गई और 450 रुपए में एलपीजी का सिलेंडर भी दिया गया। उन्होंने कहा कि हरियाणा से यमुना का पानी लाने के लिए डीपीआर मंजूर की गई और जलजीवन मिशन के तहत घरों में पानी पहुंचाने का काम भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में भजनलाल शर्मा अच्छा काम कर रहे हैं और प्रदेश में सहकारिता मजबूत हो रही है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार और राजस्थान सरकार राजस्थान सहाकारिता आंदोलन को और मजबूत करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि देश में 31 करोड़ लोग सहकारिता से जुड़े हुए हैं और श्री मोदी ने सहकारिता मंत्रालय की स्थापना कर चार साल में कई प्रयासों से सहकारिता को मजबूत करने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि गत सौ

# स्वच्छता हमारी जीवनशैली का हिस्सा : द्रौपदी मुर्मु

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को स्वच्छ भारत मिशन अभियान की प्रशंसा करते हुए कहा कि वातावरण को स्वच्छ रखने की परंपरा हमारी जीवनशैली का अभिन्न अंग है और सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक चेतना प्राचीन काल से ही स्वच्छता पर बल देती रही है।



श्रीमती मुर्मु ने आज यहां स्वच्छता सर्वेक्षण पुरस्कार समारोह में अपने संबोधन में कहा कि उन्हें यह जानकर प्रसन्नता हुई कि आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा वर्ष 2024 के लिए दुनिया का सबसे बड़ा स्वच्छता सर्वेक्षण आयोजित किया जिसमें विभिन्न हितधारकों, राज्य सरकारों, शहरी निकायों और लगभग 14 करोड़ नागरिकों ने भाग लिया।

उन्होंने कहा कि हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना प्राचीन काल से ही स्वच्छता पर बल देती रही है। अपने घरों, पूजा स्थलों और आस-पास के वातावरण को स्वच्छ रखने की परंपरा हमारी जीवनशैली का अभिन्न अंग रही है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी कहते थे, 'स्वच्छता ईश्वरीय भक्ति के बाद आती है।' वे स्वच्छता को धर्म, अध्यात्म और नागरिक जीवन की आधारशिला मानते थे। उन्होंने कहा कि वह अधिसूचित क्षेत्र परिषद की उपाध्यक्ष के रूप में प्रतिदिन वार्डों का दौरा करती थीं और स्वच्छता कार्यों का निरीक्षण करती थीं। न्यूनतम संसाधनों का उपयोग करके अपव्यय को न्यूनतम करना और उन्हें उसी उद्देश्य या अन्य उद्देश्य के लिए पुनः उपयोग करना, हमेशा से हमारी जीवनशैली का हिस्सा रहा है। वृत्ताकार अर्थव्यवस्था के मूल सिद्धांत और कम-पुनः उपयोग-पुनर्चक्रण की प्रणालियाँ हमारी प्राचीन जीवनशैली के आधुनिक और व्यापक रूप हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि आदिवासी समुदायों की पारंपरिक जीवनशैली सरल है। वे कम संसाधनों का उपयोग करते हैं और मौसम तथा पर्यावरण के साथ सामंजस्य बिठाकर तथा समुदाय के अन्य सदस्यों के साथ साझेदारी में रहते हैं। वे प्राकृतिक संसाधनों की बर्बादी नहीं करते। ऐसे व्यवहार और परंपराओं को अपनाकर वृत्ताकारता की आधुनिक प्रणालियों को और मज़बूत बनाया जा सकता है। राष्ट्रपति ने कहा कि अपशिष्ट प्रबंधन मूल्य श्रृंखला में पहला और सबसे महत्वपूर्ण कदम स्रोत पृथक्करण है। सभी हितधारकों और प्रत्येक परिवार को इस कदम पर अत्यधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। शून्य-अपशिष्ट बस्तियाँ अच्छे उदाहरण प्रस्तुत कर रही हैं। उन्होंने विद्यालय स्तरीय मूल्यांकन पहल की सराहना की जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वच्छता को जीवन मूल्य के रूप में अपनाना है। उन्होंने कहा कि इसके अत्यंत लाभकारी और दूरगामी परिणाम होंगे। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक और इलेक्ट्रॉनिक कचरे को नियंत्रित करना और उनसे होने वाले प्रदूषण को रोकना एक बड़ी चुनौती है। उचित प्रयासों से हम देश के प्लास्टिक उत्सर्जन को उल्लेखनीय रूप से कम कर सकते हैं। केंद्र सरकार ने वर्ष 2022 में एकल-उपयोग प्लास्टिक युक्त कुछ वस्तुओं पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसी वर्ष, सरकार ने प्लास्टिक पैकेजिंग के लिए विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व हेतु दिशानिर्देश जारी किए हैं। उत्पादकों, ब्रांड मालिकों और आयातकों सहित सभी हितधारकों की यह ज़िम्मेदारी है कि वे इन दिशानिर्देशों का पूरी तरह से पालन सुनिश्चित करें। राष्ट्रपति ने कहा कि स्वच्छता से जुड़े प्रयासों के आर्थिक , सांस्कृतिक आयाम और भौगोलिक पहलू हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी नागरिक स्वच्छ भारत मिशन में पूरी लगन से भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि सुविचारित और दृढ़ संकल्पों के साथ, विकसित भारत वर्ष 2047 तक दुनिया के सबसे स्वच्छ देशों में से एक होगा।

# पेज एक का शेष

### ईडी ने छांगुर के बलरामपुर ...

न ही कोई अंदर आ सकता था। बंद कमरे में ईडी ने आरोपियों से पूरा दिन पूछताछ की। छापेमारी वाले स्थानों पर सीआरपीएफ जवानों का कड़ा पहरा था। मनकापुर रोड स्थित शोरूम जिसे छांगुर ने अपने नाती के विवाह में अपनी सहयोगी नीतू उर्फ नसरीन से दहेज में लिया था, उसका भी ताला तोड़वाकर ईडी ने जांच की है।

### लखनऊ बना...

और जनसहभागिता के माध्यम से सीधे शीर्ष तीन में पहुंचा है। नगर निगम द्वारा कूड़ा प्रबंधन को लेकर अपनाई गई डिजिटल निगरानी प्रणाली, कचरा पृथक्करण एवं शिवरी वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट पर किए जा रहे प्रभावी निस्तारण कार्यों को देश-विदेश में सराहा गया है। ए. के. शर्मा ने इस ऐतिहासिक सफलता पर लखनऊ की जनता, निगम प्रशासन, सफाई कर्मियों एवं स्वच्छता योद्धाओं को बधाई देते हुए कहा-यह सम्मान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'स्वच्छ भारत' संकल्पना और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में संचालित उत्तर प्रदेश की स्वच्छता नीति की बड़ी सफलता है। लखनऊ ने यह सिद्ध कर दिया है कि इच्छाशक्ति, पारदर्शिता और जनसहभागिता से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। यह पुरस्कार कूड़ा प्रबंधन की दिशा में की गई व्यवहारिक पहल, वैज्ञानिक कूड़ा प्रबंधन और डिजिटल मॉनिटरिंग सिस्टम जैसे अभिनव उपाय के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रदान किया गया। लखनऊ नगर निगम द्वारा कचरे की विभिन्न श्रेणियां का वैज्ञानिक ढंग से छटाई एवं पृथक्करण तथा शिवरी प्लांट पर जमा २० लाख टन कूड़े का निस्तारण एक अभूतपूर्व कार्य हुआ है। कूड़े से कंचन की बात को चरितार्थ करते हुए यूपी दर्शन नाम का अद्वितीय पार्क बनाया गया है। यूपी में हुए इन कार्यों की चर्चा अन्तर्राष्ट्रीय फलक पर भी हुई है। शर्मा स्वयं नियमित रूप से निरीक्षण कर स्वच्छता कार्यों एवं प्रोजेक्ट्स की निगरानी करते रहे हैं। उनकी कार्यशैली ने लखनऊ नगर निगम को सजग, उत्तरदायी और तकनीक-संपन्न बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह पुरस्कार केवल नगर निगम की नहीं, बल्कि लखनऊ के प्रत्येक नागरिक की मेहनत, जागरूकता और प्रतिबद्धता तथा सफ़ाई मित्रों सहित इस कार्य से जुड़े सभी के परिश्रम का परिणाम है।श्री शर्मा ने सभी नागरिकों से आह्वान किया है कि वे इस उपलब्धि को बनाए रखने और अन्य शहरों को भी प्रेरणा देने के लिए इसी उत्साह से सहभागी बनें।

### न्यायाधीशों पर किस...

खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग नहीं कर सकते। याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी कि उनके मुवक्किल ने एक परीक्षा में टॉप किया था, लेकिन विभिन्न उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों ने उन्हें राहत देने से इनकार कर दिया। इसके बाद उन्होंने उनके खिलाफ आपराधिक कार्रवाई का अनुरोध किया।याचिका में वर्तमान न्यायाधीशों को प्रतिवादी बनाया गया है और न्यायिक पक्षपात का आरोप लगाया गया है। शीर्ष न्यायालय ने इस मामले में सहायता के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. एस. मुरलीधर को न्यायमित्र नियुक्त किया। न्यायालय ने निर्देश दिया,ह्लहम डॉ. मुरलीधर को न्यायमित्र नियुक्त करते हैं। याचिका से संबंधित दस्तावेज उन्हें उपलब्ध कराया जाए। अदालत अब कोई आदेश पारित करने से पहले न्यायमित्र अधिवक्ता मुरलीधर की सहायता लेगी।

### भारत चीन संबंधों ...

कदम रूस के कज़ान में 2024 ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान श्री मोदी की चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ बैठक के दौरान तनाव कम करने के रोडमैप की ओर इशारा करते हैं। जॉर्डन, लीबिया और माल्टा में राजदूत रह चुके अनिल त्रिगुणायत के अनुसार, ''डॉ. जयशंकर की यात्रा महत्वपूर्ण है। यह यात्रा, कज़ान बैठक के बाद द्विपक्षीय संबंधों को तेजी देने वाली है। रक्षा मंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार की चीन की हालिया यात्राएँ, दोनों देशों के नए रोडमैप को दर्शाती हैं। इसमें एससीओ एक समानांतर राजनयिक मंच प्रदान करता है। यह द्विपक्षीय वार्ता सीमा तनाव से परे वैश्विक रणनीतिक बदलावों खासकर चीन के दुर्लभ मृदा तत्व (रेयर अर्थ एलीमेंट) को लेकर चल रही सियासत की पृष्ठभूमि में हो रही है। जब से चीन ने इन तत्वों के निर्यात पर प्रतिबंध लगाए तब से दुनिया भर में इसे लेकर चिंता पैदा हो गई है। भारत अपनी मेक इन इंडिया पहल को आक्रामक रूप से आगे बढ़ा रहा है। इसके लिए दुर्लभ मृदा तत्व न केवल इलेक्ट्रिक वाहनों और स्मार्टफ़ोन के लिए, बल्कि आकाश और अस्त्र मिसाइल प्रणालियों जैसे सैन्य उपकरणों के लिए भी आवश्यक है। श्री त्रिगुणायत ने कहा कि चीन वीज़ा सुविधा और सीधी उड़ानों के लिए उत्सुक है, जबकि भारत दुर्लभ मृदा की आपूर्ति पर लगे प्रतिबंधों को हटाना चाहेगा। डॉ. जयशंकर ने सामान्य स्थिति बहाल करने में ''अच्छी प्रगति'' पर ज़ोर दिया और इस बदलाव का श्रेय वास्तविक नियंत्रण रेखा पर तनाव के समाधान को दिया। फिर भी, एक नजरिए से दोनों देशों के आपसी विश्वास की डोर नाजुक ही बनी हुई है। चीन के वैश्विक मामलों के जानकार और फोर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और भू-राजनीति के प्रोफ़ेसर फैसल अहमद ने दोनों देशों के बीच निरंतर बढ़ रहे संवाद का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत और चीन के बीच मतभेदों की तुलना में साथ चलने के कई पहलू हैं। चाहे व्यापार, रणनीतिक सहयोग हो या सांस्कृतिक, दोनों देशों ने द्विपक्षीय वार्ता कभी बंद नहीं की। उन्होंने कैसे भी करके इसे बनाए रखा है। इसके लिए कभी-कभी ट्रैक टू डिप्लोमेसी जैसे वैकल्पिक तरीकों को भी आजमाया गया है। कैलाश मानसरोवर यात्रा की बहाली और सीधा हवाई संपर्क के प्रयासों को बढ़ते सहयोग का संकेत बताते हुए श्री अहमद ने कहा कि यह न भूलें कि दोनों नेताओं, प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने 2018 और 2019 में अनौपचारिक शिखर सम्मेलन के माध्यम से सीधी बातचीत भी की है। उन्होंने इस धारणा को खारिज कर दिया कि रिश्ते में आई गरमाहट की वजह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नए टैरिफ हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं लगता कि श्री ट्रंप का आयात शुल्क का दबाव, भारत और चीन को करीब ला रहा है। चीन, इस मुद्दे पर अमेरिका के साथ सख्ती से पेश आ रहा है और भारत भी इस विचार के आधार पर बातचीत कर रहा है कि व्यापार समझौते से दोनों पक्षों को लाभ होना चाहिए, न कि अमेरिका को एकतरफ़ा फ़ायदा। इसके बाद भी कुछ चिंताएँ बनी हुई हैं। दक्षिण चीन सागर और हिंद महासागर जैसे क्षेत्रीय विवाद दोनों देशों के रणनीतिक दृष्टिकोण के केंद्र में बने हुए हैं। भारत चाहता है कि चीन पाकिस्तान के आतंकवाद पर, खासकर क्षेत्रीय उग्रवाद से निपटने के एससीओ के घोषित मिशन के तहत ठोस कदम उठाए।

### पांच सौ से ज्यादा छात्र...

प्रदेश के स्कूलों में छात्र नामांकन में वृद्धि, पियर लर्निंग का विस्तार, सक्रिय सहभागिता और अनुभवात्मक अधिगम को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही शिक्षकों के लिए भी समय सारणी आधारित कक्षा आवंटन, कार्य विभाजन और सह-शिक्षण की व्यवस्थाएं और अधिक प्रभावी होंगी। वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार कोई भी कार्य दोहराव में नहीं होगा। कार्यदायी संस्थाओं का नामांकन नियमानुसार होगा। क्रियान्वयन की निगरानी राज्य स्तर पर सुनिश्चित की जाएगी और योजना के अंतर्गत कार्यों की गति, गुणवत्ता और पारदर्शिता सर्वोपरि होगी।

### देश का नया...

क्षमताओं और हवाई सुरक्षा व्यवस्था को अधिक सशक्त बनाएगी। भारत अपने एयर डिफेंस सिस्टम को लगातार मजबूत कर रहा है। इसी महीने रक्षा मंत्रालय ने एयर डिफेंस फायर कंट्रोल रडार की खरीद की मंजूरी दी है। यह एयर डिफेंस फायर कंट्रोल रडार हवाई लक्ष्य का पता लगाएगा और उसे ट्रैक करेगा तथा फायरिंग समाधान प्रदान करेगा। भारतीय सेनाओं को आधुनिक हथियारों और उपकरणों से लैस करने के लिए रक्षा मंत्रालय ने जुलाई महीने की शुरुआत में ही एक बड़ी पहल कर दी है। इस पहल के तहत 1.05 लाख करोड़ की स्वदेशी खरीद परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। यह मंजूरी मिलने से भारतीय सेनाओं का एयर डिफेंस सिस्टम मजबूत होगा। सेना को मिसाइलों व इलेक्ट्रॉनिक वॉरफ़ेयर सिस्टम की आपूर्ति की जा सकेगी। इस मंजूरी के तहत तीनों सेनाओं, थल सेना, नौसेना और वायुसेना, को आवश्यक उपकरण और हथियार मुहैया कराए जाएंगे। तीनों सेनाओं के लिए खरीदे जाने वाले उपकरण स्वदेशी होंगे। इन्हें भारत में ही बनाया जाएगा और भारतीय कंपनियों से ही खरीदा जाएगा।

### डीआरडीओ विकसित...

प्रदान करके अपनी क्षमता साबित की थी। ?अगले अवाक्स इंडिया कार्यक्रम 'नेत्र एमके-ऋ' का नेतृत्व रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) कर रहा है। वायु सेना वर्तमान में बहुत छोटे 'नेत्र' पूर्व चेतावनी विमान का संचालन करती है, जिसका इस्तेमाल हाल ही में पाकिस्तान के साथ हवाई संघर्षों में ऑपरेशन 'सिंदूर' के दौरान किया गया है। भारत के पास तीन आईएल-76 'फाल्कन' प्रणालियां भी हैं, जिन्हें इजरायल और रूस के साथ संयुक्त रूप से विकसित किया था, लेकिन इस बेड़े को बड़ी तकनीकी और उपलब्धता संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ा है। अवाक्स इंडिया कार्यक्रम के तहत डीआरडीओ ने अगली पीढ़ी के हवाई पूर्व चेतावनी और नियंत्रण प्रणालियां विकसित करने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा था। अब सरकार से पांचवीं पीढ़ी के उन्नत बहुउद्देशीय लड़ाकू विमान के प्रोटोटाइप उत्पादन चरण में प्रवेश की अनुमति मिल गई है। पहली बार एयरबस प्लेटफ़ॉर्म का उपयोग इस तरह के अनुप्रयोग के लिए किया जाएगा, क्योंकि अब तक इस क्षेत्र में पारंपरिक रूप से बोइंग का प्रभुत्व रहा है। यह परियोजना भविष्य में भारत के लिए निर्यात के अवसर भी खोल सकती है। अगली पीढ़ी के हवाई पूर्व चेतावनी और नियंत्रण प्रणालियों के उत्पादन से भारतीय वायु सेना की क्षमता में बड़ा इजाफा होगा। साथ ही भारत स्वदेशी रूप से विकसित क्षमता वाले चुनिंदा देशों की श्रेणी में शामिल हो जाएगा। इस परियोजना के तहत लगभग 20 हजार करोड़ खर्च होंगे और भारतीय वायु सेना को छह बड़े अवाक्स मिलेंगे, जो लंबी दूरी पर दुश्मन के विमानों, जमीनी सेंसरों और अन्य उपकरणों पर नजर रखने में सक्षम होंगे। साथ ही एक उड़ान संचालन नियंत्रण केंद्र के रूप में भी काम करेंगे। सरकारी मंजूरी मिलने के साथ डीआरडीओ कई भारतीय कंपनियों के साथ-साथ एयरबस के साथ मिलकर ए-321 विमान में एक जटिल एंटीना और अन्य प्रणालियों को एकीकृत करेगा। इसमें एक पूर्णतः स्वदेशी मिशन नियंत्रण प्रणाली और येसा रडार शामिल हैं। इस परियोजना के पूरा होने में लगभग तीन साल लगने की उम्मीद है। भारतीय वायु सेना के पास पहले से ही छह ऐसे विमान हैं, जिन्हें एयर इंडिया से लिया गया था।

# मुख्यमंत्री ने ग्रामीण कार्य विभाग के 11,346 पथों और 730 पुलों का किया कार्यारंभ व शिलान्यास

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को अपने आवास 'संकल्प' से ग्रामीण कार्य विभाग अंतर्गत 21406.36 करोड़ रुपये की लागत वाले 11,346 पथों और 730 पुलों का रिमोट के माध्यम से कार्यारंभ व शिलान्यास किया।

कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा ग्रामीण पथों और पुलों का निर्माण तथा रख-रखाव काफी अच्छे ढंग से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री ग्रामीण संपर्क योजना (अवशेष), मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना, सुलभ समपर्कता योजना सहित अन्य कई योजनाओं के माध्यम से हर गांव के टोलों तक पक्की सड़कों का निर्माण सुनिश्चित किया गया है ताकि लोगों को आवागमन में सहूलियत मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोगों ने पूरे बिहार में शहरी क्षेत्र हो या ग्रामीण इलाके हर जगह के लोगों तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाया है उसे और बेहतर बनाने की हरसंभव कोशिश जारी है। अधिकारियों को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जिन योजनाओं का कार्यारंभ एवं शिलान्यास किया गया है, वह तय समय-सीमा के अंदर पूर्ण हो। इसका विशेष रूप से ध्यान रखें। इन सड़कों तथा पुलों के बन जाने से लोगों को आवागमन में और अधिक सुविधा होगी। उल्लेखनीय है कि ग्रामीण सड़क सुदृढीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना के नए अवयव के रूप में वर्ष 2024 में ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया है। इसके तहत कुल 5 हजार 47 पथों (लम्बाई



8 हजार 893 किलोमीटर) जिसकी कुल स्वीकृत राशि 6 हजार 198 करोड़ रुपये है, जिनका आज कार्यारम्भ किया गया है। इसके अतिरिक्त कुल 4 हजार 79 पथों (लम्बाई 6 हजार 484 किलोमीटर) जिसकी कुल स्वीकृत राशि 5 हजार 627 करोड़ रुपये है, जिनका शिलान्यास किया गया है। मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना के मध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में सुगम संपर्कता हेतु ग्रामीण पथों पर छूटे हुए पुल/पहुँच/पथ इत्यादि के निर्माण के पूर्व में मुख्यमंत्री सेतु योजना लागू थी जिसे पुनः प्रारंभ किया गया है। मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना अंतर्गत 409 पुलों जिसकी स्वीकृत राशि 1 हजार 859 करोड़ रुपये तथा राज्य योजना अंतर्गत कुल 5 योजनाओं, जिसकी कुल स्वीकृत राशि 48 करोड़ रुपये है, उनका कार्यारम्भ किया गया है। मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजनान्तर्गत कुल 295 पुलों, जिसकी स्वीकृत राशि 1 हजार 792 करोड़ रुपये है तथा राज्य योजनान्तर्गत कुल 24 योजनाओं, जिसकी स्वीकृत राशि 279 करोड़ रुपये है, का शिलान्यास किया गया है। मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना (अवशेष) के तहत कुल 301 पथों (लम्बाई-490 किलोमीटर), जिसकी कुल स्वीकृत राशि 618 करोड़ रुपये है, जिनका कार्यारम्भकिया गया है तथा कुल 1 हजार 908 पथों (लम्बाई-3 हजार 397 किलोमीटर), जिसकी कुल स्वीकृत राशि 4 हजार 884 करोड़ रुपये है उनका भी शिलान्यास किया गया है।

# यमुना की सफाई से लेकर कूड़े के पहाड़ों को हटाने का काम जारी : रेखा गुप्ता

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को कहा कि दिल्ली में अभी कामों की शुरूआत हुई है और विकास के बहुत सारे काम करने हैं। यमुना की सफाई से लेकर कूड़े के पहाड़ों को हटाने का काम जारी है। यह बातें मुख्यमंत्री ने घोंडा विधानसभा में मोहल्ला चौपाल का लोकार्पण करते हुए कही। इस मौके पर मंत्री कपिल मिश्रा, सांसद मनोज तिवारी, विधायक अजय महावर, जिलाध्यक्ष यूके चौधरी समेत पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि राजधानी में बुनियादी सुविधाओं और पर्यावरण को स्वच्छ करने की दिशा में लगातार काम जारी है। दिल्ली में विकास का एक भी काम नहीं छूटेगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली में नए स्कूल और अस्पताल खोलने की दिशा में सरकार आगे बढ़ रही है। दिल्ली सरकार 24 घंटे और सातों दिन काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने



कहा कि कांवड़ यात्रा को लेकर दिल्ली में उत्सव का माहौल है। दिल्ली सरकार के मंत्री विधायक और अधिकारी कांवड़ शिविरों की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर रहे हैं। कांवड़ शिविरों को लेकर सभी तैयारियां समय पर पूरी करने ली गई है। उन्होंने कहा कि कांवड़ शिविर समितियों की आधी पेमेंट कर दी गई है और जररूत के मुताबिक उनकी मदद की जाएगी। सभी कांवड़ शिविरों के निरीक्षण के दौरान व्यवस्था दुरुस्त पाई गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले टैंट माफिया कांवड़ यात्रा के पैसे खा लेते थे। इस बार दिल्ली सरकार ने एकल विंडो प्रणाली द्वारा 72 घंटे के अंदर कांवड़ समितियों को मंजूरी दी है। पिछले साल के 170 कांवड़ शिविरों के स्थान में इस बार 374 शिविर लगाए गए हैं।

# अपराधियों ने पारस हॉस्पिटल में घुसकर मारी गोली, इलाज के दौरान मौत



## सांसद ने की राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पटना। पटना के शास्त्री नगर थाना क्षेत्र में स्थित पारस हॉस्पिटल में अपराधियों ने गुरुवार की सुबह बेऊर जेल से पैरोल पर इलाज कराने आए चंदन मिश्रा की गोली मार कर हत्या कर दी। अपराधी पांच की संख्या में आए थे। घटना के बाद मौके पर शास्त्री नगर थाने की पुलिस और पटना एसएससी कार्तिकेय के शर्मा पहुंचे हुए हैं और मामले की जांच की जा रही है। गोलीबारी की आवाज सुनकर मरीजों, कर्मचारियों और आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत शास्त्री नगर थाना पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। एसएसपी कार्तिकेय शर्मा ने कहा, ''बक्सर जिला केनिवासी अपराधी चंदन मिश्रा पर हत्या के दर्जनों केस दर्ज थे और एक में ये सजायाफ्ता भी हैं। इनको बक्सर से भागलपुर जेल भेजा गया था। इलाजरत होने के कारण इनको पैरोल दिया गया था। संभवतः इनके विरोधी गुटों के लोगों ने इसे गोली मारी है। बक्सर पुलिस की मदद से गैंग के लोगों की पहचान की जा रही है। शूटर की तस्वीर मिल गई है।'' आगे की कारवाई की जा रही है। पटना में सुबह सुबह हुई इस घटना को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार को बर्खास्त करने और राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने की। उन्होंने पटना के पारस हॉस्पिटल में गुरुवार की सुबह सुबह बक्सर के कुख्यात अपराधी चंदन मिश्रा की हत्या के बाद नीतीश सरकार को आड़े हाथों लिया। पप्पू यादव ने आज पारस अस्पताल पहुंचकर मृतक के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि बिहार में पुलिस मुख्यालय के बगल में स्थित पारस हॉस्पिटल में दूसरे तल्ले पर चढ़ शूटर गोलियों से भून देता है। बिहार में महा गुंडाराज है। उन्होंने पुलिस पर तंज कसते हुए सोशल मीडिया पर लिखा, 'एडीजी मुख्यालय का बहाना,बिहार में अभी अपराध का मौसम है, मानसून तक खून बहता रहेगा! वह क्या कर सकते हैं बिहार में मई,जून जुलाई हत्या करने का महीना है! चुल्लू भर पानी में डूब मरो सरकार'। मृतक अपराधी बक्सर के राजेंद्र केसरी हत्याकांड में आजीवन कारावास की सजा काट रहा था। पिछले 15 दिनों से वो पारस अस्पताल में भर्ती था। तबीयत खराब होने पर पैरोल पर कुख्यात अपराधी बाहर निकला था। आज सुबह सुबह अपराधी आए और अस्पताल परिसर में घुसकर कुख्यात को गोलियों से भून दिया। कुख्यात को कई गोलियां लगी।

## बिहार के लोगों को नीतीश सरकार का तोहफा, पहली अगस्त से 125 यूनिट बिजली मुफ्त

**पटना।** बिहार की नीतीश सरकार ने राज्य के 1 करोड़ 67 लाख बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी सौगात दी है। राज्य सरकार ने प्रति माह 125 यूनिट बिजली मुफ्त देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज सुबह एक्स पर पोस्ट कर यह घोषणा की। उन्होंने कहा, ''हमलोग शुरू से ही सस्ती दरों पर सभी को बिजली उपलब्ध करा रहे हैं। अब हमने तय कर दिया है कि 1 अगस्त, 2025 से यानी जुलाई माह के बिल से ही राज्य के सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट तक बिजली का कोई पैसा नहीं देना पड़ेगा। इससे राज्य के कुल 1 करोड़ 67 लाख परिवारों को लाभ होगा। मुख्यमंत्री ने कहा, ''हमने यह भी तय किया है कि अगले तीन वर्षों में इन सभी घरेलू उपभोक्ताओं से सहमति लेकर उनके घर की छतों पर अथवा नजदीकी सार्वजनिक स्थल पर सौर ऊर्ज़ा संयंत्र लगाकर लाभ दिया जाएगा। कुटीर ज्योति योजना के तहत जो अत्यंत निर्धन परिवार होंगे उनके लिए सौर ऊर्ज़ा संयंत्र लगाने के लिए पूरा खर्च राज्य सरकार करेगी तथा शेष के लिए भी सरकार उचित सहयोग करेगी।

# बिहार के नालंदा में नदियों के जलस्तर बढ़ने से टूटा तटबंध

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नालंदा, (बिहारशरीफ)। बिहार के नालंदा जिले में गुरुवार को लोकायन जीराईन पंचाने समेत कई नदियों के जलस्तर में काफी वृद्धि हो गई है। कई जगहों पर तटबंध टूट गयी है। जबकि बिहारशरीफ शहरी क्षेत्र में कई जगहों पर पानी सड़क से ऊपर बह रहा है। प्रशासन के द्वारा लगातार माइकिंग के सहारे नीचले इलाकों में रहने वाले लोगों को संभावित बाढ़ को लेकर सावधान किया जा रहा है। पंचाने नदी में अचानक आई ऊफान के कारण आशानगर हबीवपुरा सलेमपुर सोहसराय अड्डापर बसारबीघा मुख्य मार्ग पर पानी चढ़ गया है। प्रशासन के द्वारा सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से इन सभी रास्तों को बंद कर दिया गया है। वहीं लोकॉइन नदी का जलस्तर बढ़ने से चिकसौरा हिल्सा एकंगरसराय जैसे इलाकों में तटबंध टूटने की बात सामने आ रही है। जिलाधिकारी



कुंदन कुमार आपदा प्रबंधन के पदाधिकारी के साथ लगातार बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का जानकारी ले रहे हैं। वहीं रविदास टोला के स्थानीय लोगों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि देर रात से रविदास टोले के कई घरों में पानी घुसने के कारण लोग दहशत में है। कोई भी अधिकारी इनकी सुदबुध तक लेने नहीं पहुंचा है। हमलोग रात में भगवान भरोसे ही रहते है। वो अचानक नदियों का जलस्तर बढने से महादलित टोले में गंदगी का अंबार हो गया है और बीमारी का खतरा भी मंडराने लगा है।

## अश्वनी ने नड्डा से मुलाकात कर पंजाब में भाजपा की रणनीतियों पर चर्चा की

चंडीगढ़। पंजाब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नवनियुक्त कार्यकारी अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने गुरुवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा से मुलाकात कर आगामी रणनीतियों एवं पंजाब के सर्वांगीण विकास को लेकर विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया। श्री शर्मा ने एक्स पर जानकारी देते हुए बताया कि, ''पंजाब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति के उपरांत आज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा से एक महत्वपूर्ण और प्रभावशाली भेंट का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस विशेष अवसर पर संगठन के महामंत्री श्रीनिवासुलु जी एवं भाजपा के राष्ट्रीय सचिव एवं पंजाब प्रभारी डॉ. नरेंद्र सिंह रैना भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा, बैठक के दौरान पार्टी की आगामी रणनीतियों एवं पंजाब के सर्वांगीण विकास को लेकर विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श हुआ। नड्डा जी का अमूल्य मार्गदर्शन हमेशा ही प्रेरणास्रोत रहा है और पंजाब भाजपा को और अधिक मजबूती प्रदान करेगा।

# अमृतसर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मुफ़्त वाई-फ़ाई सुविधा बहाल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

अमृतसर। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) सहित विभिन्न अधिकारियों से वर्षों की लगातार वकालत और अपील के बाद अमृतसर के श्री गुरु रामदास जी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लंबे समय से प्रतीक्षित वाई-फ़ाई सुविधा आखिरकार बहाल कर दी गई है। यह यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, खासकर उन अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए जो लंबे समय से इस आवश्यक डिजिटल सेवा की अनुपस्थिति पर निराशा व्यक्त करते रहे हैं।

अमेरिका स्थित विमानन विश्लेषक और फ्लाईअमृतसर पहल के वैश्विक संयोजक, समीप सिंह गुमटाला ने गुरूवार को बताया कि फ्लाईअमृतसर इनिशिएटिव और अमृतसर विकास मंच (एवीएम) ने मीडिया में और एएआई तथा जिला प्रशासन को सीधे ज्ञापन देकर इस मुद्दे को बार-बार उठाया है। पिछले कुछ वर्षों में दोनों संगठनों को यात्रियों से वाई-फ़ाई सेवा के बंद होने के बारे में कई शिकायतें मिली हैं, जो आज की कनेक्टेड दुनिया में एक बुनियादी ज़रूरत बन गई है।

श्री गुमटाला ने कहा, ''हवाई अड्डे पर वाई-फ़ाई बहाल करना एक लंबे समय से लंबित और बेहद ज़रूरी कदम था। हमने इस चिंता को बार-बार उठाया था क्योंकि यह यात्रियों के कनेक्टेड रहने की क्षमता को प्रभावित करता है, खासकर विदेश से आने वाले यात्रियों के लिए जिन्हें उड़ान, परिवहन या आवास संबंधी जानकारी ऑनलाइन देखनी होती है। हमें खुशी है कि आखिरकार इस समस्या का समाधान हो गया। एक बड़े अंतरराष्ट्रीय प्रवासी समुदाय की सेवा करने वाले हवाई अड्डे के लिए इस तरह के सुधार बेहद ज़रूरी हैं।'' फ्लाईअमृतसर पहल के संयोजक (भारत) और एवीएम के महासचिव योगेश कामरा ने कहा, ''हम जनता की प्रतिक्रिया पर प्रतिक्रिया देने के लिए अधिकारियों को धन्यवाद देते हैं। यह घटनाक्रम दर्शाता है कि निरंतर नागरिक भागीदारी सार्थक बदलाव ला सकती है। हम अमृतसर की उपायुक्त सुश्री साक्षी साहनी, आईएएस द्वारा निभाई गई सक्रिय भूमिका की भी सराहना करते हैं, जो हवाई अड्डे से संबंधित समन्वय बैठकों में सक्रिय रूप से शामिल रही हैं।

# बीएसएफ ने बरामद की पाकिस्तानी ड्रोन से गिराई गई हेरोइन के 15 पैकेट

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



चंडीगढ़। बीएसएफ ने पाकिस्तान की तरफ से ड्रोन द्वारा भारत-पाक सीमा पर गिराई गई हेरोइन के 15 पैकेट बरामद किए हैं। बरामद की गई करीब साढे सात किलो हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय मार्केट में कीमत करोड़ों रुपये है। बीएसएफ प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि फिरोजपुर के हुसैनी वाला बॉर्डर से सटे गांव टेंडी वाला व जल्लोके नजदीक गुजरते सतलुज दरिया के किनारे एक खेत में हेरोइन के 15 पैकेट बरामद किए गए हैं। रात को पाकिस्तानी ड्रोन हेरोइन की खेप पैकेट फेंक कर गया था। बीएसएफ को ड्रोन की मूवमेंट पता लगी थी। गुरुवार सुबह बीएसएफ और पुलिस ने संबंधित जगहों पर सर्च अभियान किया। वहां से पीली टेप में लिपटे हुए हेरोइन के 15 पैकेट पड़े मिले और एक पैकेट का वजन लगभग आधा किलो का बताया जा रहा है। बीएसएफ ने अन्य जगहों पर भी सर्च अभियान चलाया है, क्योंकि और भी हेरोइन के पैकेट मिलने की संभावना है।

## अमृतसर हवाई अड्डे से एक करोड़ का सोना बरामद

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

चंडीगढ़। कस्टम विभाग ने अमृतसर स्थित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए दो यात्रियों से 968.47 ग्राम सोना जब्त किया है। बरामद किए गए सोने की बाजार में कीमत 96 लाख 75 हजार बताई गई है। कस्टम अधिकारियों के अनुसार दोनों यात्री इंडिगो की फ्लाइट में कोलकाता से अमृतसर पहुंचे थे। एयरपोर्ट पर उन्हें संदेह के आधार पर रोककर गहन जांच की गई। दोनों ने सोना अत्यंत चालाकी से छिपाकर रखा था। अधिकारियों ने जब सोना जब्त किया, तब यात्रियों ने इसके स्त्रोत के बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी। कस्टम विभाग ने मामला दर्ज कर सोना जब्त कर लिया है और दोनों यात्रियों से पूछताछ शुरू कर दी है। अधिकारियों को संदेह है कि यह एक संगठित तस्करी रैकेट का हिस्सा हो सकता है, जो घरेलू रूट का इस्तेमाल कर तस्करी को अंजाम दे रहा था।

# धर्मनगरी में दिख रहे शिव भक्ति के अनोखे रंग हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज रही तीर्थनगरी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**


हरिद्वार। धर्मनगरी हरिद्वार इस समय शिव की भक्ति के रंग में रंगी हुई नजर आ रही है। हर ओर हर-हर महादेव व बम-बम भोले की आवाजें ही सुनायी दे रही हैं। जिसने वातावरण को भक्तिमय बना दिया है। दिल्ली-हरिद्वार हाईवे भी कांवड़ियों से पैक हो चुका है। अभी तक 70 लाख से ज्यादा कांवड़िए हरिद्वार से गंगा जल लेकर अपने गंतव्य की ओर निकल चुके हैं। कई ऐसी कांवड़ भी देखने को मिल रही है, जिनसे लोगों की नजर ही नहीं हट रही है। इस बार कुछ अनोखी कांवड़ों की बात की जाए तो उसमें अघोरी नृत्य कांवड़ सबसे ज्यादा चर्चाओं में है। कांवड़िए ने भगवा भोलेनाथ भेष में अघोरी नृत्य किया, जो काफी आकर्षित था। इसके अलावा केदारनाथ धाम जैसी भी एक



कांवड़ तैयार की गई है, जो सबका मन मोह रही है। स्वर्णमय भगवान शिव की प्रतिमा भी आकर्षण को केन्द्र रही तो महाकाली और भगवान शिव की कांवड़ ने भी सभी को अपनी ओर आकर्षित किया। वहीं अयोध्या राम मंदिर कांवड़ की भी जमकर चर्चा हो रही है। इस कांवड़ में अयोध्या के राम मंदिर को दर्शाया गया है। इसके साथ देश भक्ति की कुछ कांवड़ भी लोगों को अपनी और आकर्षित कर रही है। वहीं आदियोगी और बाहुबली हनुमान वाली कांवड़ का क्रेज भी इस बार देखने को मिल रहा है। उल्लेखनीय है कि ये सभी कांवड़ रात को जब लाइटिंग के साथ जब निकलती है, तो स्थानीय लोग इन्हें देखने के लिए सड़कों पर आते है। वहीं दूसरी ओर वृंदावन के स्वामी प्रेमानंद महाराज के स्वास्थ्य की कामना को लेकर 101 लीटर गंगाजल ले जाने वाली कांवड़ ने भी लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया। कांवड़ ले जा रहे शिव भक्त को कहना है कि उसने स्वामी प्रेमानंद महाराज के स्वास्थ्य की कामना को लेकर कांवड़ उठायी है।

## सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी पर पंजाब और हरियाणा सरकार को हाई कोर्ट का नोटिस

चंडीगढ़। पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट ने पंजाब के अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी के मामले में एक याचिका पर सुनवाई करते हुए हरियाणा व चंडीगढ़ को भी इसमें शामिल कर लिया है। हाई कोर्ट ने सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की मौजूदगी को लेकर पंजाब व हरियाणा सरकार तथा यूटी प्रशासन को नोटिस जारी करके जवाब मांगा है। हाई कोर्ट ने अपनी टिप्पणी में कहा है कि सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी गंभीर विषय है। इसे ढीला नहीं छोड़ा जा सकता। अब इस मामले की अगली सुनवाई 19 अगस्त को होगी। पंजाब, हरियाणा सरकार व यूटी प्रशासन डॉक्टरों की उपलब्धता के बारे में रिपोर्ट पेश करेंगे। मालेरकोटला के सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी के मामले पर गुरुवार को अदालत में सुनवाई हुई, जिसमें अदालत ने सीटी स्कैन और एमआरआई मशीनों की स्थिति के बारे में जानकारी मांगी। अदालत ने पूछा कि ये मशीनें निजी कंपनियों द्वारा संचालित की जा रही हैं या सरकार द्वारा और इसके संचालन का विस्तृत विवरण भी मांगा। इसके साथ ही राज्य के अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी के बारे में भी जानकारी देने का निर्देश दिया गया।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063